✶ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✶ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक




छात्रों के इंडक्शन एंड ओरिएंटेशन प्रोग्राम आगाज 2026 कार्यक्रम में भाग लेते सीएम सम्राट चौधरी


✶ रजि. नंबर : 52290/90 ✶ वर्ष : 37 ✶ अंक : 78 ✶ पृष्ठ : 12 ✶ औरंगाबाद, गुरुवार, 13 अगस्त 2026 ✶ मूल्य : 3.00 रुपये ✶ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✶ www.navbihartime.com


# रूफटॉप सोलर लगाने पर उपभोक्ताओं को मिलेगी 20 हजार रुपये तक अतिरिक्त सहायता

## कैबिनेट ने दी मंजूरी, तीन किलोवाट व उससे अधिक के प्लांट पर कुल 98 हजार रुपये तक की सहायता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**पटना।** बिहार सरकार ने स्वच्छ और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने वाले उपभोक्ताओं को केंद्र सरकार की वित्तीय सहायता के अतिरिक्त राज्य सरकार की ओर से वित्तीय सहायता देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित करने के लिए बिहार में केन्द्र सरकार की सीएफए के अतिरिक्त 10 हजार प्रति किलोवाट अधिकतम 20 हजार की राज्य सहायता दी जायेगी। इससे उपभोक्ताओं पर सोलर प्लांट लगाने का शुरुआती खर्च कम होगा और अधिक परिवारों को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। एक किलोवाट पर कुल 40 हजार रुपये की सहायता मिलेगी। इसमें केंद्र सरकार की ओर से 30 हजार और राज्य सरकार की ओर से 10 हजार रुपये शामिल हैं। वहीं दो किलोवाट पर कुल 80 हजार रुपये की सहायता मिलेगी जिसमें केंद्र के 60 हजार और राज्य के 20 हजार रुपये शामिल हैं। तीन किलोवाट एवं उससे अधिक क्षमता के रूफटॉप सोलर प्लांट पर कुल 98 हजार रुपये तक की सहायता मिलेगी। इसमें केंद्र की ओर से 78 हजार और राज्य की ओर से 20 हजार रुपये शामिल है।

### कम ब्याज दर पर बैंक लोन की सुविधा

रूफटॉप सोलर लगाने के इच्छुक उपभोक्ताओं के लिए पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना के तहत कम ब्याज दर पर बैंक ऋण की सुविधा भी उपलब्ध है। योजना के अंतर्गत तीन किलोवाट तक के सोलर सिस्टम की स्थापना के लिए बिना गारंटी के 5.75 प्रतिशत ब्याज दर पर दो लाख तक का ऋण प्राप्त किया जा सकता है। राज्य सरकार की अतिरिक्त वित्तीय सहायता और कम ब्याज दर पर उपलब्ध ऋण की सुविधा से उपभोक्ताओं के लिए सोलर प्लांट की स्थापना की प्रारंभिक लागत को वहन करना और आसान होगा।

### करीब 26 हजार घरों में लग चुका है सोलर

बिहार में रूफटॉप सोलर को बढ़ावा देने के लिए पहले से ही केंद्र की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना लागू है। योजना के तहत अब तक कंपनियों द्वारा करीब 26 हजार



उपभोक्ताओं के परिसरों पर रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। केंद्र की वित्तीय सहायता के अतिरिक्त राज्य सरकार की ओर से सहायता मिलने से योजना को और गति मिलने की उम्मीद है। राज्य सरकार का मानना है कि अतिरिक्त वित्तीय सहायता से उपभोक्ताओं की प्रारंभिक लागत कम होगी और अधिक संख्या में लोग अपने घरों की छत पर सोलर प्लांट लगाने के लिए आगे आयेंगे। इससे बिजली की जरूरत का एक हिस्सा घर पर ही सौर ऊर्जा से पूरा किया जा सकेगा।

### पांच लाख पात्र आवासीय उपभोक्ताओं तक सीमित रहेगी सहायता

प्रस्तावित राज्य वित्तीय सहायता का लाभ 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर अधिकतम पांच लाख पात्र आवासीय उपभोक्ताओं तक सीमित रहेगा। राज्य सरकार पर पड़ने वाला वास्तविक वित्तीय भार लाभान्वित उपभोक्ताओं की संख्या और स्थापित रूफटॉप सोलर क्षमता पर निर्भर करेगा। प्रस्तावित राज्य वित्तीय सहायता के तहत राज्य सरकार पर एक हजार करोड़ रुपये का वित्तीय भार पड़ने का अनुमान है।

### स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

ऊर्जा मंत्री शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल ने कहा कि बिहार सरकार का यह निर्णय स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। रूफटॉप सोलर लगाने वाले घरेलू उपभोक्ताओं को केंद्र सरकार की सहायता के अतिरिक्त राज्य सरकार की ओर से वित्तीय सहायता मिलने से सोलर प्लांट लगाने की शुरुआती लागत कम होगी। हमारा लक्ष्य है कि अधिक से अधिक परिवार सौर ऊर्जा से जुड़ें, अपनी बिजली की जरूरत स्वयं पूरा करें और बिजली खर्च में बचत का लाभ प्राप्त करें।

### मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन को मिलेगी और गति

ऊर्जा सचिव और बीएसपीएचसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक अजय यादव ने कहा कि रूफटॉप सोलर को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली अतिरिक्त वित्तीय सहायता से पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन को और गति मिलेगी। अधिकतम पांच लाख पात्र आवासीय उपभोक्ताओं को इसका लाभ दिया जाएगा। विभाग द्वारा योजना के क्रियान्वयन की लगातार समीक्षा की जा रही है, ताकि पात्र उपभोक्ताओं को समय पर सहायता का लाभ मिले और राज्य में रूफटॉप सोलर की स्थापना का लक्ष्य तेजी से पूरा हो। सरकार के इस निर्णय से बिहार में हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिलने के साथ ही घरेलू उपभोक्ताओं के बिजली खर्च में कमी आने और सौर ऊर्जा के उपयोग को व्यापक बनाने में मदद मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार पुलिस हवलदार इंस्ट्रक्टर का रिजल्ट जारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे कैंडिडेट के लिए जरूरी खबर है। बीपीएसएससी यानी बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग ने हवलदार इंस्ट्रक्टर भर्ती परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। यह भर्ती बिहार होम गार्ड के तहत हवलदार इंस्ट्रक्टर के 122 पदों पर सीधी भर्ती के लिए है। जिन कैंडिडेट ने 29 जुलाई 2026 को आयोजित परीक्षा में हिस्सा लिया था, वे अब अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं।

### एसटेट परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 17 से

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में शिक्षक बनने की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए गुड न्यूज है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा यानी एसटेट 2026 आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 17 अगस्त 2026 से शुरू होगी। बिहार बोर्ड ने एसटेट 2026 को लेकर जरूरी जानकारी जारी कर दी है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति एसटेट 2026 से जुड़ी ऑफिसियल नोटिफिकेश 14 अगस्त 2026 तक समाचार पत्रों में जारी करेगी। इसके बाद अभ्यर्थियों को परीक्षा से जुड़ी जरूरी जानकारी मिल सकेगी।

### लाइब्रेरी साइंस के युवाओं को मिलेगा रोजगार का अवसर


**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के विश्वविद्यालयों और कालेजों में लंबे समय से रिक्त पड़े लाइब्रेरियन, सहायक लाइब्रेरियन और लाइब्रेरी अटेंडेंट के पदों पर जल्द नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू होगी। राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस के अवसर पर बुधवार को बिहार विधान परिषद सभागार में आयोजित लाइब्रेरियन डे समारोह में राज्यपाल सय्यद अता हसनैन ने इस दिशा में पहल का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान में पुस्तकालय के सुचारु संचालन के लिए प्रशिक्षित और कुशल लाइब्रेरियन का होना जरूरी है। राज्यपाल ने कुलपतियों को विश्वविद्यालयों और कालेजों में स्वीकृत एवं रिक्त लाइब्रेरियन के पदों को भरने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में 11 महत्वपूर्ण एजेंडों पर लगी मुहर

# अब निजी बीएड कॉलेजों में भी होगी अन्य विषयों की पढ़ाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**पटना।** अब राज्य के निजी बीएड कॉलेजों में बीएड के अतिरिक्त अन्य विषयों की भी पढ़ाई होगी। वर्तमान में राज्यभर में संचालित एकल निजी बीएड कॉलेजों की संख्या 300 से अधिक है। इन सभी में अन्य विषयों की भी पढ़ाई शुरू होगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित मंत्रिमंडल परिषद की बैठक में इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर मुहर लगी। कैबिनेट में कुल 11 एजेंडों पर अंतिम रूप से सहमति बनी। इसमें लिए गए निर्णयों के बारे में मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के सचिव मो. सोहेल ने सूचना भवन के सभाकक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी दी। सचिव ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 और राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप राज्य मंत्रिपरिषद के स्तर से बिहार में संचालित एकल निजी शिक्षण संस्थानों को बहुविषयक डिग्री महाविद्यालयों के रूप में विकसित किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन



कॉलेजों में बीएड के साथ कला, विज्ञान, वाणिज्य तथा अन्य विषयों के स्नातक एवं कौशल आधारित पाठ्यक्रम संचालित किए जा सकेंगे। नए शैक्षणिक कार्यक्रमों का संचालन संबंधित विश्वविद्यालय, यूजीसी, एनसीटीई एवं राज्य सरकार के स्तर से निर्धारित मानकों एवं आवश्यक स्वीकृतियों के अनुरूप किया जाएगा। इस पहल से विद्यार्थियों को अपने जिले या निकटवर्ती क्षेत्र में ही उच्च शिक्षा के अधिक अवसर उपलब्ध होंगे, उच्च शिक्षा तक पहुंच होगी और इससे राज्य का सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) में वृद्धि को प्रोत्साहन मिलेगा। इसके अलावा कैबिनेट ने एक अन्य अहम मसौदे को मंजूरी दी जिसके तहत राज्य के चार नगर निगम क्षेत्रों गयाजी, भागलपुर, मुजफ्फरपुर और बिहारशरीफ में कम्प्रेस्ड बॉयोगैस प्लांट (सीबीजी) की स्थापना की जाएगी। यह इकाई जैविक कचरे को एक मूल्यवान नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत में परिवर्तित करके अपशिष्ट प्रबंधन के लिए एक स्थायी समाधान प्रदान करता है। इस योजना के तहत चुनिंदा नगर निगम क्षेत्रों में 10-10 एकड़ जमीन 25 वर्ष की लीज पर गेल, इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिन्दुस्तान पेट्रोलियम को दी जाएगी। सचिव ने कहा कि सात निश्चय-3 के निश्चय-1 दोगुना रोजगार-दोगुना आय के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2030–31 तक में युवा, रोजगार और कौशल विकास के बिहार कौशल विकास मिशन के स्तर से संशोधन के साथ कुशल युवा कार्यक्रम को अगले पांच वर्षों (वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2030-31) तक विस्तारित (शेष पृष्ठ 11 पर)

# संसद में चर्चा नहीं हंगामा करना है विपक्ष का उद्देश्य : अमित शाह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज स्पष्ट कर दिया कि मोदी सरकार संसद में हर प्रकार की चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि मैं संसद में किसी भी सवाल का जवाब देने के लिए तैयार हूं मगर विपक्ष चर्चा ही नहीं होने देना चाहता। श्री शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और एनडीए की मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार हर विषय पर चर्चा के लिए तैयार है, विपक्ष बस संसद चलने दे। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मैं स्वयं सदन में बैठूंगा, सबको सुनूंगा, हर बात लिखूंगा और एक-एक सवाल का जवाब दूंगा। उन्होंने कहा कि सरकार के पास छुपाने के लिए कुछ नहीं है। चर्चा होने से देश की जनता के सामने सारी बातें स्पष्ट हो जाएंगी-दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। श्री शाह ने कहा कि जब से संसद सत्र शुरू हुआ है, वे लगातार संसद आ रहे हैं, मगर विपक्ष दोनों सदनों में संसद को चलने ही नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि सरकार हर प्रकार की चर्चा के लिए तैयार है, चर्चा के लिए समय सुनिश्चित किया जाए और विपक्ष तैयार हो जाए। विपक्ष पहले यही मांग कर रहा था, सरकार ने हां बोल दिया है। श्री शाह ने कहा कि अब विपक्ष को तय करना है कि उसे चर्चा करनी है या हंगामा और जनता तय करेगी कि कौन चर्चा करना चाह रहा है और कौन भाग रहा है।

# नीतीश कुमार ने पार्टी सांसदों के साथ की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली/पटना।** जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने अपनी पार्टी के सांसदों के साथ दिल्ली में बैठक ली। नीतीश कुमार ने सांसदों के साथ बिहार के विकास, जनहित से जुड़े विषयों एवं समसामयिक राजनीतिक मुद्दों पर महत्वपूर्ण चर्चा की। खबर है कि इस दौरान उन्होंने अपने सांसदों के साथ वन-टू-वन चर्चा की। नई दिल्ली में नीतीश कुमार ने सांसदों के साथ प्रदेश से जुड़े विकास और जनहित के मुद्दों को मजबूती से सदन के पटल पर उठाने के निर्देश के साथ चर्चा की। साथ ही जदयू सांसदों से बिहार के हितों और जनसरोकार से जुड़े मुद्दों को दोनों सदनों में प्रभावी ढंग से उठाने तथा जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। नीतीश कुमार के साथ बैठक में जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य संजय कुमार झा,



सांसद दिलेश्वर कामत, देवेश चंद्र ठाकुर, कौशलेंद्र कुमार, डॉ आलोक सुमन, सुनील कुमार, श्रीमती विजयलक्ष्मी देवी, रामप्रीत मंडल के साथ ही विधान परिषद् में पार्टी के उप नेता सह पार्टी कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ मौजूद थे। राज्यसभा के सांसद बनने के बाद नीतीश कुमार राज्यसभा की कार्यवाही में भाग लेने के लिए इन दिनों दिल्ली में हैं। हालांकि आज की बैठक में कुछ सांसद मौजूद नहीं थे जिसमें सांसद लवली आनंद भी नजर नहीं आयीं। लवली आनंद के बैठक में न पहुंचने पर भी राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज है।

# पंचायतों के परिसीमन के लिए तीन करोड़ जारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में 2011 की जनसंख्या के आधार पर पंचायत चुनाव से पहले परिसीमन किया जाएगा। ऐसे में इस साल अब पंचायत चुनाव नहीं होगा। मौजूदा पंचायती राज संस्थाओं का कार्यकाल नवंबर-दिसंबर 2026 में खत्म हो रहा है। राज्य में पिछली बार पंचायत चुनाव 2021 में हुए थे। 2021 का पंचायत चुनाव सितंबर से दिसंबर के बीच कराया गया था। उस चुनाव में ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद समेत पंचायतों के अलग-अलग पदों के लिए मतदान हुआ था लेकिन परिसीमन, आरक्षण, वोटर लिस्ट और मतदान केंद्र तय करने में लगने वाले समय को देखते हुए इस साल होने वाला पंचायत चुनाव टल गया है। अब पंचायत चुनाव 2027 में होगा। परिसीमन के लिए सरकार ने कमर कस ली है और तीन करोड़ की राशि भी जारी कर दी है। सरकार ने परिसीमन के बाद चुनाव कराने का फैसला लिया है। परिसीमन में कम से कम छह महीना समय जरूर लगेगा। पंचायत चुनाव में 2011 की जनगणना के आंकड़ों को आधार बनाया जाएगा। आबादी के हिसाब से पंचायतों और वार्डों का गठन किया जाएगा। यानी किस पंचायत में कितनी आबादी है, इसके आधार पर उसके क्षेत्र और वार्डों की संख्या तय की जा सकती है। इस परिसीमन के बाद कई पंचायतों की सीमाएं बदल जाएगी।

# भवेसा धार में नहाने गए तीन बच्चों की डूबने से मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पूर्णिया।** जिले के धमदाहा थाना क्षेत्र के चंदरही बहियार में बुधवार दोपहर एक हृदय विदारक घटना सामने आई। भवेसा धार (नदी) में नहाने गए तीन नाबालिग बच्चों की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान ठाढ़ी राजो पंचायत के वार्ड नंबर 09 स्थित शंकर चौक महादलित टोला निवासी मिठानी कुमार (15), पिता ब्रह्मदेव ऋषि, राहुल कुमार (14), पिता अजय ऋषि और हैप्पी कुमार (12), पिता बबलू ऋषि के रूप में हुई है। तीनों बच्चे आपस में गहरे दोस्त थे। एक साथ तीन मासूमों की मौत की खबर फैलते ही पूरे गांव में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों के अनुसार चंदरही ईंट भट्ठे के सामने स्थित भवेसा धार में बुधवार दोपहर करीब दो बजे तीनों बच्चे एक साथ नहाने गए थे। नहाने के दौरान पानी की गहराई और तेज बहाव का अंदाजा नहीं लगने के कारण तीनों एक-एक कर गहरे पानी में समा गए। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद तीनों बच्चों को पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही धमदाहा के अनुमंडल पदाधिकारी अनुपम और थानाध्यक्ष रविशंकर कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।






# बिहार में 598 नए शहरी स्वास्थ्य केंद्रों को मंजूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के शहरी इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी बड़ी खबर है। खासकर स्लम और आर्थिक रूप से कमजोर आबादी को अब इलाज के लिए दूर जाने की जरूरत कम होगी। केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बिहार में 598 नए शहरी स्वास्थ्य केंद्रों के संचालन को मंजूरी दी है। इनमें 164 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (यूपीएचसी) और 434 शहरी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (यूएचडब्लूसी) शामिल हैं। इन केंद्रों पर मरीजों को ओपीडी में इलाज के लिए सिर्फ दो रुपये का पर्चा यानी सुविधा शुल्क देना होगा जबकि स्वास्थ्य सेवाएं और दवाएं मुफ्त उपलब्ध कराई जायेगी। इन स्वास्थ्य केंद्रों पर दो में ओपीडी की सुविधा मिलेगी। यानी मरीज डॉक्टर से परामर्श लेकर प्राथमिक स्तर पर अपनी बीमारी का इलाज करा सकेंगे। इसके लिए अलग से सामान्य इलाज की फीस नहीं देनी होगी। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक इन केंद्रों पर कुल 12 तरह की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इनमें सामान्य ओपीडी, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, नियमित टीकाकरण, परिवार नियोजन से जुड़ी सेवाएं और स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्रमुख हैं। इसके साथ ही वायरल और गैर-वायरल बीमारियों की जांच और शुरुआती स्तर पर उपचार की सुविधा भी मिलेगी। नई व्यवस्था की सबसे बड़ी खासियत यह होगी कि मरीजों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए जांच और दवाओं पर अलग से खर्च नहीं करना पड़ेगा। स्वास्थ्य केंद्रों पर आवश्यक जांच की सुविधा और मुफ्त दवा वितरण का प्रावधान किया गया है। इससे सामान्य बीमारी के इलाज के लिए निजी क्लीनिक या महंगे अस्पतालों पर निर्भरता कम करने में मदद मिल सकती है। स्लम बस्तियों और जरूरतमंद आबादी तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाने का भी प्रावधान है। दूरस्थ स्वास्थ्य शिविर और आयुष्मान आरोग्य शिविर के जरिए लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की योजना है। यूपीएचसी में ओपीडी का समय सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक रखा गया है जबकि शहरी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होंगे। इससे शहरी क्षेत्रों में कामकाजी लोगों और मजदूर वर्ग को भी इलाज के लिए समय मिल सकेगा। पटना में भी इस योजना का विस्तार किया जा रहा है। पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त पहल के तहत संचालित 11 जन सेवा केंद्रों को भी शहरी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के रूप में चलाने की मंजूरी मिली है। इसके अलावा शहरी निकाय क्षेत्र में आने वाले 19 राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों और 14 राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों में भी वेलनेस सेंटर के संचालन को स्वीकृति मिली है। नगर विकास मंत्री नीतीश मिश्रा ने बताया कि इस पहल का मुख्य फोकस शहरी क्षेत्रों की उन आबादियों पर है जहां स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच अभी सीमित है। खासकर स्लम बस्तियों और कम आय वाले परिवारों के लिए नजदीक में सरकारी स्वास्थ्य केंद्र उपलब्ध होने से प्राथमिक इलाज आसान हो सकता है। नए केंद्रों के जरिए इलाज, जांच, दवा, टीकाकरण और मातृ-शिशु स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सेवाओं को एक ही जगह उपलब्ध कराने की कोशिश की जा रही है। घनी आबादी में लोगों को बेसिक इलाज के लिए दूर न जाना पड़े इसकी कोशिश है।

# कांवरिया पथ पर 24 घंटे पेयजल, शौचालय और स्वच्छता की व्यवस्था : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** श्रावणी मेला में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं और कांवरियों की सुविधा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ने कांवड़िया पथ पर व्यापक तैयारियां की हैं। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के मंत्री संजय कुमार सिंह ने बताया कि मुंगेर, भागलपुर और बांका जिले में सुल्तानगंज स्थित नमामि गंगे घाट से झारखंड सीमा के दुम्मा तक पूरे कांवरिया पथ पर पेयजल और स्वच्छता की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। भागलपुर, मुंगेर और बांका में कांवड़िया पथ पर करीब 1000 बेड क्षमता वाले टेंट सिटी बनाए गए हैं। इनमें शौचालय, यूरिनल, स्नानागार, गर्म पानी तथा श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित आवश्यक नागरिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। साफ-सफाई और रखरखाव के लिए विभागीय टीमें लगातार कार्यरत हैं।

संजय कुमार सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जल टैंकर, वाटर एटीएम, आरओ-यूवी आधारित वाटर चिलर और चापाकल की व्यवस्था की गई है। विभिन्न स्थानों पर फिल्टरयुक्त और निःशुल्क पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। गर्मी और उमस से राहत के लिए शीतल जल की फुहार, मिस्ट स्प्रिंकलर और ओवरहेड स्प्रिंकलर की भी व्यवस्था की गई है।

उन्होंने बताया कि मेला अवधि में पेयजल एवं स्वच्छता सुविधाओं के निर्बाध संचालन के लिए 24 घंटे समर्पित टीमें तैनात हैं। सुल्तानगंज से झारखंड सीमा तक सहायक अभियंताओं की विशेष प्रतिनियुक्ति की गई है जो नियमित निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई कर रहे हैं।

सुविधाओं की सतत निगरानी और शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए नियंत्रण कक्ष भी संचालित है। संजय कुमार सिंह ने कहा कि प्रत्येक श्रद्धालु को स्वच्छ, सुरक्षित और सुगम यात्रा का अनुभव मिले, यह विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विभाग की टीमें पूरे कांवड़िया पथ पर 24 घंटे तत्परता से कार्य कर रही है।

## सरकार चीनी मिलों के लिए अविलंब जमीन उपलब्ध कराएगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य की चीनी मिलों के लिए सरकार अविलंब जमीन उपलब्ध कराएगी। बुधवार को राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल और गन्ना उद्योग मंत्री संजय पासवान के बीच हुई बैठक में इस पर सहमति बनी। तय हुआ कि चीनी मिलों के सुचारू प्रबंधन एवं संचालन में किसी तरह की बाधा न आए, इसके लिए सरकार अब मिलों से जुड़े लंबित न्यायालयी मामलों की गहन समीक्षा करेगी। समीक्षा के दौरान पूर्वी चंपारण स्थित बारा चकिया चीनी मिल की संपूर्ण परिसंपत्ति से संबंधित मामले पर चर्चा की गई। इसमें कुल 1,008 एकड़ भूमि शामिल है जिसमें बेतिया राज की भूमि भी सम्मिलित है। इसी प्रकार मोतिहारी स्थित मेसर्स हनुमान शुगर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड की चीनी मिल से संबंधित भूमि मामले की भी समीक्षा की गई। इसमें 13 बीघा 6 कट्ठा 13 धूर फ्रीहोल्ड भूमि तथा बेतिया राज की 24 बीघा 15 कट्ठा 2 धूर लीज होल्ड भूमि शामिल है।

# सहकारिता विभाग तथा डेयरी, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के बीच बनी सहमति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** मत्स्यजीवी सहकारी समितियों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव तथा डेयरी, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के मंत्री नन्दकिशोर राम की अध्यक्षता में मत्स्यपालक समूह के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मत्स्यजीवियों के लिए सहकारी संघ एवं परिसंघ के गठन पर सार्थक चर्चा की गयी। विदित है कि वर्तमान में प्रखंड स्तर पर प्राथमिक मत्स्यजीवी सहकारी समितियां पहले से गठित हैं, लेकिन इनसे जुड़ी संबद्ध समितियां नहीं हैं। बैठक में दोनों विभागों के बीच सहमति बनने के बाद सहकारिता विभाग द्वारा राज्य मंत्रिपरिषद् के अनुमोदन के लिए प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। इसके अनुसार प्रखंड स्तर की प्राथमिक मत्स्यजीवी सहकारी समितियों को सदस्य के रूप में शामिल करते हुए जिला एवं प्रमंडल स्तर पर मत्स्यजीवी सहकारी संघों का गठन किया जाएगा। इसके साथ ही सभी मत्स्यजीवी सहकारी संघों को राज्य स्तरीय मत्स्यजीवी सहकारी परिसंघ से जोड़ा जाएगा। संघ एवं परिसंघ के गठन से राज्य की सहकारी मत्स्यजीवी संरचना, कार्य प्रणाली, मत्स्य पालन एवं जलीय कृषि संसाधनों के विकास और प्रभावी प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, समितियों को उन्नत इनपुट ससमय उपलब्ध होगा एवं मार्केटिंग तथा प्रोसेसिंग की व्यवस्था मजबूत की जा सकेगी। मत्स्यजीवी सहकारी संघ एवं परिसंघ का मुख्य उद्देश्य मत्स्यपालन एवं इससे जुड़ी गतिविधियों तथा अन्य जलीय उत्पादों के उत्पादन को बढ़ावा देना है। संघ एवं परिसंघ सहकारिता के आधार पर उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु स्वयं अथवा सदस्य प्राथमिक समितियों/संघों के सहयोग से संवर्द्धन का कार्य करेगी। इनके द्वारा मत्स्य पालन हेतु उच्च गुणवत्ता के इनपुट, मत्स्य बीज, मत्स्य आहार, दवा इत्यादि की भी व्यवस्था की जायेगी। बैठक में दोनों विभागों के मंत्रियों सहित सहकारिता विभाग के सचिव धर्मेन्द्र सिंह, डेयरी, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के सचिव शीर्षत कपिल अशोक, निदेशक (मत्स्य) तुषार सिंगला तथा मत्स्यजीवी समूहों के प्रतिनिधि शामिल रहे।

# बिहार और तेलंगाना के बीच कृषि क्षेत्र में सहयोग को नई गति देने पर बनी सहमति

### किसानों के प्रशिक्षण के आदान-प्रदान से दोनों राज्यों को मिलेगा लाभ : विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हैदराबाद/पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने आज तेलंगाना सचिवालय, हैदराबाद में तेलंगाना के कृषि मंत्री थुम्मला नागेश्वर राव से मुलाकात की। इस अवसर पर बिहार एवं तेलंगाना के बीच कृषि क्षेत्र में आपसी सहयोग को और मजबूत करने, आधुनिक तकनीक एवं नवाचारों के आदान-प्रदान, किसानों के प्रशिक्षण तथा दोनों राज्यों में किये जा रहे सफल कृषि प्रयोगों को साझा करने को लेकर विस्तृत एवं महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में बिहार एवं तेलंगाना के कृषि विभाग के प्रधान सचिव, निदेशक एवं अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री ने कहा कि बिहार और तेलंगाना दोनों ही कृषि के क्षेत्र में अपनी अलग-अलग विशेषताओं, अनुभवों और सफल प्रयोगों के लिए महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। बैठक का उद्देश्य दोनों राज्यों की कृषि व्यवस्था में उपलब्ध अनुभवों, तकनीकी ज्ञान और सफल मॉडलों को एक-दूसरे के साथ साझा करना तथा किसानों के हित में उनका उपयोग सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि किसानों के बीच प्रत्यक्ष अनुभव एवं ज्ञान का आदान-प्रदान कृषि क्षेत्र के विकास के लिए अत्यंत उपयोगी है। दोनों राज्यों के किसानों को एक-दूसरे के राज्य में प्रशिक्षण एवं अध्ययन भ्रमण का अवसर दिया जाना चाहिए, ताकि वे नई तकनीकों एवं उन्नत कृषि पद्धतियों की जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ सफल कृषि मॉडलों को नजदीक से देखकर उनके व्यावहारिक पहलुओं को समझ सकें। इससे किसानों को अपने-अपने राज्य की स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप बेहतर कृषि पद्धतियों को अपनाने में सहायता मिलेगी।

# राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में 17 तक निकलेगी तिरंगा यात्रा : शिक्षा मंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने केंद्र सरकार के 'हर घर तिरंगा- 2026- महोत्सव' के देशव्यापी अभियान के तहत राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में 17 अगस्त तक तिरंगा यात्रा आयोजित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारियों, क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशकों समेत सभी शिक्षा अधिकारियों को अपने-अपने जिलों और प्रखंडों के विद्यालयों में तिरंगा यात्रा का आयोजन सुनिश्चित करने को कहा है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि यात्रा से पढ़ाई बाधित न हो, इसका भी ध्यान रखना है। शिक्षा मंत्री ने निर्देश दिया है कि तिरंगा यात्रा में विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ-साथ अभिभावकों की भी अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आजादी के पर्व को पूरे जोश, उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जाना चाहिए। श्री तिवारी ने कहा कि देश की आजादी सीमाओं की रक्षा से सुरक्षित रहती है, लेकिन आजादी की ताकत शिक्षित नागरिकों से बढ़ती है। इसलिए स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और जिम्मेदार नागरिक होने की भावना को और मजबूत करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाए। उन्होंने शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया कि तिरंगा यात्रा सहित स्वतंत्रता दिवस से जुड़े सभी कार्यक्रमों में विद्यालय परिवार और स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें, ताकि आजादी का पर्व जनभागीदारी के साथ पूरे उत्साह से मनाया जा सके।

## विवि को जेन-जी की बदलती सोच को समझना होगा : राज्यपाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्यपाल सह कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्वृत) सैय्यद अता हसनैन ने कहा है कि विश्वविद्यालयों को जेन-जी की बदलती सोच और आकांक्षाओं को समझना होगा। विद्यार्थियों के साथ संवाद के जरिए उनकी समस्याओं और अपेक्षाओं को समझने तथा उनके लिए सकारात्मक माहौल बनाने पर गंभीरता से काम करना होगा। राज्यपाल बुधवार को लोक भवन में राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बिहार में उच्च शिक्षा की व्यवस्था में बेहतर बदलाव आ रहे हैं। व्यवस्था में बड़े बदलाव की नहीं, बल्कि समय-समय पर जरूरी सुधार और बेहतर समन्वय की जरूरत है।

# राम कृष्ण द्वारिका कॉलेज में 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राम कृष्ण द्वारिका कॉलेज, लोहिया नगर, कंकड़बाग, पटना में आज 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता एवं तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना रहा। प्रधानाचार्या प्रो. सीता सिन्हा ने विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगा केवल राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता, त्याग और गौरव का प्रतीक है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से 'हर घर तिरंगा' अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. कृष्ण कांत राय तथा एनसीसी प्रमुख डॉ. आशीष कुमार, अन्य शिक्षक प्रो. शैलजा सिन्हा, डा. जगन्नाथ प्रसाद, डा. प्रशांत कुमार, डा. सुबोध चौधरी की भी उपस्थिति रही। विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लेकर राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया तथा लोगों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया।

# बैंक ऑफ बड़ौदा की जगनपुरा शाखा, पटना का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बैंक ऑफ बड़ौदा की जगनपुरा शाखा, पटना का शुभारंभ किया गया। शाखा का उद्घाटन सुब्रत कुमार स्वाईं (महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख, पटना अंचल) द्वारा किया गया। इस अवसर पर नलिन कुमार (क्षेत्रीय प्रमुख एवं उप महाप्रबंधक, पटना क्षेत्र), सुरेश कुमार (उप क्षेत्रीय प्रमुख एवं सहायक महाप्रबंधक, पटना क्षेत्र) सहित बैंक के अन्य स्टाफ सदस्य तथा बड़ी संख्या में ग्राहकगण उपस्थित रहे।

इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अंचल प्रमुख ने बैंक ऑफ बड़ौदा पटना अंचल की 351वीं एवं पटना क्षेत्र की 63वीं शाखा को ग्राहकों को समर्पित किया एवं उन्हें आश्वस्त किया कि बैंक इस शाखा के माध्यम से ग्राहकों को उनकी जरूरतों के अनुसार बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराएगा। उन्होंने उपस्थित जन समुदाय से अनुरोध किया है कि वे बैंक से जुड़कर अपनी वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करें। उन्होंने यह भी कहा कि शाखा में हर स्तर पर उत्कृष्ट ग्राहक सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। शुभारंभ के साथ ही बड़ी संख्या में ग्राहकों ने अपने खाते खोले तथा बैंक द्वारा दी जा रही सेवाओं के प्रति संतोष व्यक्त किया।

# हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत प्रभातफेरी का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत दानापुर रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार के नेतृत्व में प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर देशभर में देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को और मजबूत करने के उद्देश्य से 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत नागरिकों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान, गौरव और देशभक्ति की भावना को प्रबल करना है। अभियान के तहत लोगों से अपील की गई है कि वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों, कार्यालयों एवं प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराएं और इसकी गरिमा एवं सम्मान का पूरा ध्यान रखें। दानापुर मंडल की ओर से सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों से 'हर घर तिरंगा' अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लेने तथा अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की गई है। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देशभक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

# देश भक्ति धुनों से गूंज उठा पटना जंक्शन रेलवे परिसर

### रेलवे सुरक्षा बल बैंड की टीम ने दी राष्ट्रभक्ति धुनों की मनमोहक प्रस्तुति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह-2026 के उपलक्ष्य में रेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा देशभर के प्रमुख स्थलों पर रेलवे सुरक्षा बल के बैंड दल द्वारा राष्ट्रभक्ति एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत धुनों की प्रस्तुति किए जाने की कड़ी में पटना जंक्शन रेलवे स्टेशन परिसर में सायं काल में भव्य बैंड प्रस्तुति का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रेलवे सुरक्षा बल, हाजीपुर की बैंड टीम ने देशभक्ति की विभिन्न मधुर एवं जोशीली धुनों की शानदार प्रस्तुति देकर वातावरण को राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत कर दिया। बैंड की सुमधुर धुनों ने उपस्थित लोगों में राष्ट्रीय गौरव, एकता और देश के प्रति समर्पण की भावना को और प्रबल किया। कार्यक्रम के दौरान रेल यात्रियों, कर्मचारियों सहित उपस्थित जनसमूह ने रेलवे सुरक्षा बल के बैंड दल की अनुशासित एवं आकर्षक प्रस्तुति की सराहना की। देशभक्ति की धुनों के बीच पूरा पटना जंक्शन रेलवे स्टेशन परिसर राष्ट्रप्रेम के भाव से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नागरिकों में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं राष्ट्र के प्रति गौरव की भावना को व्यापक रूप से प्रसारित करना है। रेल मंत्रालय के मार्गदर्शन में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा आयोजित इस पहल के माध्यम से भारतीय रेल की राष्ट्र सेवा, सामाजिक दायित्व तथा देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का सार्थक प्रयास किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए रेलवे सुरक्षा बल, हाजीपुर की बैंड टीम के सदस्यों ने समर्पण एवं अनुशासन के साथ अपनी भूमिका निभाई।

# भविष्य के नेतृत्व के लिए तकनीकी कौशल जरूरी

### कॉलेज ऑफ कॉमर्स, आर्ट्स एंड साइंस में रोबोटिक्स और त्रि-आयामी मुद्रण पर विशेष व्याख्यान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** कॉलेज ऑफ कॉमर्स, आर्ट्स एंड साइंस, पटना के नवाचार एवं उद्भवन केंद्र तथा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को 'भविष्य के कौशल, भविष्य के नेतृत्व : रोबोटिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं त्रि-आयामी मुद्रण की क्रांति' विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता पटना स्थित अंकुरम रोबो प्राइवेट लिमिटेड की डॉ. साधना झा ने विद्यार्थियों को रोबोटिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और त्रि-आयामी मुद्रण के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि तकनीकी बदलाव बहुत तेजी से हो रहे हैं। ऐसे में विद्यार्थियों के लिए केवल पारंपरिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है। उन्हें कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स, स्वचालन, त्रि-आयामी मुद्रण, डिजिटल तकनीक, समस्या समाधान और नवाचार जैसे भविष्य केंद्रित कौशल विकसित करने होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते ही हुए आईक्यूएसी के समन्वयक प्रो. संतोष कुमार ने कहा कि उच्च शिक्षा संस्थानों की जिम्मेदारी केवल विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम आधारित शिक्षा देना नहीं है, बल्कि उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना भी है। उन्होंने नवाचार एवं उद्भवन केंद्र की ओर से इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन की सराहना की और विद्यार्थियों को नवाचार तथा उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। नवाचार एवं उद्भवन केंद्र के समन्वयक डॉ. विकास कुमार, बीसीए एवं बीएससी-आईटी के समन्वयक डॉ. अयन मुखर्जी और डॉ. शंभू शरण की भी कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का समापन डॉ. विद्या यादव के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

## एमएड में नामांकन के लिए 22 तक लिये जाएंगे ऑनलाइन आवेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** अभ्यर्थी आज 13 से 22 अगस्त तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से परीक्षा प्रपत्र भर सकेंगे। विवि की ओर से जारी सूचना में स्पष्ट किया गया है कि अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रपत्र विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरना होगा। इसके लिए अभ्यर्थियों को निर्धारित अवधि के अंदर आवेदन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। आवेदन की अंतिम तिथि 22 अगस्त निर्धारित की गई है। शैक्षणिक योग्यता एमएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी के पास मान्यता प्राप्त संस्थान से बीएड अथवा समकक्ष शिक्षक शिक्षा की डिग्री होना आवश्यक है। सामान्यतः प्रवेश के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक की शैक्षणिक योग्यता निर्धारित है।

# संघर्ष के बाद कुशल युवा प्रोग्राम के विस्तार को मिली बड़ी मंजूरी, डॉ. आनंद रंजन झा ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जन्दाहा (वैशाली)।** बिहार के युवाओं के कौशल विकास और रोजगार के क्षेत्र में लंबे संघर्ष के बाद एक बड़ी सफलता सामने आई है। बिहार सरकार के युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग ने कुशल युवा कार्यक्रम को वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक अगले पांच वर्षों के लिए विस्तारित करने की स्वीकृति दी है। इसके तहत आधुनिक एवं रोजगारपरक नए तकनीकी क्षेत्रों को भी के.वाई.पी से जोड़ा जाएगा। इस महत्वपूर्ण निर्णय पर के.वाई.पी वेलफेयर सोसाइटी वैशाली के अध्यक्ष डॉ. आनंद रंजन झा ने बिहार के सभी के.वाई.पी संचालकों, प्रशिक्षकों, युवाओं एवं उनके परिवारों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि यह सफलता किसी एक व्यक्ति की जीत नहीं, बल्कि बिहार के हजारों के.वाई.पी केंद्र संचालकों, प्रशिक्षकों और लाखों युवाओं के सामूहिक संघर्ष और प्रयासों की सफलता है। उन्होंने कहा 'यह लड़ाई किसी व्यक्ति के लिए नहीं थी, यह बिहार के एक-एक परिवार के युवाओं के बेहतर भविष्य, कौशल और रोजगार के अधिकार के लिए थी।' सरकार की स्वीकृति के अनुसार के.वाई.पी के माध्यम से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल क्षेत्र, सोलर, ड्रोन टेक्नोलॉजी, नेटवर्किंग, होम नर्सिंग, मल्टी-स्किल वर्कर, लैब टेक्नीशियन, ब्यूटी एवं वेलनेस, बेकरी, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, डिजिटल मार्केटिंग, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं, टैली, विदेशी भाषा एवं उद्यमिता जैसे रोजगारपरक क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिए जाने की योजना है। डॉ. झा ने कहा कि इस विस्तार से बिहार के युवाओं को नई तकनीकों के अनुरूप कौशल प्राप्त करने और रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर हासिल करने में मदद मिलेगी। उन्होंने इस निर्णय के लिए बिहार सरकार, युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग तथा बिहार कौशल विकास मिशन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# श्रम मंत्री से इएसआइसी क्षेत्रीय निदेशक की समीक्षा बैठक

### राज्य में चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ करने पर हुई विस्तृत चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, बिहार के क्षेत्रीय निदेशक 'सीए निरंजन कुमार' ने श्रम संसाधन मंत्री अरुण शंकर प्रसाद से उनके कार्यालय कक्ष में समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर मंत्री ने अपर मुख्य सचिव के सेंथिल एवं श्रमयुक्त बिहार राजेश कुमार की उपस्थिति में क्षेत्रीय निदेशक के साथ योजना व राज्य में संचालित ईएसआईसी के कार्यो की समीक्षा किया। सोसाइटी की तरफ से निदेशक चिकित्सा सेवा कुमारी शिशिर भारती मौजूद रहे। क्षेत्रीय निदेशक ने ईएसआईसी के वर्तमान इंफ्रास्ट्रक्चर तथा उनकी भूमिका व कार्यप्रणाली से विस्तार से अवगत कराते हुए बताया कि यह योजना किस प्रकार राज्य के बीमितों के लिए सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने का कार्य करती है। बैठक के दौरान मुख्य रूप से राज्य में मौजूद औषधालयों (डिस्पेंसरीज) की उत्पादकता बढ़ाने हेतु अपर मुख्य सचिव द्वारा इसे संविदा अथवा पी.पी.पी. मॉडल पर चलाने तथा श्रमिकों के हित में चिकित्सा सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने और बीमितों की संख्या बढ़ाने को लेकर व्यापक चर्चा की गई।

# सहकारिता से मिलेगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती

### नई नीति से विकसित होंगे रोजगार के बेहतर अवसर : रामकृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** सरकार के सात निश्चय-3 के तहत 'समृद्ध उद्योग-सशक्त बिहार' की परिकल्पना अंतर्गत राज्य में बंद चीनी मिलों को पुनः परिचालित करने के संकल्प को पूरा करने के लिए राज्य सरकार बड़े कदम उठा रही है। इसके तहत मधुबनी के सकरी में पूर्व से बंद पड़े चीनी मिल की भूमि पर नये सहकारी चीनी मिल तथा दरभंगा के रैयाम में आदर्श शुगर कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया जाना है। इन्हें इंडिया पोटाश लिमिटेड के माध्यम से स्थापित एवं संचालित किया जाएगा। चीनी मिल के साथ वहां पर पावर जनरेशन प्लांट, डिस्टलरी और कंप्रेस्ड बायोगैस संयंत्र की भी स्थापना की जाएगी। ये बातें सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने बुधवार को सूचना भवन के संवाद कक्ष में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहीं। उन्होंने कहा कि गन्ना उत्पादक किसानों को शामिल करके सहकारी चीनी मिल समिति का गठन किया जा रहा है। एक पारदर्शी व्यवस्था के तहत पोर्टल तैयार करके किसानों को आमंत्रित किया गया है। अभी तक इसके लिए 10,000 से 15,000 किसानों ने आवेदन किए हैं। सहकारिता विभाग की कोशिश ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है, इसके लिए तेजी से काम किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार में सहकारिता आंदोलन को सुदृढ़, आधुनिक और नवाचार आधारित बनाने के लिए बिहार राज्य सहकारिता नीति, 2026 लागू की गई है। इसके जरिए विकसित बिहार के निर्माण में सहकारिता की प्रभावी एवं व्यापक भूमिका सुनिश्चित की जा रही है। इस नीति से राज्य में सहकारिता के क्षेत्र में क्रांति आएगी और इसका तेजी से विकास होगा।

## युवाओं की रचनात्मक प्रतिभा से सजा टीपीएस कॉलेज



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारत सरकार के 'माई भारत' अभियान के अंतर्गत 'नया युग-विकसित भारत' विषय पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन टी.पी.एस. कॉलेज, पटना में किया गया जिसका उद्देश्य युवाओं में राष्ट्र निर्माण, विकसित भारत की संकल्पना तथा सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। प्राचार्य प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी निर्णायक है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी प्रतिभा और रचनात्मक ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में माई भारत की जिला युवा अधिकारी निशा कुमारी की विशेष उपस्थिति रही।

# जिलाधिकारी ने किया अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण

## पदाधिकारियों को ससमय कार्यालय पहुंच अपने दायित्वों का निर्वहन करने का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी (रोहतास)।** जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा द्वारा आज प्रखंड सह अंचल कार्यालय, चेनारी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पदाधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति पंजी की जांच करते हुए कार्यालयीन कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को ससमय कार्यालय पहुंचकर पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया, ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने म्यूटेशन, परिमार्जन, ई-मापी, भूमि अभिलेखों के अद्यतन, ऑनलाइन आवेदनों के निष्पादन तथा निवास, आय एवं जाति प्रमाण-पत्र से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सभी लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि दाखिल-खारिज, परिमार्जन एवं ई-मापी जैसे राजस्व मामलों में अनावश्यक विलंब से लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसलिए प्रत्येक आवेदन का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। जिला पदाधिकारी ने प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय, चेनारी में आए ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानी और संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित निष्पादन का निर्देश दिए। इस दौरान हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला पदाधिकारी ने जिलेवासियों से अपील की कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक लोग अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराएं तथा 'हर घर तिरंगा' अभियान को जनभागीदारी का व्यापक स्वरूप प्रदान करें।



### अनुरिका हत्या कांड मामले में आजीवन कारावास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** धौडांड़ थाना क्षेत्र में सरसों के खेत में अज्ञात महिला की हत्या कर शव छिपाने के मामले में सासाराम न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास और 30 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय रोहतास द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 10 फरवरी 2025 को सुबह करीब 4 बजे ग्राम-पिनकटनपुर, एन एच-02 पर स्थित पेट्रोल पंप के पास सरसों के खेत में एक महिला का शव मिलने की सूचना मिली थी। सूचना पर धौडांड़ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव बरामद किया और शव परीक्षण के बाद थाना कांड संख्या 13/2025 दर्ज कर जांच शुरू की। वैज्ञानिक और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने 12 फरवरी 2025 को झारखंड के गुमला जिले के धाधा थाना क्षेत्र निवासी सोनू कुमार, 30 वर्ष, पिता शिव प्रसाद साह को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने हत्या की बात स्वीकार की और शव छिपाने की जगह भी बताई। मृतका की पहचान 24 वर्षीय अनुरिका कुमारी, पिता प्रकाश यादव, निवासी सीता-कोटकेतिया, थाना-बिशुनपुर, जिला-गुमला के रूप में हुई। आरोपी को 13 फरवरी 2025 को न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। मामले की सुनवाई के बाद 11 अगस्त 2026 को सासाराम न्यायालय ने सोनू कुमार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

# डीएम के नेतृत्व में तिलौथू के हुरका पंचायत में निकाली गयी तिरंगा यात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत बुधवार को रोहतास जिले के सभी प्रखंडों में भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इसी क्रम में तिलौथू प्रखंड के हुरका पंचायत में जिला पदाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार की अगुवाई में तिरंगा रैली निकाली गई। तिरंगा रैली में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, प्रशासनिक पदाधिकारियों, कर्मियों तथा सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ग्रामीणों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति एवं राष्ट्रप्रेम के नारे लगाए तथा आम लोगों को 'हर घर तिरंगा' अभियान से जुड़ने का संदेश दिया। स्थानीय महिलाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने रैली को विशेष रूप से प्रभावी बनाया। बड़ी संख्या में महिलाओं ने हाथों में तिरंगा लेकर रैली में शामिल होकर राष्ट्रभक्ति की भावना का परिचय दिया। रैली के दौरान राष्ट्रध्वज और देशभक्ति के नारों से पूरा मार्ग गुंजायमान रहा। लोगों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं राष्ट्र के प्रति सम्मान की भावना का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान राष्ट्र के प्रति सम्मान, गौरव, एकता एवं देशभक्ति की भावना को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक लोग अपने घरों पर तिरंगा फहराएं और 'हर घर तिरंगा' अभियान को जनभागीदारी का व्यापक स्वरूप दें। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं एवं बच्चों से अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की, ताकि नई पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम, देश के प्रति कर्तव्यबोध और राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान की भावना और मजबूत हो सके।



## सरस्वती विद्या मंदिर के बच्चों ने भगवा वेश में निकाली कांवरिया यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू (रोहतास)।** प्रखंड क्षेत्र के स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में मंगलवार को बाबा भोले शंकर की नगरी देवघर की कांवड़िया यात्रा की तरह सावन माह के उपलक्ष्य में विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा कांवड़ यात्रा निकाला गया। इसमें भगवाधारी वेश में विद्या मंदिर परिसर से स्थानीय ठाकुरबारी मंदिर परिसर में स्थित शंकर भगवान के मंदिर में स्थित शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। सरस्वती विद्या मंदिर से ठाकुरवाड़ी परिसर तक कक्षा अरुण से द्वितीय के भैया बहनों ने बोल बम, बोल बम, बोल बम, बोल बम के नारे लगाते हुए साथ में भगवान शंकर एवं माता पार्वती की झांकी के साथ घोषवादन करते हुए जा रहे थे। संपूर्ण बाजार के सभी दुकानदार एवं आवास वाले आश्चर्यचकित होकर उत्साहित नजरों से निहार रहे थे। संपूर्ण वातावरण बाबा भोले की नगरी की तरह गेरुआ वस्त्र धारी दिख रहा था। इसके बाद सभी भैया बहन विद्यालय वापस आए। इस कार्यक्रम का आयोजन विद्या मंदिर की महिला आचार्य अनुप्रिया भारती, अनीता दांगी, रंजना कुशवाहा, नैन्सी श्रीवास्तव, उमा कुमारी, मीनाक्षी कुमारी, सिम्मी कुमारी, मनीषा कुमारी एवं ज्योति कुमारी एवं सभी दीदी जी के देखरेख में संपन्न हुई। भैया बहनों के अभिभावकों के द्वारा इन्हें भगवाधारी वेश में सजाया गया था। विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिन्हा ने बच्चों को भगवान शंकर की रूप शिवलिंग पर जलाभिषेक एवं पूजन के महत्व के बारे में बताया और समझाया। संपूर्ण कार्यक्रम में लगभग 50 भैया बहन गेरुआ वस्त्र धारी वेश में कांवर लेकर तथा साथ में अन्य तृतीय, चतुर्थ पंचम के भैया बहनों ने भी पंक्तिबद्ध होकर जलाभिषेक मंदिर तक गए। इस प्रकार सनातन संस्कृति के जागरण का एक स्पष्ट दृष्टि दिख रहा था। बच्चों को ईश्वर के प्रति आस्था जगे इस दृष्टि से कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत रोहतास में निकली तिरंगा यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अकबरपुर (रोहतास)।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को रोहतास प्रखंड मुख्यालय से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित इस यात्रा में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं, प्रखंड कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। तिरंगा यात्रा प्रखंड मुख्यालय परिसर से शुरू होकर गायत्री मंदिर होते हुए रोहतास थाना तक पहुंची। इसके बाद यात्रा वापस प्रखंड मुख्यालय पहुंची जहां इसका समापन किया गया। यात्रा के दौरान छात्र-छात्राओं और अधिकारियों-कर्मचारियों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर देशभक्ति के नारे लगाए। 'वंदे मातरम' और भारत माता की जय के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य लोगों में देशभक्ति की भावना को मजबूत करना और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान एवं गौरव की भावना जागृत करना है। उन्होंने आम लोगों से अभियान से जुड़कर अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की। तिरंगा यात्रा में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, कन्या विद्यालय की अध्यापक एवं अध्यापिकाएं, मिडिल स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा प्रखंड मुख्यालय के सभी कर्मचारी मौजूद रहे। इसके अलावा सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ यात्रा में हिस्सा लिया। यात्रा के दौरान बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। पूरे कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति का माहौल बना रहा और लोगों ने राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता का संदेश दिया।

## गुरु पूजन कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने लिया राष्ट्रसेवा का संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में बुधवार की शाम स्थानीय हनुमानी निकेतन में गुरु पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रांत शारीरिक प्रमुख राजन पांडेय मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए और स्वयंसेवकों को बौद्धिक संबोधन दिया। श्री पांडेय ने गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व, राष्ट्रभक्ति और चरित्र निर्माण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज में संस्कार और अनुशासन की स्थापना के लिए संघ की दैनिक शाखा तथा गुरु पूजन जैसे कार्यक्रम महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों से दैनिक जीवन में अनुशासन, सेवा और राष्ट्र प्रथम की भावना अपनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के डिहरी खंड कार्यवाह अशोक सरावगी ने की।

# तिरंगा यात्रा का आयोजन, प्रेम नगर उच्च विद्यालय में दिखा देशभक्ति का उत्साह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अकोढी गोला (रोहतास)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रोहतास जिले के अकोढीगोला प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों और पंचायतों में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाना और देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाना रहा। प्रखंड के प्रेम नगर उच्च विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। यात्रा में विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्थानीय लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाए। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी रविरंजन, सीडीपीओ आशा कुमारी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, थाना स्तर के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में शिक्षाकर्मी शामिल हुए। तिरंगा यात्रा के बाद बीडीओ रविरंजन ने कहा - तिरंगा हमारे स्वाभिमान और एकता का प्रतीक है। इस यात्रा के माध्यम से हम नई पीढ़ी को देशभक्ति और राष्ट्रसेवा का संदेश देना चाहते हैं। विद्यालयों और पंचायतों की भागीदारी से यह अभियान और भी मजबूत हुआ है। हर घर तिरंगा फहराकर हम अपने शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। सीडीपीओ आशा कुमारी ने भी बच्चों को तिरंगे के सम्मान और स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका इस अभियान में अहम है। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान और देशभक्ति गीतों के साथ समारोह संपन्न हुआ।

## कामरेड शंभू महतो को दी गई श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** भाकपा माले के वरिष्ठ नेता एवं झारखंड प्रांतीय कमिटी के सचिव रहे कामरेड शंभू महतो के निधन पर सासाराम में पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें क्रांतिकारी श्रद्धांजलि अर्पित की। उनका 11 अगस्त की शाम निधन हो गया। वे पिछले कई महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे। भाकपा माले रोहतास के जिला सचिव कामरेड अशोक बैठा ने कहा कि शंभू महतो का निधन पार्टी और जनवादी-प्रगतिशील आंदोलन के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपना पूरा जीवन मेहनतकश और शोषित-उत्पीड़ित लोगों के संघर्ष को समर्पित किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में कामरेड चितरंजन शर्मा, ओम प्रकाश सिंह, शहजाद खान, डब्लू राम, प्रयाग राम, गुड्डू राम, रामजी राम, मुंशी बिंद, सुगन बिंद, निर्मल बैठा, सड्डू खान और इन्द्रजीत राम सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे। कार्यकर्ताओं ने कामरेड शंभू महतो को लाल सलाम करते हुए उनकी क्रांतिकारी विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# हर घर तिरंगा के उत्साह में डूबा रोहतास, काराकाट से सूर्यपुरा तक गूंजा 'वंदे मातरम'

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव के तहत रोहतास जिले के काराकाट, बिक्रमगंज, सूर्यपुरा और दावथ प्रखंडों में बुधवार को 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत भव्य तिरंगा यात्राएं निकाली गई जिनमें प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, स्वास्थ्य कर्मियों और स्कूली छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। काराकाट में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार के नेतृत्व में प्रखंड मुख्यालय से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोडारी होते हुए गोडारी बाजार तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान 'भारत माता की जय' और देशभक्ति के नारों से माहौल गूंज उठा। इस अवसर पर मनरेगा पीओ गजेन्द्र कुमार, प्रमुख प्रतिनिधि नारायण पासवान, मुखिया प्रतिनिधि रितेश सिंह, पंचायत समिति सदस्य विनोद पांडे, मुखिया प्रतिनिधि देव अजय सिंह, प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय की प्रधानाध्यापक रंजीत कुमार, शिक्षक अनिल कुमार पासवान सहित बड़ी संख्या में छात्राएं मुस्कान, प्रिया, छोटी, सुप्रिया, अंशू, अक्षरा और साक्षी हाथों में तिरंगा लेकर शामिल हुईं। बीडीओ संजीत कुमार ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य जन-जन तक आजादी का उत्सव पहुंचाना और युवाओं में राष्ट्रप्रेम जगाना है। इसी क्रम में बिक्रमगंज के अनुमंडलीय अस्पताल स्थित पीएचसी और एएनएम स्कूल द्वारा संयुक्त रूप से तिरंगा यात्रा निकाली गई। प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अशोक कुमार के नेतृत्व में यात्रा अस्पताल परिसर से शुरू होकर मुख्य सड़क, धनगाई यादव टोला और पासवान मोहल्ला से होते हुए वापस अस्पताल में संपन्न हुई। 'वंदे मातरम', 'हर घर तिरंगा, हर दिल से सम्मान देश का' के नारों के बीच सभी आशा कार्यकर्ता, एएनएम छात्राएं और स्वास्थ्य कर्मी प्रणव कुमार, अनीश नारायण, सूरज कुमार, नंदी सिंह, उपेंद्र तिवारी सहित मौजूद रहे।

## मिट्टी जांच वैन पहुंची, किसानों को संतुलित उर्वरक के लिए किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**विक्रमगंज (रोहतास)।** बिहार सरकार के कृषि विभाग की मिट्टी स्वास्थ्य एवं उर्वरता योजना 2025-26 के तहत बुधवार को बिक्रमगंज प्रखंड के घुसिया खुर्द गांव में एक मिट्टी जांच साइलेंट प्रयोगशाला वैन पहुंची जिसे देखकर बड़ी संख्या में किसान मौके पर एकत्रित हो गए। वैन के पहुंचते ही कृषि समन्वयक अशोक कुमार सिंह और किसान सलाहकार कन्हैया सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए मिट्टी जांच के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी और बताया कि मिट्टी में पोषक तत्वों की सही स्थिति जाने बिना अंधाधुंध रासायनिक उर्वरकों का उपयोग करने से न केवल लागत बढ़ती है बल्कि जमीन की उर्वरता भी घटती है। उन्होंने कहा कि नियमित अंतराल पर मिट्टी की जांच कराकर ही फसल के अनुसार संतुलित मात्रा में खाद देने से उत्पादन बढ़ता है, लागत घटती है और जमीन लंबे समय तक उपजाऊ बनी रहती है। इस दौरान विशेषज्ञों ने किसानों को मिट्टी का नमूना लेने का सही तरीका, विभिन्न फसलों के लिए उपयुक्त पोषक तत्वों का अनुपात और जैविक खाद के साथ रासायनिक उर्वरकों के संतुलित प्रयोग के बारे में भी व्यावहारिक जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित जिला बीस सूत्री सदस्य नवीन चंद्र शाह ने 'स्वस्थ धरा खेत हरा, धरती करे पुकार हमें चाहिए संतुलित आहार' का नारा देते हुए कहा कि यदि किसान अपनी मिट्टी को स्वस्थ रखेंगे तो गांव की अर्थव्यवस्था और पर्यावरण दोनों मजबूत होंगे। पंचायत के पैक्स अध्यक्ष उज्जवल कुमार ने कहा कि इस तरह की मिट्टी जांच से जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा और किसान प्राकृतिक संसाधनों का बेहतर उपयोग कर सकेग

# करगहर में लगातार सातवें दिन सीपीआई की पदयात्रा

## जन मुद्दों को लेकर दिल्ली चलने का आह्वान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**डिहरी/ सासाराम।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अंचल कमेटी करगहर द्वारा जन समस्याओं को लेकर लगातार सातवें दिन भी पदयात्रा कार्यक्रम जारी रहा। पदयात्रा का नेतृत्व अंचल सचिव सह महागठबंधन समर्थित पूर्व सीपीआई प्रत्याशी महेंद्र प्रसाद गुप्ता ने किया। पदयात्रा के दौरान महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और पेपर लीक सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही सभी भूमिहीनों को पांच डिसमिल जमीन देने, लाल कार्डधारियों को दखल-कब्जा दिलाने तथा बिना वैकल्पिक व्यवस्था के गरीबों को उजाड़े जाने के खिलाफ आवाज बुलंद की गई। महेंद्र प्रसाद गुप्ता ने लोगों से इन जन मुद्दों को लेकर 1 सितंबर को दिल्ली में आयोजित रैली में शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली रैली में जाने वाले कार्यकर्ता एवं समर्थक 30 अगस्त को दोपहर 3 बजे तक सासाराम रेलवे स्टेशन पहुंचे। पदयात्रा के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने विभिन्न क्षेत्रों में लोगों से संपर्क कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली और उन्हें जन आंदोलन से जुड़ने की अपील की।

# अंतर विभागीय कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** जवाहरलाल नेहरू कॉलेज के खेल परिसर में बुधवार को अंतर विभागीय कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य प्रो. शैलेंद्र कुमार ओझा, बर्सर डॉ. फरीद आलम, मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. कमल नयन सिंह, डॉ. नीलम पाल, डॉ. शशि शेखर विद्यार्थी, खेल सचिव डॉ. अभिषेक कुमार, खेल प्रभारी डॉ. कन्हैया कुमार सिंह एवं लेखा सहायक राधा रमन सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. शैलेंद्र कुमार ओझा ने कहा कि महाविद्यालय में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं है। जरूरत है कि उन्हें बेहतर मंच और नियमित अभ्यास का अवसर मिले। खिलाड़ी जितना अधिक अभ्यास करेंगे, उनके खेल में उतना ही निखार आएगा। अन्य वक्ताओं ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता में करीब आठ टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला ट्रेडिशनल कोर्स एवं वोकेशनल कोर्स की टीमों के बीच हुआ। वोकेशनल टीम के मैनेजर की जिम्मेदारी लेफ्टिनेंट सच्चिदानंद सिंह ने निभाई जबकि ट्रेडिशनल कोर्स की टीम के मैनेजर के रूप में डॉ. नीलम पाल एवं डॉ. अवनीश मौर्य ने भूमिका निभाई। कबड्डी पुरुष वर्ग में ओमप्रकाश, हर्ष कुमार, देव कुमार, हिमांशु वर्मा, कार्तिक कुमार सिंह, प्रिंस शर्मा, स्वतंत्र कुमार, पवन पाल, बलिराम शाह, विशाल कुमार, विनय शर्मा एवं प्रतीक गुप्ता ने बेहतर प्रदर्शन किया। वहीं महिला कबड्डी वर्ग में खुशी, प्रगति, प्रज्ञा, गुंजन, प्रियंका, अवंतिका, मानसी, सोनी, रोशनी एवं श्रेया सहित अन्य खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया।


स्थापित-1981

महाविद्यालय कोड - 16189

**भूपेश गुप्त इण्टर महाविद्यालय**

रामलाल नगर, भभुआ (कैमूर) बिहार

**आवश्यकता**

**भूपेश गुप्त इण्टरमीडिएट कॉलेज, रामलाल नगर भभुआ (कैमूर) निर्धारित वेतनमान में विधिवत नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित करता है।**

**आवेदन की अंतिम तिथि** :- 25.08.2026
**अंतर्वीक्षा की तिथि** :- 15.09.2026
**समय** :- 11 बजे पूर्वाहन

**पदों का विवरण निम्न प्रकार है :-**
**व्याख्याता :-** वाणिज्य, अंग्रेजी, गणित, गृह विज्ञान, समाज शास्त्र, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान
**शिक्षकेत्तर :-** कार्यालय सहायक, कम्प्यूटर सहायक

**संजय कुमार सिंह**
**प्रधानाचार्य सह सचिव**
**भूपेश गुप्त इण्टर कॉलेज, रामलाल नगर भभुआ (कैमूर)**
**8603862440**



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. एसजी.निविदा/डीएसटीई/एसडीएएच/633, दिनांक 07.08.2026,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, सियालदह, पूर्व रेलवे, आरएमएस बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **'ई'-निविदा सं. एसडीएसटीई/एसआईजी/टी/26/26-27/एसएफ। कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** सियालदह मंडल में एएसटीई/रानाघाट के खंड में इंटरलॉक्ड लेवल क्रॉसिंग गेटों (ओएसएल) में आरटीयू का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु. 3,85,01,291.58, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी :** रु.7,70,000/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **निविदा जमा देने की प्रारंभिक तिथि:** 20.08.2026, **निविदा जमा देने की अंतिम तिथि:** 03.09.2026 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली के खोलने की तिथि:** 03.09.2026 को 14.30 बजे। **विवरण यहां उपलब्ध है: www.ireps.gov.in तकनीकी पात्रता मानदंड:** निविदाकार ने निविदा आमंत्रण से पूर्व महीने के अंतिम दिन को समाप्त, पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य का सफलतापूर्वक पूरा या पर्याप्त रूप से निष्पादन किया है: (i) तीन समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की समान राशि से कम न हो, या (ii) दो समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की समान राशि से कम न हो, या (iii) एक समरूप कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की समान राशि से कम न हो। **वित्तीय पात्रता मानदंड:** निविदाकार का न्यूनतम औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार V/N या 'V' होना चाहिए, जो भी कम हो, जहाँ V = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, N = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकाजनित भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन-पत्र अभी तैयार किया जाना है/लेखापरीक्षित किया जाना है, तो औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन-पत्र को विचार में लिया जाएगा। निविदाकार जीसीसी 2022 के अनेक्सर-VIबी (मौजूदा निविदा कागजात का फॉर्म-6) के अनुसार आवश्यक जानकारी के साथ सनदी लेखापाल द्वारा यथा प्रमाणित लेखापरीक्षित तुलन पत्र की प्रतियाँ/लेखापरीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथा समर्थित सनदी लेखापाल से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। **जमा किए जाने वाले अन्य कागजात:** निविदा कागजात में उल्लिखित अनुसार। **समरूप कार्य की प्रकृति:** "डेटा लॉगर या आरटीयू की आपूर्ति, स्थापना और आरंभ या कोई सिग्नल इंटरलॉकिंग कार्य जिसमें शामिल है ईआई या आरआरआई या पीआई या आईबीएस या आईबीएच या एलसी गेट इंटरलॉकिंग या यार्ड रूपांतरण या यूएफएसबीआई या ट्रैक सर्किट (एएफटीसी या डीसी टीसी) या एक्सल काउंटर (एसएसडीएसी या एमएसडीएसी या एचए-एसएसडीएसी) या ऑटोमेटिक सिग्नलिंग।"। **टिप्पणी:** निविदाकार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा कागजात में उल्लिखित पात्रता मानदंड को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में कागजात प्रस्तुत करेंगे। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्रों के समर्थन में कागजातों/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकार या निविदाकारी फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व-सत्यापित/डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होगा। स्व-सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तिथि (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होंगे।

SDAH-173/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-केबल-एएसटीई-1-एचडब्ल्यूएच-आरई, दिनांक: 07.08.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा, पूर्व रेलवे, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा, पश्चिम बंगाल-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए **निविदा सं.: एसडीएसटीई-केबल-एएसटीई-1-एचडब्ल्यूएच-आरई** के तहत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल के एएसटीई-1 सेक्शन में उम्र सह स्थिति के आधार पर सिग्नलिंग केबल का प्रतिस्थापन। **निविदा की किस्म:** खुली। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** 01.09.2026, 15.00 बजे। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 8,90,68,004.33, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 17,81,400/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00, **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 18.08.2026, **बोली प्रणाली:** एकल पैकेट। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **समापन अवधि:** 12 माह। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** 07.08.2026, 19.05 बजे। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।

HWH-262/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व मध्य रेल**

**ई-खुली निविदा सूचना**

खुली ई-निविदा सूचना सं. : **PSSA-COMGSU-2026-27-01**

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण (सड़क सुरक्षा परियोजना) भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली ई-निविदा" आमंत्रित करते हैं। ई-निविदा की अंतिम तिथि **07.09.2026** को **15.00** बजे तक निर्धारित है। ई-निविदा संबंधी एवं निविदा प्रपत्र का अवलोकन वेबसाइट-**www.ireps.gov.in** पर किया जा सकता है।


**कार्य का नाम (मद सं. सहित) :** परियोजना पर्यवेक्षण सेवा एजेंसी (PSSA) की नियुक्ति- पूर्व मध्य रेलवे की गति शक्ति इकाई को सौंपे गए विभिन्न ROB/RUB निर्माण स्थलों/सेक्शनों तथा अन्य कार्यों के लिए 60 माह (5 वर्ष) की अवधि हेतु परियोजना पर्यवेक्षण सेवा एजेंसी (PSSA) की नियुक्ति। **अनुमानित लागत (रू. में):** 1326256142.71 **अग्रधन राशि (रू. में):** 6781300.00 प्री-बिड कॉन्फ्रेंस की तिथि और समय 17.08.2026 को सुबह 11:00 बजे है। उपरोक्त निविदा सूचना वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी रेल का अधिकार:- किसी भी निविदा को स्थगित करने /निरस्त करने अथवा निविदा में सुधार करने हेतु रेलवे का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निविदादाता का इसमें कोई दावा मान्य नहीं होगा।

**उप मुख्य परियोजना प्रबंधक, गतिशक्ति, पूर्व मध्य रेल, सोनपुर**

पीआर/0714/एसईई/जीएस/टी/26-27/40

# राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा नवादा प्रभारी मंत्री के नेतृत्व में निकली 'तिरंगा यात्रा'

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा**। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की भावना को सुदृढ़ करने तथा आमजन को राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान एवं गौरव की भावना से जोड़ने के उद्देश्य से नवादा में "हर घर तिरंगा यात्रा कार्यक्रम 2026" का आयोजन किया गया। डॉ० संतोष कुमार सुमन, मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार-सह-प्रभारी मंत्री, नवादा जिला एवं जिलाधिकारी, रवि प्रकाश के संयुक्त नेतृत्व में जिला अतिथि गृह, नवादा से भव्य तिरंगा यात्रा प्रारंभ हुई। तिरंगा यात्रा जिला अतिथि गृह से प्रारंभ होकर अम्बेदकर पार्क (कलेक्ट्रेट गेट) तक पहुंची। तिरंगा यात्रा में जिला प्रशासन के पदाधिकारी एवं कर्मी, जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मी, युवा, विद्यार्थी, एनसीसी कैडेट, स्काउट एवं गाइड, जीविका दीदियां, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में तिरंगा लेकर शामिल हुए लोगों ने राष्ट्रप्रेम एवं देशभक्ति के नारों के साथ राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने जिलेवासियों से "हर घर तिरंगा" अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा अपने घरों, प्रतिष्ठानों एवं कार्यालयों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर राष्ट्र के प्रति सम्मान एवं गौरव की भावना को प्रदर्शित करने का आह्वान किया। तिरंगा यात्रा के समापन के पश्चात अम्बेदकर पार्क परिसर में स्थापित भारत रत्न डॉ० भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर प्रभारी मंत्री, जिलाधिकारी सहित उपस्थित पदाधिकारियों एवं गणमान्य लोगों द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर डीडीसी नीलिमा साहू, एसडीओ अमित अनुराग सहित स्कूली बच्चे व अन्य लोग मौजूद थे।

# सभी प्रखंडों में निकाली गई 'तिरंगा यात्रा'

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा**। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की भावना को सुदृढ़ करने तथा आमजन को राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान एवं गौरव की भावना से जोड़ने के उद्देश्य से जिलाधिकारी, रवि प्रकाश के निर्देशानुसार नवादा जिले के सभी प्रखंडों में "हर घर तिरंगा यात्रा कार्यक्रम 2026" का आयोजन किया गया। जिले के सभी प्रखंड कार्यालयों से प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में संबंधित प्रखंडों के पदाधिकारी एवं कर्मी, जनप्रतिनिधिगण, जीविका दीदियां, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं, युवा, विद्यार्थी, एनसीसी कैडेट, स्काउट एवं गाइड, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्थानीय आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। तिरंगा यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर राष्ट्रप्रेम एवं देशभक्ति से जुड़े नारों के साथ राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता का संदेश दिया। विभिन्न प्रखंडों में निकाली गई यात्राओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में भी "हर घर तिरंगा" अभियान के प्रति जागरूकता एवं उत्साह का वातावरण निर्मित किया गया। तिरंगा यात्रा के माध्यम से आमजनों को अपने-अपने घरों, प्रतिष्ठानों एवं कार्यालयों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने तथा तिरंगे की गरिमा एवं सम्मान का पूरा ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही, जिलेवासियों से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को मजबूत करने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की गई। प्रखंडों में आयोजित तिरंगा यात्राओं में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की सहभागिता ने "हर घर तिरंगा" अभियान को जनभागीदारी का व्यापक स्वरूप प्रदान किया। विभिन्न प्रखंडों में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान तथा देशभक्ति की भावना के साथ लोगों ने पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ यात्रा में सहभागिता की। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2026 में "हर घर तिरंगा" अभियान का आयोजन 09 अगस्त से 17 अगस्त 2026 तक किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य देशवासियों को राष्ट्रीय ध्वज के साथ भावनात्मक रूप से जोड़ना तथा जनभागीदारी के माध्यम से राष्ट्रीय गौरव, देशभक्ति एवं नागरिक सहभागिता की भावना को व्यापक स्वरूप प्रदान करना है।

## एक नजर

### प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता रथ रवाना



**नवादा**। लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन एवं जिलाधिकारी, रवि प्रकाश द्वारा संयुक्त रूप से समाहरणालय परिसर से प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल, नवादा द्वारा बताया गया कि जागरूकता रथ जिले के सभी प्रखंडों में भ्रमण कर आमजनों को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रति जागरूक करेगा। साथ ही, लोगों को अपने आवासीय भवनों की छतों पर रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित करने के लिए प्रेरित किया जाएगा तथा योजना के लाभ एवं आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने आमजनों से अपील की कि वे प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाते हुए अपने घरों की छत पर रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित करें और स्वच्छ, हरित एवं किफायती ऊर्जा को अपनाएं। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए निर्धारित समय-सीमा मार्च 2027 तक है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, नवादा, अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर, गोपनीय शाखा प्रभारी, जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी, नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी कुमारी सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### सिर में गोली मारकर बुजुर्ग की हत्या

**नवादा**। जिले के खालसा ढिवरी गांव में करीब 62 वर्षीय टुनटुन यादव की गोली मारकर हत्या कर दिए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गांव के एक घर से बुजुर्ग का शव बरामद किया। मृतक के सिर में गोली लगी थी और गोली अंदर ही फंसी हुई थी। शव से दुर्गंध आने के कारण पुलिस करीब 24 घंटे पहले हत्या किए जाने की आशंका जता रही है। थाना के एएसआई मोहन कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस गांव पहुंची, जहां मृत अवस्था में शव बरामद किया गया। हत्या के कारणों की जांच की जा रही है। बताया गया कि शव को दफनाने और मामले को दबाने की कोशिश की जा रही थी, लेकिन इससे पहले पुलिस को सूचना मिल गया। मृतक की बहू ने जमीन विवाद को लेकर उसके बड़े बेटे पर हत्या का आरोप लगाया है। हालांकि घटना के समय बेटा मौके पर नहीं था। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

### सरकारी अधिप्राप्ति को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम



**नवादा**। राज्य के सभी सरकारी कार्यालयों में जेम पोर्टल के माध्यम से सामग्री एवं सेवाओं की अधिप्राप्ति को अनिवार्य किए जाने के मद्देनजर जिलाधिकारी के निर्देशानुसार डीआरडीए सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य जेम पोर्टल के माध्यम से सामग्री एवं सेवाओं की अधिप्राप्ति की प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक जानकारी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को उपलब्ध कराना था।प्रशिक्षण के दौरान जेम पोर्टल के प्रतिनिधि शिवांक कुमार द्वारा उपस्थित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारियों तथा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों को पोर्टल के माध्यम से सामग्री एवं सेवाओं की अधिप्राप्ति की प्रक्रिया, संबंधित प्रावधानों एवं आवश्यक प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान जेम पोर्टल पर अधिप्राप्ति से संबंधित विभिन्न तकनीकी एवं व्यावहारिक पहलुओं को भी विस्तार से समझाया गया। वरीय कोषागार पदाधिकारी राजेश राम ने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि जेम पोर्टल के माध्यम से सामग्री एवं सेवाओं की अधिप्राप्ति से संबंधित प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी का समुचित उपयोग करते हुए निर्धारित नियमों एवं प्रक्रियाओं का अनुपालन सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सहायक कोषागार पदाधिकारी प्रकाश चन्द्रा, जिले के विभिन्न विभागों के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी तथा उनके अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# 'आन देश की, शान देश की' के जयघोष से गुंजायमान हुआ नारदीगंज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**नारदीगंज,नवादा**। प्रखंड कार्यालय परिसर से 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत बुधवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। बीडीओ सोनिया ढनढनिया ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। इस दौरान कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राएं हाथों में तिरंगा और स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर देशभक्ति के नारे लगाते हुए नारदीगंज बाजार तक गई। यात्रा का मुख्य उद्देश्य 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर हर घर में राष्ट्रीय ध्वज फहराने का संदेश देना था। तिरंगा यात्रा में छात्राओं के साथ बीएओ विवेक कुमार गौरव, प्राचार्य विपिन कुमार विमल, वार्डेन रुबी कुमारी, विकास मित्र, कार्यालय कर्मी, विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और प्रबुद्ध लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। पूरी यात्रा "आन देश की, शान देश की" और "जय हिंद" के उद्घोष से गुंजायमान रही।

# सांसद विवेक ठाकुर ने अमित शाह से की मुलाकात



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। भाजपा नेता एवं नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने संसद भवन में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार की। इस दौरान विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। सांसद विवेक ठाकुर ने मुलाकात के दौरान नवादा संसदीय क्षेत्र के वारिसलीगंज में प्रस्तावित चीनी मिल के शीघ्र संचालन का दायित्व इंडियन पोटाश लिमिटेड को सौंपने का आग्रह किया। इस पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सकारात्मक रुख दिखाते हुए संबंधित विभाग को इसकी संभावनाओं पर आवश्यक कार्य करने का निर्देश दिया। सांसद विवेक ठाकुर ने कहा यह चीनी मिल नवादा लोकसभा सहित पूरे दक्षिण बिहार के किसानों की समृद्धि, रोजगार सृजन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# कौआकोल में उत्साहपूर्वक निकली तिरंगा यात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल**। स्वतंत्रता दिवस के अवसर को लेकर कौआकोल प्रखंड में बुधवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में जीविका दीदियों, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं, विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ निकली यात्रा ने पूरे क्षेत्र में राष्ट्रप्रेम और एकता का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ कौआकोल प्रखंड मुख्यालय से हुआ। यात्रा थाना रोड होते हुए कौआकोल बाजार पहुंची। इसके बाद यात्रा जोगाचक एवं बिझो होते हुए पुनः कौआकोल प्रखंड मुख्यालय पहुंची,जहां इसका समापन किया गया। यात्रा के दौरान तिरंगा हाथों में लिए छात्र-छात्राओं एवं महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। यात्रा में शामिल छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से जुड़े नारे लगाए। पूरे रास्ते भारत माता की जय, वंदे मातरम् एवं देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंजता रहा। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. अखिलेश कुमार ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से विशेषकर युवाओं और बच्चों में देशप्रेम की भावना मजबूत होती है। उन्होंने सभी लोगों से राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के साथ देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने का आह्वान किया। तिरंगा यात्रा में अंचल अधिकारी चंदन चौधरी, बीसीओ सह प्रभारी बीईओ अजित कुमार, राजस्व अधिकारी अनीश कुमार, प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी शमा बानो, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की वार्डन साधना सिंह, लेखापाल अजित कुमार सुमन, समाजसेवी योगी त्यागनाथ सहित अन्य पदाधिकारी,शिक्षक, अभिभावक एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे। स्वतंत्रता दिवस से पूर्व आयोजित इस तिरंगा यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करना, राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान बढ़ाना तथा समाज में एकता और भाईचारे का संदेश देना रहा। यात्रा के दौरान कौआकोल का माहौल पूरी तरह देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया।

## नालंदा

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

## बेटे ने लगाया गला दबाकर हत्या का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ**। सिलाव थाना क्षेत्र के गोबडीहा गांव में मंगलवार को 27 वर्षीया विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान गोबडीहा निवासी पिंटू सिंह की पत्नी प्रीति कुमारी उर्फ काजल कुमारी के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मंगलवार देर रात पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया। प्रीति दो बच्चों की मां थी और करीब सात वर्ष पहले उसकी शादी हुई थी। उसके मायके वाले नारदीगंज थाना क्षेत्र के जनपुरा गांव के निवासी हैं। वह गोबडीहा में अपने सास-ससुर के साथ रहती थी, जबकि उसका पति चेन्नई की एक निजी कंपनी में काम करता है। मृतका के पुत्र चिंटू कुमार ने आरोप लगाया कि एक कथित आपत्तिजनक वीडियो को लेकर परिवार में विवाद हुआ था। बेटे के अनुसार, विवाद के बाद उसकी मां के साथ मारपीट की गई और परिवार के लोगों ने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। मायके पक्ष ने भी विवाहिता की हत्या की आशंका जताई है।सिलाव के प्रभारी थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। उन्होंने बताया कि अभी तक मामले में कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। विवाहिता ने आत्महत्या की या उसकी हत्या हुई, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगा।

# 21 भूमिहीन परिवारों को मंत्री ने दिए जमीन के पर्चे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बिहारशरीफ**। बेन प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को अभियान बसेरा-2 के तहत भूमिहीन परिवारों के बीच गृहस्थल की बंदोबस्ती कर तीन-तीन डिसमिल जमीन का पर्चा वितरित किया गया। ग्रामीण विकास सह सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने कुल 21 लाभुक परिवारों को जमीन का पर्चा सौंपा। इस दौरान मंत्री ने कहा कि बिहार सरकार भूमिहीन परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध करा रही है। ग्राम पंचायत राज एकसारा के एक, नोहसा पंचायत के नौ, अकौना पंचायत के पांच और मैजरा पंचायत के छह भूमिहीन परिवारों को पर्चा दिया गया। मंत्री ने कहा कि जमीन का पर्चा मिलना इन परिवारों के लिए ऐतिहासिक अवसर है। जमीन महज कागज का टुकड़ा नहीं, बल्कि सम्मान और स्वाभिमान का प्रतीक है। पर्चा मिलने के बाद लाभुक अपना घर बना सकेंगे, खेती कर सकेंगे और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की नीति स्पष्ट है कि किसी भी गरीब परिवार को बेघर नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का सपना है कि बिहार का एक भी परिवार भूमिहीन नहीं रहे। पारदर्शी तरीके से सर्वे कर पात्र लोगों को ही जमीन का पर्चा दिया जा रहा है। उन्होंने लाभुकों से दलालों और बिचौलियों से सावधान रहने की अपील की। मंत्री ने कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार में कानून का राज स्थापित कर सुरक्षा और विश्वास का वातावरण बनाया तथा महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में भी कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उनके प्रयासों से महिलाओं को शिक्षा, रोजगार, उद्यमिता, राजनीति और सामाजिक जीवन में आगे बढ़ने के अवसर मिले हैं। पर्चा मिलने पर लाभुक परिवारों ने खुशी जताई और तालियां बजाकर मंत्री एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बीडीओ, वरिष्ठ जदयू नेता राजेंद्र प्रसाद, प्रखंड प्रमुख रंजू देवी, प्रखंड जदयू अध्यक्ष अरविंद पटेल, मुखिया प्रतिनिधि जीतू मांझी, नवीन सिंह, पंचायत समिति सदस्य कुमुद प्रसाद, रूबी कुमारी, लक्ष्मण प्रसाद, जितेंद्र चंद्रवंशी, सुधीर प्रसाद, उपप्रमुख मो. कलीम, अजय चंद्रवंशी सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### 700 भूमिहीन परिवारों को स्वतंत्रता दिवस पर मिलेगा जमीन का पर्चा

**बिहारशरीफ**। अपना घर और अपनी जमीन का सपना संजोए भूमिहीन गरीब परिवारों के लिए इस बार का स्वतंत्रता दिवस नई उम्मीद लेकर आएगा। जिला प्रशासन की ओर से 15 अगस्त को करीब 700 भूमिहीन परिवारों को जमीन का पर्चा देने की तैयारी की जा रही है। इससे वर्षों से जमीन के अभाव में गुजर-बसर कर रहे परिवारों के लिए अपने आशियाने की नींव रखने का रास्ता साफ होगा। राज्य सरकार ने जिले में कुल 850 भूमिहीन परिवारों को जमीन का पर्चा उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके तहत अब तक करीब 150 लाभुकों को पर्चा वितरित किया जा चुका है। शेष करीब 700 लाभुकों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पर्चा देने की तैयारी चल रही है। प्रशासन का प्रयास है कि चिह्नित सभी पात्र परिवारों को 15 अगस्त तक लाभ दिया जा सके। मुख्य समारोह में कुछ लाभुकों को प्रतीकात्मक रूप से पर्चा दिया जा सकता है। वहीं प्रखंड स्तर पर आयोजित समारोहों में भी पर्चा वितरण की संभावना है।राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की 'अभियान बसेरा' योजना के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के वासभूमिहीन गरीब परिवारों को घर बनाने के लिए दो से पांच डिसमिल तक जमीन उपलब्ध कराई जा रही है। स्वतंत्रता दिवस पर मिलने वाला यह पर्चा इन परिवारों के लिए सिर्फ जमीन का कागज नहीं, बल्कि अपने घर के सपने की पहली मजबूत नींव साबित होगा।

### मंच पर जिंदगी की चुनौतियों का अभिनय करेंगे नौवीं के विद्यार्थी

**बिहारशरीफ**। कक्षा की किताबों से निकलकर अब नौवीं कक्षा के विद्यार्थी जिंदगी की वास्तविक चुनौतियों का मंच पर अभिनय करेंगे। एनसीईआरटी की राष्ट्रीय भूमिका निर्वहन (रोल प्ले) प्रतियोगिता 2026-27 में किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य, लैंगिक समानता, नशे से बचाव, सुरक्षित इंटरनेट, पोषण, हिंसा से सुरक्षा और जिम्मेदार नागरिकता जैसे मुद्दों को केंद्र में रखा गया है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को कठिन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने और जीवन कौशल का व्यावहारिक इस्तेमाल करने के लिए तैयार करना है।प्रतियोगिता में सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के कक्षा नौ के विद्यार्थी शामिल होंगे। चार से पांच विद्यार्थियों की टीम पांच से छह मिनट में प्रस्तुति देगी। स्कूल, प्रखंड, जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में हर स्तर से एक टीम अगले चरण के लिए चुनी जाएगी।खास बात यह है कि विद्यार्थी अपनी पटकथा स्वयं तैयार करेंगे। शिक्षक केवल रचनात्मक सहयोग करेंगे। मंचन में वेशभूषा, पोस्टर, बैनर, प्लेकार्ड, प्रॉप्स आदि का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। प्रतियोगिता 100 अंकों की होगी, जिसमें जीवन कौशल के प्रभावी प्रदर्शन को सर्वाधिक 30 अंक मिलेंगे।स्कूल स्तर की प्रतियोगिता अगस्त-सितंबर में, जबकि प्रखंड, जिला और राज्य स्तर की प्रतियोगिताएं सितंबर-अक्टूबर में होंगी। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता दिसंबर 2026 अथवा जनवरी 2027 में प्रस्तावित है। भूमिका निर्वहन के लिए स्वस्थ विकास, मानसिक स्वास्थ्य, रिश्ते-दोस्ती, लैंगिक समानता, पोषण, नशा मुक्ति, स्वस्थ जीवनशैली, एचआईवी रोकथाम, हिंसा से सुरक्षा और इंटरनेट-मीडिया समेत 11 विषय तय किए गए हैं।

### सरकारी स्कूलों में अब मुफ्त जेईई-नीट कोचिंग

**बिहारशरीफ**। इंजीनियर और डॉक्टर बनने का सपना देखने वाले सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए सरकार ने बड़ी पहल की है। अब महंगी निजी कोचिंग के बजाय चयनित सरकारी स्कूलों में ही विद्यार्थियों को जेईई और नीट की निरूशुल्क तैयारी कराई जाएगी। राज्य के 155 सरस्वती विद्या निकेतन विद्यालयों (मॉडल स्कूलों) में 16 अगस्त से शामकालीन कोचिंग शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें नालंदा के पांच स्कूल शामिल हैं।कार्यक्रम के तहत नियमित कक्षाओं के बाद ऑनलाइन माध्यम से जेईई-नीट की तैयारी कराई जाएगी। विषयवार वीडियो कक्षाओं के साथ इंटरैक्टिव लर्निंग के जरिए विद्यार्थियों के कठिन अध्याय और शंकाओं का समाधान किया जाएगा।इस योजना की शुरुआत 16 जुलाई से पटना के 10 चयनित विद्यालयों में की गई थी। डीईओ हेमचंद्र के अनुसार, इन स्कूलों के 70 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की। इनमें 18 विद्यार्थी आईआईटी तथा 52 एनआईटी और अन्य सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों के लिए सफल रहे। वहीं, 12 विद्यार्थियों को नीट के माध्यम से सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश का अवसर मिला।

# नालंदा खंडहर में तिरंगे के रंग में रंगा देशभक्ति का माहौल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नालंदा**। आगामी स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को ऐतिहासिक विश्व धरोहर नालंदा खंडहर परिसर देशभक्ति के रंग में सराबोर हो गया। 38 बिहार बटालियन एनसीसी की ओर से आयोजित भव्य कार्यक्रम में एनसीसी कैडेटों ने अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम का नेतृत्व बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल राजेश बहारी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास सह सूचना जन सम्पर्क मंत्री श्रवण कुमार ने एनसीसी कैडेटों और उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगा देश के सम्मान, संप्रभुता और स्वाभिमान का सर्वोच्च प्रतीक है। इसे सदैव ऊंचा रखना प्रत्येक भारतीय का परम कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि आगामी स्वतंत्रता दिवस को ऐतिहासिक और भव्य बनाने के लिए हर घर तिरंगा का संदेश गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाना जरूरी है।मंत्री ने लोगों से राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने और तिरंगे की आन-बान-शान की रक्षा के लिए संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि तिरंगा देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। इसके प्रति सम्मान की भावना प्रत्येक नागरिक के मन में होनी चाहिए।नालंदा खंडहर परिसर में एनसीसी कैडेटों की अनुशासित मौजूदगी और देशभक्ति के नारों से वातावरण उत्साह और ऊर्जा से भर गया। कमान अधिकारी कर्नल राजेश बहारी ने कैडेटों के उत्साह की सराहना करते हुए उन्हें राष्ट्र सेवा में सदैव अग्रणी रहने के लिए प्रेरित किया।

# नालंदा कॉलेज में एआई पर कार्यशाला, छात्रों को बताए रोजगार के नए अवसर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ**। नालंदा कॉलेज के सभागार में बुधवार को वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी सेल्सफोर्स एवं कॉलेज के कंप्यूटर विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। प्राचार्य प्रो. (डॉ.) सुनीता सिन्हा ने कहा कि आने वाले समय में एआई शिक्षा, उद्योग और रोजगार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने छात्रों से नई तकनीक सीखने और नवाचार के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया।कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को एआई की नई संभावनाओं, तकनीकी विकास और बदलते रोजगार परिदृश्य से अवगत कराना था। विशेषज्ञ वक्ता किरण मान्याला ने एआई की मूल अवधारणाओं, व्यावहारिक उपयोग और भविष्य की संभावनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एआई का उपयोग स्वास्थ्य, शिक्षा, वित्त, कृषि और प्रशासन समेत कई क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रहा है।एक्सेंचर के तकनीकी विशेषज्ञ अमन तिवारी ने एआई आधारित तकनीकों, उद्योगों में उनके उपयोग और रोजगार के नए अवसरों पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को प्रोग्रामिंग, डेटा विश्लेषण और एआई अनुप्रयोगों का कौशल विकसित करने की सलाह दी। मौके पर डॉ. शशांक शेखर झा, डॉ. सरफुद्दीन गाजी समेत शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित थे।

# जिले में खुलेंगे 17 कृषि यंत्र बैंक, किसानों को 12 लाख तक अनुदान

## 10 कस्टम हायरिंग सेंटर समेत छह स्पेशल सेंटर होंगे स्थापित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। खेती की लागत कम करने और पैदावार बढ़ाने के उद्देश्य से जिले में इस साल 17 कृषि यंत्र बैंक स्थापित किए जाएंगे। कृषि यंत्रीकरण योजना के तहत सरकार किसानों, किसान समूहों और चयनित लाभुकों को कृषि यंत्र बैंक खोलने के लिए चार से 12 लाख रुपये तक का अनुदान देगी। विभाग जल्द ही पोर्टल खोलकर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू करेगा।योजना के तहत 10 कस्टम हायरिंग सेंटर खोले जाएंगे। यहां जुताई, बुआई, कटाई और थ्रेसिंग से जुड़ी आधुनिक मशीनें किसानों को किराये पर मिलेंगी। 10 लाख रुपये लागत वाले सेंटर पर अधिकतम चार लाख रुपये का अनुदान मिलेगा। वहीं, छह स्पेशल कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित होंगे। 20 लाख रुपये लागत वाले इन सेंटरों पर अधिकतम 12 लाख रुपये की सब्सिडी मिलेगी। इनमें फसल अवशेष प्रबंधन और पराली निस्तारण के यंत्र भी उपलब्ध होंगे। इसके अलावा किसान समूहों के लिए एक फार्म मशीनरी बैंक बनाया जाएगा। 10 लाख रुपये लागत वाले इस बैंक पर अधिकतम आठ लाख रुपये का अनुदान मिलेगा। उप निदेशक कृषि अभियंत्रण अभिमन्यु कुमार ने बताया कि 17 कृषि यंत्र बैंक की स्वीकृति मिल गई है। साल के अंत तक सभी बैंक स्थापित होने की उम्मीद है।

# कॉलेज में 107 विद्यार्थियों का नामांकन, नौ सहायक प्राध्यापकों के योगदान से मजबूत होगी पढ़ाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**नगरनौसा**। नगरनौसा डिग्री कॉलेज में अब तक कुल 107 विद्यार्थियों का नामांकन हुआ है। विषयवार देखें तो इतिहास में 40, हिंदी में 34, राजनीति शास्त्र में 23, अर्थशास्त्र में 6, अंग्रेजी में 3 और समाजशास्त्र में 1 विद्यार्थी ने नामांकन कराया है। विद्यार्थियों की संख्या बढ़ने के साथ कॉलेज में शैक्षणिक व्यवस्था को भी मजबूत किया जा रहा है।कॉलेज के प्राचार्य संजय कुमार ने बताया कि कॉलेज में विभिन्न विषयों के कुल नौ सहायक प्राध्यापकों ने योगदान दिया है। इससे विभिन्न विषयों में शिक्षकों की उपलब्धता बढ़ेगी और पठन-पाठन व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के योगदान से विद्यार्थियों को नियमित कक्षाएं और बेहतर शैक्षणिक माहौल उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।कॉलेज में योगदान देने वाले सहायक प्राध्यापकों में राजनीति शास्त्र की मन्या सिंह, हिंदी की शिल्पी कुमारी और विनोद मिश्रा, इतिहास के नीतीश कुमार मिश्रा, समाजशास्त्र के जावेद हुसैन और नीतीश वर्धन, अर्थशास्त्र के गुलशन कुमार और गोविंद कुमार तथा अंग्रेजी के फलक अब्दुल जलील शामिल हैं।

# गया जी को मिली एक और अमृत भारत ट्रेन, धनबाद-कोयम्बटूर के बीच चलेगी साप्ताहिक सेवा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** गया जी और आसपास के रेल यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। धनबाद-कोयम्बटूर-धनबाद साप्ताहिक अमृत भारत एक्सप्रेस को रेलवे ने मंजूरी दे दी है। यह ट्रेन गया जंक्शन से होकर चलेगी जिससे बिहार, झारखंड समेत कई राज्यों के यात्रियों को दक्षिण भारत की यात्रा के लिए सीधा और सुविधाजनक रेल विकल्प मिलेगा। हालांकि, ट्रेन के नियमित परिचालन की तारीख अभी घोषित नहीं की गयी है। धनबाद-कोयम्बटूर अमृत भारत एक्सप्रेस के परिचालन से गया का दक्षिण भारत से रेल संपर्क और मजबूत होगा। ट्रेन के जरिए यात्रियों को कोयम्बटूर और दक्षिण भारत के अन्य प्रमुख शहरों तक पहुंचने का अतिरिक्त विकल्प मिलेगा। खासकर नौकरी, कारोबार और शिक्षा के सिलसिले में दक्षिण भारत आने-जाने वाले यात्रियों को इसका लाभ मिलने की उम्मीद है। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र के अनुसार ट्रेन के परिचालन को मंजूरी मिल चुकी है और यह गया जंक्शन होकर चलेगी। परिचालन की तिथि तय होने के बाद रेलवे की ओर से इसकी आधिकारिक घोषणा की जाएगी। यह ट्रेन बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के यात्रियों के लिए उपयोगी साबित हो सकती है। लंबी दूरी के इस रेल मार्ग पर कई महत्वपूर्ण शहर और औद्योगिक क्षेत्र जुड़े हुए हैं। गया से दक्षिण भारत की यात्रा करने वाले यात्रियों को इससे कनेक्टिविटी का एक और विकल्प मिलेगा। वहीं झारखंड और उत्तर भारत के यात्रियों के लिए भी कोयम्बटूर पहुंचना आसान होगा। धनबाद से रवाना होने के बाद ट्रेन नेताजी सुभाषचंद्र बोस गोमोह जंक्शन, पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा और गया में रुकेगी। इसके बाद अनुग्रह नारायण रोड, डिहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन होते हुए उत्तर प्रदेश की ओर जाएगी। आगे ट्रेन मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, सतना, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी, बैतूल, नागपुर, चंद्रपुर और बल्हारशाह सहित कई प्रमुख स्टेशनों पर ठहरेगी। दक्षिण भारत में ट्रेन सिरपुर कागजनगर, मंचेरियल, पेड्डापल्ली, वारंगल, महबूबाबाद, खम्मम, विजयवाड़ा, ओंगोल, नेल्लूर, गुडूर, रेनिगुंटा, तिरुत्तनी, काटपाडी, जोलारपेट, सेलम, इरोड और तिरुप्पुर होते हुए कोयम्बटूर पहुंचेगी। प्रस्तावित कोच संरचना के अनुसार ट्रेन में कुल 22 अमृत भारत एलएचबी कोच होंगे। इनमें आठ स्लीपर कोच, 12 द्वितीय साधारण श्रेणी के कोच, एक पेंट्रीकार और एक एसएलआर कोच शामिल होंगे। स्लीपर और सामान्य श्रेणी के अधिक कोच होने से लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलने की उम्मीद है। रेलवे ने ट्रेन के परिचालन को मंजूरी दे दी है, लेकिन नियमित सेवा शुरू होने की तारीख अभी तय नहीं हुई है। रेलवे की ओर से तारीख घोषित होने के बाद ही यात्रियों को बुकिंग और समय-सारिणी की पूरी जानकारी मिल सकेगी।

## वोकेशनल कोर्सेज की परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि 17 से 25 अगस्त तक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया।** बोधगया स्थित मगध विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने वोकेशनल और स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए परीक्षा फॉर्म जमा करने की आधिकारिक तिथि जारी कर दी है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार व्यावसायिक पाठ्यक्रमों जैसे एमबीए, एमसीए, एमएससी-आईटी, बायोटेक्नोलॉजी सहित अन्य संबद्ध स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के छात्र-छात्राएं बिना किसी विलंब शुल्क के 17 अगस्त से 25 अगस्त 2026 तक अपना ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म जमा कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक ने संबंधित महाविद्यालयों और विभागों को निर्देश दिया है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर छात्र-छात्राओं का परीक्षा शुल्क और फॉर्म पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा कराना सुनिश्चित करें। समय पर फॉर्म न भरने की स्थिति में अभ्यर्थियों को आगे विलंब शुल्क के साथ मौका दिया जा सकता है, इसलिए छात्रों को सलाह दी गई है कि वे 25 अगस्त से पहले अपनी प्रक्रिया पूरी कर लें।

# गांधी आजाद पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**आमस।** गांधी आजाद पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शानदार तिरंगा यात्री निकाली जिसकी इलाके में खूब प्रशंसा हो रहीं है। आमस प्रखंड क्षेत्र के बैदा गांव में स्थित गांधी आजाद पब्लिक स्कूल की ओर से 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत एक शानदार और जोशपूर्ण तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का नेतृत्व स्कूल के चेयरमैन मोहम्मद नईमुद्दीन ने की। तिरंगा यात्रा में स्कूल के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामकर पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। छात्र राष्ट्रीय गान, देशभक्ति के गीत और 'भारत माता की जय', 'हिंदुस्तान जिंदाबाद' जैसे नारे लगा रहे थे। बच्चों के चेहरे पर देशभक्ति और तिरंगे के प्रति सम्मान साफ झलक रहा था जिससे पूरा माहौल देशप्रेम की भावना से भर गया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन मोहम्मद नईमुद्दीन ने कहा कि तिरंगा सिर्फ एक झंडा नहीं है बल्कि हमारी राष्ट्रीय संप्रभुता, एकता, बलिदान और आजादी का प्रतीक है। नई पीढ़ी के दिलों में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और देश के प्रति जिम्मेदारी का भाव पैदा करना आज समय की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान का उद्देश्य हर नागरिक के मन में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देश के लिए प्रेम की भावना को और मजबूत करना है। उन्होंने आगे कहा कि भारत की असली ताकत इसकी गंगा-जमुनी तहजीब, एकता और आपसी भाईचारे में है। हमें अपने बच्चों को ऐसी शिक्षा देनी चाहिए जो उन्हें न सिर्फ सफल इंसान बनाए बल्कि एक जिम्मेदार, देशभक्त और अच्छा नागरिक भी बनाए। तिरंगा यात्रा में स्कूल के शिक्षक सैयद शकील अहमद, शुभम सिंह, अशरफ जमाली, सोनू कुमार, हसनैन हैदर, शाहिद शब्बीर, मुजफ्फर रजा, विशाल कुमार, मुज्तर रजा और मज़हर रजा सहित अन्य शिक्षक भी मौजूद रहे। शिक्षकों ने छात्रों का उत्साह बढ़ाते हुए यात्रा को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गांव की गलियों से गुजरती तिरंगा यात्रा ने स्थानीय लोगों का ध्यान भी अपनी ओर खींचा। हर तरफ लहराते तिरंगे, देशभक्ति के नारे और राष्ट्रीय भावना से भरे छात्रों का जोश एक सुंदर और यादगार दृश्य प्रस्तुत कर रहा था।

# तिरंगा रैली में 6 बिहार बटालियन एनसीसी के कैडेटों ने लिया हिस्सा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** जिला प्रशासन, गया की ओर से आयोजित 'हर घर तिरंगा' तिरंगा रैली में 6 बिहार बटालियन एनसीसी, गया कॉलेज के कैडेटों ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कैडेटों की सक्रिय सहभागिता से रैली में देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम का जोश देखने को मिला। इस अवसर पर 6 बिहार बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल पंकज कुमार, कीर्ति चक्र ने कैडेटों एवं विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति की भावना के साथ ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। गया कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सतीश चंद्र सिंह ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने 'हर घर तिरंगा' अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने तथा आम लोगों को भी इस अभियान के लिए प्रेरित करने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में एनसीसी के एएनओ संजय तिवारी ने कैडेटों का नेतृत्व किया। बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेटों की सहभागिता ने तिरंगा रैली को प्रभावी और आकर्षक बनाया। कैडेटों ने पूरे उत्साह के साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर रैली में हिस्सा लिया और लोगों के बीच राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं देशभक्ति का संदेश पहुंचाया। रैली के माध्यम से युवाओं ने देश के प्रति अपने सम्मान और समर्पण का प्रदर्शन किया। एनसीसी कैडेटों की अनुशासित एवं सक्रिय भागीदारी ने 'हर घर तिरंगा' अभियान के उद्देश्य को मजबूती प्रदान की और कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## बरसात में डूब जाता है धनछुआ मध्य विद्यालय, कीचड़ से छात्रों को परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखण्ड कोंच के ग्राम धनछुआ स्थित मध्य विद्यालय धनछुआ में बरसात शुरू होते ही जलभराव और कीचड़ की समस्या गहरा गई है। स्कूल परिसर के साथ आने-जाने वाले रास्ते पर पानी भर जाने से छात्र-छात्राओं को विद्यालय पहुंचने में भारी परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है। हर साल बरसात के मौसम में यही स्थिति बन जाती है। सामाजिक कार्यकर्ता दीपक कुमार ने बताया कि पानी और कीचड़ के कारण छोटे बच्चों का फिसलकर गिरना आम बात हो गई है। अभिभावक भी बरसात के दिनों में बच्चों को स्कूल भेजने से डरते हैं। ग्रामीणों के अनुसार जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण परिसर में कई दिनों तक पानी जमा रहता है। इससे न सिर्फ पढ़ाई बाधित होती है, बल्कि बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है।

# पर्वत पुरुष दशरथ मांझी की समाधि स्थल गेहलौर से निकली 'हर घर तिरंगा यात्रा', गूंज उठी घाटी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**गयाजी।** गया जी जिले अंतर्गत मोहड़ा प्रखंड के ऐतिहासिक गेहलौर स्थित पर्वत पुरुष बाबा दशरथ मांझी के समाधि स्थल से बुधवार को भव्य 'हर घर तिरंगा यात्रा' निकाली गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी अदिति कुमारी के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस यात्रा के दौरान पूरा गेहलौर घाटी क्षेत्र वीर सपूतों और भारत माता के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। यह तिरंगा यात्रा बाबा दशरथ मांझी समाधि स्थल से प्रारंभ होकर दर्शनीय गेहलौर घाटी से गुजरते हुए चमनडीह मोड़ तक पहुंची। यात्रा में गेहलौर पंचायत के मुखिया ठाकुर राणा रंजीत, दरियापुर मुखिया नरेश पंडित, सारसू मुखिया प्रतिनिधि सुपेंद्र कुमार, प्रखंड प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारी, जीविका दीदियां, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामे बच्चों और ग्रामीणों के देशभक्ति के नारों से पूरा वातावरण राष्ट्रप्रेम के रंग में रंगा नजर आया। बीडीओ अदिति कुमारी ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्र के लोगों, जीविका दीदियों और स्कूली बच्चों ने अभूतपूर्व उत्साह दिखाया है। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों को नमन करना तथा आम नागरिकों को अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना है।

# चोरी की घटनाओं पर नगर परिषद गंभीर, संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी लगाने की तैयारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** शहर में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं को देखते हुए नगर परिषद ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की दिशा में पहल तेज कर दी है। नगर परिषद की आयोजित बैठक में पार्षदों ने शहर के संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का प्रस्ताव रखा। बैठक में कहा गया कि नगर क्षेत्र के सभी 28 वार्डों में चोरी की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों की पहचान कर वहां कैमरे लगाए जाएं, ताकि असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके और अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। बैठक में शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने, पेयजल, बिजली तथा अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा हुई जिन क्षेत्रों में अब तक नल-जल योजना की सुविधा नहीं पहुंच सकी है, वहां योजना का विस्तार करने के लिए शीघ्र टेंडर जारी करने पर सहमति बनी। बिजली विभाग की ओर से शहर में नए बिजली पोल एवं तार लगाने के कार्यों की प्रगति से भी पार्षदों को अवगत कराया गया। पशुपालन विभाग ने पशुओं के टीकाकरण अभियान की जानकारी दी। वहीं जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र एवं आधार कार्ड बनाने की व्यवस्था को और सरल एवं सुलभ बनाने पर भी चर्चा हुई। नगर परिषद की दुकानों के किराया निर्धारण, एग्रीमेंट की प्रक्रिया तथा दुकानदारों के लिए कॉमर्शियल लाइसेंस शुल्क तय करने के प्रस्ताव पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर परिषद की ओर से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में मुख्य पार्षद गीता देवी, उप मुख्य पार्षद तारकेश्वर चौधरी, नगर कार्यपालक पदाधिकारी रिचा प्रियदर्शनी, पार्षद जितेंद्र सिंह, अशोक सिंह, पप्पू सिंह, पुष्पा कुमारी, आलिया तबस्सुम, सुमित्रा देवी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## मारपीट के दो साल पुराने मामले में फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोंच पुलिस ने मारपीट के 2 साल पुराने कांड में फरार चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त कोंच थाना क्षेत्र के लक्ष्मण बिगहा का रहने वाला है। कोंच थानाध्यक्ष आलोक रंजन ने बताया कि वादिनी मुन्ना देवी पति सूर्यदेव यादव ने आवेदन देकर आरोप लगाया था कि विकास यादव अपने सहयोगियों के साथ उनके घर के सामने रखे नाद को हटाकर टेम्पू पार कर रहा था। मना करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जान मारने की नीयत से लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर से मारकर बुरी तरह जख्मी कर दिया था। बीच-बचाव करने आए परिवार वालों के साथ भी मारपीट की गई थी। इस संबंध में कोंच थाना में कांड संख्या 248/24 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया था। एसएसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष छापामारी अभियान के तहत पुलिस जब अभियुक्त को गिरफ्तार करने लक्ष्मण बिगहा पहुंची तो विकास यादव पुलिस को देखकर छत से कूदकर भागने का प्रयास करने लगा। इस दौरान वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे मौके से दबोच लिया। घायल अवस्था में उसे सीएचसी कोंच में इलाज कराया गया। इलाज के बाद उसे न्यायिक हिरासत में बुधवार सुबह जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान विकास यादव, पिता होरिल यादव, ग्राम लक्ष्मण बिगहा के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि कांड में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## पति-पत्नी का विवाद सुलझाने पहुंचे चाचा पर भतीजे का चाकू से हमला, आरोपित हिरासत में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शेरघाटी थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव में पारिवारिक विवाद सुलझाने पहुंचे चाचा और अन्य पर भतीजे द्वारा चाकू से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में संजय गुप्ता, सतेंद्र प्रसाद गुप्ता, उपेंद्र कुमार तथा अजय साव घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज कराया गया। घायल संजय गुप्ता ने बताया कि परिवार में पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद को सुलझाने के लिए कई दिनों से प्रयास किया जा रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि भतीजा विक्की कुमार लगातार समझौते के लिए समय और स्थान बदलता रहा। बुधवार को जब परिवार के सभी सदस्य मोहनपुर से दरियापुर पहुंचे और बातचीत शुरू हुई, तभी विक्की कुमार ने अचानक चाकू निकालकर हमला कर दिया। घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई और परिजनों ने किसी तरह घायलों को सुरक्षित बाहर निकालकर उपचार के लिए भेजा।

## लाइब्रेरियन अल्का सिंह राजपूत मुजफ्फरपुर में सम्मानित, कॉलेज में खुशी की लहर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया।** विशाल प्राइवेट आईटीआई बोधगया की लाइब्रेरियन अल्का सिंह राजपूत को मुजफ्फरपुर के एलएस कॉलेज में आयोजित 134वें पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान कॉलेज की प्राचार्या डॉ. कनुप्रिया के हाथों प्रदान किया गया। इस गरिमामयी समारोह में दिल्ली विश्वविद्यालय के सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. अभय चौरसिया मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस उपलब्धि की जानकारी देते हुए विशाल मेमोरियल ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित विशाल प्राइवेट आईटीआई बोधगया के प्राचार्य नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अल्का सिंह राजपूत का इस तरह सम्मानित होना पूरे संस्थान और क्षेत्र के लिए बेहद गर्व का विषय है। इस सम्मान से संस्थान से जुड़े सभी कर्मियों और विद्यार्थियों में काफी हर्षोल्लास का माहौल है।

# क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता में गुरुआ की खुशबू ने हासिल किया प्रथम स्थान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गुरुआ।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा विद्यार्थियों में शब्द-ज्ञान, भाषा कौशल, तार्किक सोच, समग्र समझ एवं समस्या समाधान की क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता में गुरुआ की छात्रा खुशबू कुमारी ने जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। खुशबू कुमारी +2 उपेन्द्र नाथ वर्मा उच्च विद्यालय, सिमारू, गुरुआ की छात्रा है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। प्रतियोगिता में जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर ने अपने कार्यालय कक्ष में सम्मानित किया। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से प्राप्त बैग एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। साथ ही प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को क्रमशः 8 हजार, 6 हजार एवं 4 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया। जिलाधिकारी ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में ज्ञान, तर्कशक्ति और समस्या समाधान की क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## पोखरपुर-राजबलिया पुल निर्माण में देरी से ग्रामीणों में नाराजगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**डुमरिया।** गया जिले के डुमरिया प्रखंड अंतर्गत भंगिया पंचायत के पोखरपुर और राजबलिया के बीच पुल निर्माण कार्य अब तक पूरा नहीं होने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों के अनुसार पुल निर्माण का शिलान्यास 15 जुलाई 2025 को हुआ था, लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण स्थल से ठेकेदार द्वारा निर्माण सामग्री और अन्य सामान भी उठाकर ले जाया गया है। पुल का निर्माण अधूरा रहने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले को लेकर स्थानीय लोगों ने विधायक दीपा मांझी, सांसद अभय कुमार सिन्हा एवं एमएलसी रिंकू यादव के प्रति भी अपनी नाराजगी जाहिर की है। ग्रामीणों का कहना है कि जनप्रतिनिधियों से कई उम्मीदें हैं और क्षेत्र की इस महत्वपूर्ण समस्या का जल्द समाधान होना चाहिए। ग्रामीणों ने प्रशासन एवं संबंधित विभाग से मांग की है कि पुल निर्माण कार्य को शीघ्र दोबारा शुरू कराकर जल्द से जल्द पूरा कराया जाए, ताकि लोगों को आवागमन की समस्या से राहत मिल सके।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग,**
**पथ प्रमंडल, डालटनगंज**
(E-Mail ID – eercdmedini@gmail.com, eercdmedini-jhr@nic.in)

**अल्पकालीन कोटेशन (उद्धरण) आमंत्रण–सूचना**
**(वर्ष 2026–27)**
**Notice No.- RCD/Daltonganj/Quotation/ 2026-27/ NP**
**दिनांकः–11.08.2026**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | :– | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज। |
| 2 | कोटेशन (उद्धरण) प्राप्त करने की तिथि एवं समय | :– | दिनांक–24.08.2026 को 3.00 बजे अपराह्न तक। |
| 3 | कोटेशन (उद्धरण) खोलने की तिथि एवं समय | :– | दिनांक–24.08.2026 को 3.30 बजे अपराह्न के बाद। |
| 4 | कोटेशन (उद्धरण) प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज के कार्यालय परिसर में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा। |
| 5 | कार्य का विवरण | :– | वित्तीर्य वर्ष 2026–27 हेतु स्थापना व्यय अंतर्गत स्वीकृत प्रमण्डलीय कार्यालय परिसर में अवस्थित गुण नियंत्रण, पथ निर्माण विभाग, डालटनगंज अंतर्गत Equipment/Device का कोटेशन(उद्धरण) |

| S.No. | Item Name | Quantity |
|---|---|---|
| 1 | Electronic Balances (0.5g) accuary | 6 |
| 2 | Thermostate Oven | 1 Nos |
| 3 | AIV Machine | 1 Nos |
| 4 | Infrared Digital Thermometer (00-2500c) | 2 Nos |
| 5 | Bitumen Extractor (Electronic) | 1 Nos |
| 6 | G.I. Tray of Size (1000 mm x 600 mm x 7.5 mm) | 2 Nos |
| 7 | G.I. Tray of Size (400 mm x 300 mm x 50 mm) | 2 Nos |
| 8 | Specific gravity apparetus (1set) | 1 Nos |
| 9 | Compression Testing Machine Digital | 1 Nos |
| 10 | Core cutting/Drelling Machine Engine drivew Disel/Petrol | 1 Set |
| 11 | Steel Thermometer | 4 Nos |
| 12 | Rodo meter | 2 Nos |
| 13 | Filter Paper (for centrefuge bitumen extractor) | 10 Packets |
| 14 | Benzene | 5 L |
| 15 | Thickness Guage | 5 Nos |
| 16 | Measuring Tape - 30 meter | 3 Nos |
| 17 | Leveling Machine | 1 Set |
| 18 | Digital Electronic Balance - 300 kg capacity | 1 Nos |
| 19 | Electronic Balances (10 kg) accuary capacity | 1 Nos |

**आवश्यक शर्तें**
1. उद्धरणदाता को उद्धरण प्रपत्र के साथ पैन नं0 / जी0एस0टी0 नं0 का छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. बिना कारण बताये किसी भी समय उद्धरण रद्द / स्थगित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
3. उपर्युक्त गुणवतापूर्ण सामग्रियों की आपूर्ति पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज के कार्यालय में किया जायेगा।

कार्यपालक अभियंता,
प0नि0वि0, पथ प्रमंडल, डालटनगंज।

PR.NO.387332 District(26-27):D



**कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा**

**धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना अन्तर्गत आवेदन आमंत्रण सूचना**

गढ़वा जिले के अनुसूचित जनजाति बहुल गाँवों और आकांक्षी प्रखण्डों (Aspirational Block) में मात्स्यिकी से जुड़े कृषकों अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने हेतु इच्छुक व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार का पत्रांक D.O.No-j-01013/48/2024-Fy द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 में अनुसूचित जनजाति बहुल गाँवों और आकांक्षी प्रखण्डों (Aspirational Block) में जनजाति परिवारों का अधिकाधिक कवरेज करते हुए उनकी सामाजिक आर्थिक स्थिति सुधार करने हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 से 2028–29 तक ''धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (DAJGUA)' प्रारंभ की गई है। इस अभियान में केन्द्र प्रायोजित–प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति कोटि के लाभुकों को योजना इकाई लागत का 90% सरकार का अनुदान दिया जाएगा एवं शेष राशि लाभुक अंशदान होगा। मत्स्य निदेशालय झारखण्ड, राँची के पत्रांक 469 दिनांक 09.04.2026 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2026–27 अन्तर्गत धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (DAJGUA) हेतु चयनित गॉवों और आकांक्षी प्रखण्डों (Aspirational Block) के मात्स्यिकी से जुड़े कृषकों अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने हेतु जिला स्तरीय समिति द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना से जिले के लिए चयनित कम्पोनेन्ट निम्नवत् है–

| क्र0 | योजना क्र0 | योजना का नाम | इकाई | इकाई लागत (ला0 में) | संभावित लक्ष्य कोटि अ0ज0 जा0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1.3 | नया ग्रो आउट तालाब | हे0 में | 7.00 | 05 |
| 2 | 1.10 | बॉयोफ्लॉक तालाब निर्माण | 0.1 हे0 | 14.00 | 05 |
| 3 | 5.1 | मध्यम आर0ए0एस0 इकाई की स्थापना –06 टैंक। | सं0 में | 25.00 | 02 |
| 4 | 5.1 | 50 टैंक वाले बॉयाफ्लॉक की स्थापना | सं0 में | 50.00 | 02 |
| 5 | 5.1 | 25 टैंक वाले बॉयाफ्लॉक की स्थापना | सं0 में | 25.00 | 02 |
| 6 | 5.2 | छोटा आर0ए0एस0 इकाई की स्थापना –01 टैंक। | सं0 में | 7.50 | 02 |
| 7 | 5.2 | 07 टैंक वाले बॉयाफ्लॉक की स्थापना | सं0 में | 7.50 | 05 |
| 8 | 5.4.1 | जलाषयों में केज अधिष्ठापन | सं0 में | 3.00 | 100 |
| 9 | 5.5 | आर0एफ0एफ0 / पेन कल्चर द्वारा मत्स्य पालन | सं0 में | 3.00 | 100 |
| 10 | 6.1 | 10 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज) | सं0 में | 40.00 | 01 |
| 11 | 6.2 | रेफ्रिजेरेटेड वाहन | सं0 में | 25.00 | 02 |
| 12 | 6.4 | आईसबॉक्स के साथ मोटरसाईकिल | सं0 में | 0.75 | 10 |
| 13 | 6.6 | मछली बिक्री के लिए आईस बॉक्स के साथ तीन पहिया वाहन (ई–रिक्शा भी) | सं0 में | 3.00 | 05 |
| 14 | 6.7 | जिन्दा मछली बिक्री केन्द्र | सं0 में | 20.00 | 01 |
| 15 | 6.8 | लघु फिश फीड मिल (प्रतिदिन 02 टन उत्पादन क्षमता) | सं0 में | 30.00 | 01 |

उक्त भौतिक लक्ष्य DLC से पारित के आधार पर दी गई संभावित लक्ष्य है, मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड राँची से निर्गत स्वीकृत्यादेश में जिले को प्राप्त लक्ष्य मान्य होगा।

वित्तीय वर्ष 2026–27 में उक्त योजना का लाभ लेने हेतु गढ़वा जिले के मात्स्यिकी से जुड़े कृषकों अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने के लिए इच्छुक व्यक्तियों से जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा में दिनांक 29.08.2026 तक आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा में निःशुल्क उपलब्ध है।

**नोट** :– इस योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय एवं सूचना पट्ट से प्राप्त किया जा सकता है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (DAJGUA) के लिए चयनित ग्राम / पंचायत / प्रखण्ड की सूची कार्यालय, के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

**नियम व शर्तें** :–
1. धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान(DAJGUA)के लिए चयनित ग्राम / पंचायत / प्रखण्ड के लोग ही आवेदन करेंगे।
2. आवेदक के पास संबंधित योजना के लिए निजी प्रयाप्त जमीन होना आवश्यक है।
3. आवेदक अपना अंशदान लगाने में सक्षम हो।
4. आवेदक अनुसूचित जनजाति कोटि के हो।
5. आवेदक NFDP पोर्टल पर पंजीकृत हो।
6. आवेदक आवेदन के साथ अपना आधार / पासबुक / पैन / जमीन का रसीद / अपना अंशदान लगाने संबंधी शपथ प्त्र / पासपोर्ट साईज फोटो / जाति प्रमाण पत्र / संबंधित योजना के लिए भू–स्वामित्व प्रमाण पत्र / DPR आदि संलग्न करेंगे।

ह0 / –
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

PR 387281 Fish(26-27)#D

संपादकीय

## मक्का समझौता और भारत की चिंता

मुसलमानों के सबसे बड़े पवित्र स्थल मक्का में सऊदी अरब, तुर्किए और पाकिस्तान के बीच हुआ सैन्य रक्षा समझौता निश्चित रूप से भारत की चिंताएं बढ़ाने वाला है। खासकर पाकिस्तान की भूमिका और भारत युद्ध की स्थिति में सऊदी अरब और तुर्किए की संभावित भूमिका को लेकर। जाहिरा तौर पर यह समझौता किसी देश विशेष के खिलाफ नहीं है, लेकिन पाकिस्तान इसका इस्तेमाल भारत के खिलाफ करने से शायद ही चूकेगा। दुनिया में इस समझौते को इस्लामिक नाटो अथवा शिया ईरान के खिलाफ सुन्नी गठबंधन के रूप में देखा जा रहा है। आपस में रक्षा समझौता करने वाले तीनो देश अमेरिका के समर्थक हैं और तुर्किए तो अमेरिकानीत नाटो का सदस्य है। माना जा रहा है कि इस समझौते को अमेरिका का मौन समर्थन प्राप्त है। व्यावहारिक तौर पर यह समझौता तीनो देशों ने मुख्य रूप से ईरान और इजराइल के खिलाफ किया दिखाई पड़ता है। गौरतलब है कि सऊदी क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान, तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप अर्दोआन और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ ने बीते शुक्रवार 7 अगस्त को एक शिखर बैठक कर 'मक्का संयुक्त रक्षा समझौते' पर हस्ताक्षर किए थे, जिसने पूरी दुनिया में हलचल मचा दी थी। पिछले महीने 30 जुलाई को सऊदी अरब ने लाल सागर में समुद्री व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति मार्गों की सुरक्षा के लिए एक बहुराष्ट्रीय गठबंधन बनाने की योजना की घोषणा की थी। ये घोषणा ऐसे समय की गई थी, जब यमन के हूती विद्रोहियों के सऊदी जहाजों और ठिकानों पर हमले जारी हैं। इससे सऊदी अरब बहुत परेशान है। इन हमलों से उसकी तेल अधोसरंचना और निर्यात पर विपरीत असर हो रहा है। हूतियों के हमले ईरान के इशारे पर हो रहे हैं। तीन देशों का ये रक्षा समझौता क्या है, कितना प्रभावी है, इसको लेकर अरब जगत में कई तरह की चर्चाएं और राये हैं। अरब मीडिया के एक वर्ग ने इसे मध्य पूर्व के शक्ति संतुलन में नया मोड़ बताया तो कुछ ने इस्लामिक नेटो की संभावना की ओर इशारा किया है। लेकिन मिस्र के इस त्रिपक्षीय समझौते में शामिल न होने को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। जबकि यूएई के मीडिया ने इसे सीमित महत्व दिया। टीवी चैनल अल जज़ीरा से बातचीत में सऊदी राजनीतिक विश्लेषक ख़ालिद बातरफ़ी ने कहा कि यह समझौता रक्षात्मक प्रकृति का है, लेकिन यह किसी भी आक्रमण का जवाब देगा, ख़ासकर अगर वह ईरान या इजराइल की तरफ़ से हो। उन्होंने ईरान को सावधान रहने की चेतावनी भी दी, अगर वह इन तीनों देशों में से किसी पर हमला करने की योजना बना रहा है। तुर्किए के शोधकर्ता मुस्तफ़ा जिनार ने कहा कि यह समझौता मध्य पूर्व के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकता है। सैन्य विश्लेषक फ़ैसल अल-हमद ने अल अरबिया से कहा कि यह समझौता 'एक संदेश है कि यह पूरी तरह रक्षात्मक गठबंधन है, जिसका उद्देश्य मध्य पूर्व की सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करना है। यह गठबंधन किसी विशेष क्षेत्रीय घटना के जवाब के तौर पर नहीं बनाया गया है। राजनीतिक शोधकर्ता मुस्तफ़ा शलाश ने कहा कि यह एक रणनीतिक समझौता है, जो तीनों देशों को एक-दूसरे की क्षमताओं का पूरक बनने में मदद करेगा। जहां तक भारत की बात है सऊदी कभी भारत के खिलाफ पाकिस्तान के साथ खुलकर आएगा, इसकी संभावना कम ही है। लेकिन भारत द्वारा सिंदूर 2 की स्थिति में वह आर्थिक रूप से पाकिस्तान की मदद कर सकता है। तुर्किए ने तो सिंदूर 1 में पाक की खुलकर मदद की थी। वैसे खुद पाक ईरान के खिलाफ अपनी सेना उतारेगा, इसकी संभावना कम ही है, क्योंकि अभी तक तो उसने ऐसा नहीं किया है।

# संवाद और संग्राम के बीच हमारी सभ्यता

**वैसे तो पूरी मानव सभ्यता ही संवाद और संग्राम के बीच उलझी हुई है लेकिन भारत विशेष तौर पर इसका शिकार है। जंतर मंतर आंदोलन के बाद पूरे देश के युवा आंदोलित हैं। वे शिक्षा मंत्री के इस्तीफे से संतुष्ट नहीं हैं। उन्हें पूरी शिक्षा व्यवस्था में बदलाव चाहिए। शायद पूरी व्यवस्था में परिवर्तन चाहिए। मौजूदा व्यवस्था में उनका दम घुटने लगा है। विपक्ष संसद में उनके मुद्दों को उठा रहा है। संसद बार बार स्थगित होती रहती है और बीच में सरकार कोई न कोई बिल पास करा रही है। विपक्ष गृहमंत्री अमित शाह से 20 जुलाई को युवाओं पर हुए लाठीचार्ज पर संसद में बयान की मांग कर रहा है। लेकिन राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के आग्रह के बावजूद गृहमंत्री सदन में आने को तैयार नहीं हैं। वे सारा दिन अपने कार्यालय में बैठते हैं लेकिन सदन का सामना नहीं करना चाहते। सरकार अपने अहंकार के कक्ष में क़ैद है। एक नमूना संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजुजू का बयान है।**

सभापति के अनुरोध के बाद दूसरे दिन उन्होंने कहा, 'केंद्रीय मंत्री अमित शाह के नाम से आतंकवादी और अलगाववादी कांपते हैं। वे जब संसद में बोलेंगे तो विपक्ष झेल नहीं पाएगा। विपक्ष सरकार को निर्देश नहीं दे सकता। मंत्रिमंडल की सामूहिक जवाबदेही होती है इसलिए कौन मंत्री बोलेगा इसे सदन के पीठासीन अधिकारी और सरकार मिलकर तय करते हैं। 'ऐसा कहते हुए वे विपक्ष को धमका रहे हैं और साथ ही अपने अहंकार का भी प्रदर्शन कर रहे हैं। वे संसदीय लोकतंत्र के उस सिद्धांत की उपेक्षा कर रहे हैं जिसके तहत यह माना गया है कि कार्यपालिका विधायिका के प्रति जवाबदेह है। याद रखना होगा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने टूजी घोटाले से बने संदेह को दूर करने के लिए एक बार स्वयं लोक लेखा समिति के समक्ष पेश होने की इच्छा जताई थी। प्रेस कांफ्रेंस तो वे समय निकालकर करते ही रहते थे। लेकिन इस सरकार ने कार्यपालिका को संसद, संविधान और न्यायपालिका सभी से ऊपर स्थापित कर दिया है। ऐसा कहते हुए इस सरकार के संसदीय कार्य मंत्री किसी संवाद से अधिक संग्राम के लिए विपक्ष और देश को ललकार रहे हैं।

दूसरी ओर मुंबई के बांद्रा-कुर्ला में नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में संघ प्रमुख मोहन भागवत साफ कहते हैं, 'प्रदर्शन लोकतंत्र का हिस्सा है। यदि युवा आवाज उठाएं तो उन्हें देशद्रोही न कहो। शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांगें जायज हैं। उनकी मांगें नहीं सुनीं गई इसलिए वे आंदोलन कर रहे हैं। नई पीढ़ी पिछली पीढ़ी के मुकाबले अधिक ईमानदार है। मैं जेन-जी पर आंख मूंदकर भरोसा करूंगा। वास्तव में आंदोलन भी संवाद का ही एक हिस्सा है।'

क्या यह संघ परिवार और उसकी सलाह से चलने वाली सरकार के भीतर का अंतर्विरोध है जिससे मौजूदा समस्या का समाधान निकलेगा या यह युवाओं के आक्रोश को ठंडा करने और थोड़ा पीछे हटकर हिंदू राष्ट्र के एजेंडा पर काम करने की रणनीति? दोनों चीजें हो सकती हैं लेकिन किसी श्रेष्ठ सभ्यता का अपने नागरिकों से संवाद करने का यह तरीका तो नहीं है। इस समय संघ परिवार और कॉरपोरेट के नियंत्रण में चलने वाली व्यवस्था के संचालकों की चिंताएं दो तरह की हैं। संघ परिवार की चिंता यह है कि भारतीय संस्कृति के मटमैले जल में डुबोकर वह युवाओं के सारे प्रश्नों को मार क्यों नहीं पाया? जबकि उसके पहले की पीढ़ी को उसने इस तरह डुबोया था कि उसकी नाक से निकलते सांस के बुलबुले ही बचे थे क्योंकि उसने भाषा को मंदिर में कैद कर दिया था। और उसे बोलना बंद कर दिया गया था। चारों ओर एक ही राग था। आरोह में महामानव का विराट विश्वगान और अवरोह में एक संन्यासी की बुलडोजरी कानून व्यवस्था।

फिर भी युवा पीढ़ी अपने पिताओं की तरह आज्ञापालक नहीं बन पाई। दूसरी ओर कॉरपोरेट की चिंता यह है कि प्रौद्योगिकी और प्रबंधन से सहज प्रतिभाएं अब कंपनियों के विलासिता से भरे और सरोकारहीन दमघोटूं माहौल से बाहर निकलना चाहती हैं और बायकाट करना चाहती हैं उनके उत्पादों का। 38 करोड़ युवाओं की प्रतिभा का इस्तेमाल तो वे कभी नहीं कर पाएंगे लेकिन इस बाजार को वे हाथ से कैसे जाने दें। वे हतप्रभ हैं कि उन्होंने इस पीढ़ी को धूल मिट्टी से उठाकर एआई के कल्पनालोक तक पहुंचा दिया फिर भी वह विद्रोह क्यों कर रही है। सभी को दबा देने का घमंड रखने वाली सरकार का विश्वास डगमगा रहा है। सूख रहा है संघ द्वारा बनाए कुएं में भरा भारतीय संस्कृति का नकली जल। और छंट रही है कॉरपोरेट की पैकेज प्रधान विलासिता की दुनिया की धुंध। सवाल यह है कि क्या भारत में युवा पीढ़ी के असंतोष और विद्रोह पर ठीक से बहस हो पाएगी? या फिर वह हाय-हाय करते हुए हैं, हें करते हुए, हा हा करते हुए बिखर जाएगी? रघुवीर सहाय ने पिछली सदी के सातवें दशक में भारतीय समाज की इसी प्रवृत्ति पर राजनीतिक कटाक्ष करते हुए अपनी प्रसिद्ध कविता एक 'अधेड़ भारतीय आत्मा' में लिखा था:----

हर संकट भारत में एक गाय होता है<br>
ठीक समय पर ठीक बहस कर नहीं सकती<br>
राजनीति<br>
बाद में जहां कहीं से शुरू करो<br>
बीच सड़क पर गोबर कर देता है विचार।

इसलिए युवा पीढ़ी के विद्रोही तेवर और तर्कशीलता देखकर जितनी आशा बनती है उतनी ही निराशा पनपती है। मोहन भागवत शायद आक्रोशित कुछ युवाओं का दिल जीतकर उन्हें संवाद की दिखावटी दुनिया में ले जाना चाहते हैं, ताकि बीच सड़क पर राष्ट्रवाद और लोकतंत्र के विचार का गोबर किया जा सके। क्या आंबेडकर और भगत सिंह के विचारों और गांधी के तरीकों से लैस युवा संघ सरकार और कॉरपोरेट के इस चक्रव्यूह का मुकाबला कर सकेंगे? क्या तेजी से परिणाम चाहने वाले युवा बहुत कुछ छोड़कर उतना समय दे सकेंगे जितना इस लड़ाई के लिए चाहिए? भाषाविद् और समाजवादी बौद्धिक गणेश देवी का कहना है कि यह तीव्र प्रौद्योगिकी का है और पता ही नहीं चलता कि कब देश और दुनिया के किस कोने से परि वर्तन की लहर उठे और बहुत कुछ बदल कर रख दे। भारतीय सभ्यता ने विदेशियों के क्रूर आक्रमण और शासन झेले, उनसे लड़े और पराजित भी किया। लेकिन यह दौर पिछले दौरों से अधिक जटिल और कठिन है। क्योंकि शासन करने वाले, छल कपट और दमन करने वाले अपने ही लोग हैं।


ऊपर से उन्होंने भारतीयता और हिंदू धर्म का चोला पहन रखा है। उनकी पीठ पर विदेशी आततायियों का हाथ है लेकिन विदेशी सहायता और समर्थन का आरोप वे दूसरों पर लगा लेते हैं। वे चाहते हैं कि उनकी अपनी सप्लाई लाइन बनी रहे लेकिन बाकी लोगों की कट जाए। एफसीआरए कानून में संशोधन का मकसद यही है। लेकिन वे भूल रहे हैं कि पिछली पीढ़ी से विद्रोह करने की परंपरा न तो यूरोप से आई है और न ही आज नेपाल, श्रीलंका और बांग्लादेश को देखकर पैदा हुई है। वास्तव में यह पौराणिक है। यह मानव सभ्यता के मूल में है। अगर ऐसा न होता तो नचिकेता अपने पिता बाजश्रवा से प्रश्न करते करते यमराज के पास न पहुंच जाता। सच के लिए विद्रोह करने की इसी परंपरा को कुंवर नारायण ने 'नचिकेता' नामक कविता में सशक्त ढंग से कहा है:–

असहमति को अवसर दो<br>
सहिष्णुता को आचरण दो<br>
कि बुद्धि सिर ऊंचा रख सके....<br>
उसे हताश मत करो काइयां तर्कों से हरा-हराकर।<br>
अविनय को स्थापित मत करो,<br>
उपेक्षा से खिन्न न हो जाए कहीं<br>
मनुष्य की साहसिकता।<br>
अमूल्य थाती है यह सबकी<br>
इसे स्वर्ग के लालच में छीन लेने का<br>
किसी को अधिकार नहीं...<br>
आह, तुम नहीं समझते पिता, नहीं समझना चाह रहे,<br>
कि एक-एक शील पाने के लिए<br>
कितनी महान आत्माओं ने कितना कष्ट सहा है....<br>
तुम्हारी दृष्टि में मैं विद्रोही हूं<br>
सत्य, जिसे हम सब इतनी आसानी से<br>
अपनी-अपनी तरफ़ मान लेते हैं, सदैव<br>
विद्रोही सा रहा है।<br>
यह सब धर्म नहीं- धर्म सामग्री का प्रदर्शन है<br>
अन्न, घृत, पशु, पुरोहित, मैं....<br>
शायद इस निष्ठा में हर सवाल बाधा है<br>
जिसमें मनुष्य नहीं अदृश्य का साझा है<br>
तुम सब चतुर और चमत्कारी<br>
बहुमत यही है- ऐसा ही सब करते<br>
कितनी शक्ति है इस स्थिति में<br>
जिससे भिन्न सोचते ही<br>
मैं विधर्मी हो जाता हूं<br>
मनुष्य स्वर्ग के लालच में<br>
अक्सर उस विवेक तक की बलि दे देता<br>
जिस पर निर्भर करता<br>
जीवन का वरदान लगना।

संवाद और संग्राम उसी ने किया है जिसने स्वर्ग का लालच छोड़ा है और माना है विवेक को जीवन का वरदान। चाहे नचिकेता रहे हों या फिर गांधी, आंबेडकर और भगत सिंह हों। उन्होंने न सिर्फ अपने स्थापित रीति रिवाजों और पहले की पीढ़ी से विद्रोह किया बल्कि विवेक की पताका को आसमान तक उठाया। आशा है नई पीढ़ी विद्रोह की उस राह पर दृढ़ता से आगे बढ़ेगी।

अध्यात्म

## रहस्य खुशहाली का



एक किसान बहुत ही उम्दा किस्म का मक्का उगाता था। हर वर्ष उसकी उगाई हुई मक्का राष्ट्रीय फसल मेला में पुरस्कृत होती थी। एक बार राष्ट्रीय समाचार पत्र का एक पत्रकार उसका साक्षात्कार लेने,और यह जानने की उत्सुकता के साथ कि वह हर वर्ष ऐसा कैसे कर पता है,उस मेले में आया।

किसान के क्षेत्र के दूसरे किसानों से उसके बारे में पूछने पर पता चला कि, यह किसान हर वर्ष अपने पडौसियों को भी अच्छी किस्म की मक्का का बीज निःशुल्क बांटता है। रिपोर्टर किसान के पास गया और उससे पूछा, 'आप अपने सभी पड़ौसियों को अच्छी किस्म का बीज निःशुल्क क्यों बांटते हैं? इससे तो आपका कितना खर्च हो जाता होगा? '

किसान ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, 'क्या आप नहीं जानते ? हवाएँ पके हुए मक्का के पराग कणो को उड़ा कर आसपास के खेतों में फैला देती हैं।यदि मेरे पड़ौसी बेकार किस्म का मक्का बोयेंगे तो हर साल उनकी फसल से आये पराग कण मेरे खेतों में भी बिखरेंगे और क्रॉस पोलिनेशन के कारण साल दर साल मेरी फसल की गुणवत्ता गिरती चली जाएगी। इसलिए यदि मैं अच्छी मक्का उगाना चाहता हूँ तो मुझे मेरे पड़ौसियों को भी अच्छी मक्का उगने में मदद करनी ही होगी। '

वास्तव में हमारे जीवन की सच्चाई भी कुछ इसी प्रकार की है। यदि हम अच्छा और खुशहाल जीवन जीना चाहते हैं, तो हमें हमसे जुड़े सभी लोगों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करना चाहिए और उनकी सहायता करनी चाहिए। हमारे जीवन में खुशी और शांति का स्थायी वास तभी हो सकता है जब हमसे जुड़े हुए लोग भी खुशहाल हों।

# क्या देश का स्वर्ण भंडार बनेगा सहारा?

**पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने एक बार फिर भारत की आर्थिक संवेदनशीलताओं को उजागर कर दिया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की अस्थिर कीमतों के कारण ब्रेंट क्रूड हाल के दिनों में 90 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुँच गया। तेल की बढ़ती कीमतें सीधे आयात बिल, महँगाई और चालू खाते के घाटे पर दबाव डालती हैं। तेल आयात पर सरकार का नियंत्रण सीमित है, किंतु सोने का आयात ऐसा क्षेत्र है जहाँ नीति के माध्यम से हस्तक्षेप की संभावना बनी रहती है। इन परिस्थितियों के बीच केंद्र सरकार एक बार फिर स्वैच्छिक स्वर्ण प्रकटीकरण योजना अथवा इससे मिलती-जुलती किसी व्यवस्था पर विचार कर रही है। यदि यह प्रस्ताव साकार होता है, तो तीन दशक बाद भारत अपनी निष्क्रिय स्वर्ण संपदा को आर्थिक शक्ति में बदलने का एक और ऐतिहासिक प्रयोग कर सकता है। ऐसी योजनाएँ सामान्यतः जनता के पास निवेश के रूप में निष्क्रिय पड़े सोने–विशेषकर सोने की ईंटों और सिक्कों–को औपचारिक अर्थव्यवस्था का हिस्सा बनाने में सहायक होती हैं।**

इससे सोने के आयात में कमी लाई जा सकती है, विदेशी मुद्रा की बचत हो सकती है तथा चालू खाते के घाटे पर भी नियंत्रण पाया जा सकता है। यह विचार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस मितव्ययिता संबंधी अपील से भी जुड़ा माना जा रहा है, जिसमें उन्होंने नागरिकों से एक वर्ष तक त्योहारों पर सोना खरीदने से परहेज करने, ईंधन की बचत करने और अनावश्यक विदेशी यात्राएँ कम करने का आग्रह किया था। भारत में सोना निवेश के साथ साथ हमारी सांस्कृतिक, धार्मिक और पारिवारिक परंपराओं से गहराई से जुड़ा हुआ है। अनुमान है कि भारतीय परिवारों के पास दुनिया का सबसे बड़ा निजी स्वर्ण भंडार है, जिसका बड़ा हिस्सा निष्क्रिय रूप से घरों और तिजोरियों में पड़ा रहता है। यदि इस संपदा का एक छोटा भाग भी औपचारिक वित्तीय व्यवस्था में आ जाए तो यह देश की अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकता है।



भारतीय इतिहास बताता है कि राष्ट्रीय संकट के समय सोना देश की आर्थिक सुरक्षा का आधार भी बना है। 1991 का विदेशी मुद्रा संकट इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। उस समय भारत के विदेशी मुद्रा भंडार घटकर लगभग 1.1 अरब डॉलर रह गए थे, जो केवल दो-तीन सप्ताह के आवश्यक आयात के लिए पर्याप्त थे। ऐसी विकट परिस्थिति में भारतीय रिज़र्व बैंक और सरकार ने अभूतपूर्व निर्णय लेते हुए लगभग 46.91 टन सोना गिरवी रखकर 405 मिलियन डॉलर की विदेशी मुद्रा जुटाई। यह निर्णय तत्कालीन परिस्थितियों में अत्यंत कठिन था, किंतु इसी ने भारत को आर्थिक दिवालियेपन से बचाया और आर्थिक उदारीकरण के नए युग का मार्ग प्रशस्त किया। 1993 में संकट से उबरने के बाद सरकार ने 'गोल्ड बॉन्ड योजना' शुरू की। इसके तहत न्यूनतम 500 ग्राम सोना पाँच वर्ष के लिए जमा करना अनिवार्य था। परिपक्वता पर वही सोना लौटाया जाता और प्रति ग्राम 40 रुपये का एकमुश्त ब्याज दिया जाता। योजना की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि सरकार ने जमा किए गए सोने के स्रोत पर कोई प्रश्न नहीं उठाया और जांच से छूट का भरोसा दिया। इसी विश्वास और आर्थिक प्रोत्साहन के कारण लगभग 41.12 मीट्रिक टन सोना सरकार के पास जमा हुआ। मोदी सरकार ने 2015 में सोवरेन गोल्ड बॉन्ड योजना शुरू की, जिसने निवेशकों को लाभ पहुँचाया लेकिन बढ़ती सोने की कीमतों के कारण सरकार पर राजकोषीय बोझ डाल दिया। यह स्वर्ण को औपचारिक वित्तीय व्यवस्था से जोड़ने के प्रयासों की महत्वपूर्ण कड़ी थी। आज की परिस्थितियाँ 1991 जैसी नहीं हैं। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 675 अरब डॉलर से अधिक है और देश तत्काल किसी भुगतान संकट का सामना नहीं कर रहा। किंतु चुनौतियाँ बदल गई हैं। पश्चिम एशिया में अस्थिरता के कारण तेल आयात महँगा हो रहा है, जबकि भारत हर वर्ष 700-720 टन से अधिक सोने का आयात भी करता है। विश्व स्वर्ण परिषद के अनुसार कीमतों में भारी वृद्धि के बावजूद भारत में सोने की मांग बनी हुई है। 2026 की पहली तिमाही में खरीदे गए सोने का लगभग आधा हिस्सा निवेश के लिए बार और सिक्कों के रूप में खरीदा गया, जो दर्शाता है कि देश का बड़ा स्वर्ण भंडार आज भी निष्क्रिय पड़ा है। सूत्रों के अनुसार सरकार का मानना है कि भारतीय परिवारों के पास सुरक्षित विशाल स्वर्ण भंडार को निष्क्रिय संपत्ति बने रहने देने के बजाय उसे राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था से जोड़ने के उपाय तलाशे जाने चाहिए। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए नई स्वर्ण नीति के विभिन्न विकल्पों पर उच्चस्तरीय विचार-विमर्श जारी है। लेकिन इस योजना की सफलता का सबसे बड़ा प्रश्न आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक और मनोवैज्ञानिक है–क्या नागरिक सरकार पर विश्वास करेंगे? आयकर, प्रवर्तन निदेशालय तथा अन्य जांच एजेंसियों की सक्रियता के कारण अनेक लोग यह आशंका व्यक्त कर सकते हैं कि यदि उन्होंने अपना स्वर्ण घोषित किया तो भविष्य में जांच या कर संबंधी समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं। यदि ऐसी आशंकाएँ बनी रहती हैं तो योजना के सफल होने की संभावना सीमित होगी। इसलिए सरकार को केवल आकर्षक वित्तीय प्रतिफल ही नहीं, बल्कि पारदर्शी और विश्वसनीय कानूनी सुरक्षा भी देनी होगी। सरकार के सामने एक दूसरी चुनौती भी है। यदि सोने के आयात पर अत्यधिक नियंत्रण या अतिरिक्त कर लगाए जाते हैं, तो तस्करी बढ़ने का खतरा रहेगा। भारत पहले भी इस समस्या का सामना कर चुका है। इसलिए स्वर्ण नीति केवल आयात कम करने तक सीमित नहीं रह सकती; उसे कर नीति, प्रवर्तन व्यवस्था और वित्तीय बाजारों के साथ संतुलित रूप से जोड़ना होगा। वास्तव में यह केवल सोने का प्रश्न नहीं, बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था की संरचना का प्रश्न है। जब भारतीय परिवार बड़ी मात्रा में अपनी बचत सोने में निवेश करते हैं, तो वह पूंजी उद्योग, अवसंरचना, नवाचार और उत्पादक निवेश के बजाय निष्क्रिय परिसंपत्ति में बंद हो जाती है। यदि वित्तीय बाजार अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और आकर्षक बनें तो स्वाभाविक रूप से लोग अपनी बचत का बड़ा हिस्सा उत्पादक क्षेत्रों में निवेश करेंगे। इसलिए किसी भी स्वर्ण योजना की सफलता वित्तीय प्रणाली में लोगों के विश्वास को मजबूत करने पर भी निर्भर करेगी। भारत के आर्थिक इतिहास ने यह सिद्ध किया है कि संकट के समय स्वर्ण भंडार केवल निजी संपत्ति नहीं, बल्कि राष्ट्रीय शक्ति भी बन सकता है। यदि सरकार पारदर्शिता, कानूनी सुरक्षा और उचित प्रोत्साहनों के साथ ऐसी योजना लाने में सफल होती है, तो देश के घरों में सुरक्षित पड़ा स्वर्ण राष्ट्रीय आर्थिक शक्ति में परिवर्तित हो सकता है। परंतु यदि विश्वास का आधार कमजोर रहा, तो भारत का विशाल निजी स्वर्ण भंडार पहले की तरह तिजोरियों में ही बंद रहेगा और आर्थिक नीति का यह महत्वाकांक्षी प्रयोग भी केवल एक विचार बनकर रह जाएगा।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज कार्यस्थल पर दक्षता और वित्तीय सूझबूझ से धन- पैसों की स्थिति ठीक बनी रहेगी। जल्दबाजी में खरीदारी करने से बचें।

**वृषभ**
साख में वृद्धि और सटीक व्यावसायिक फैसले में समझदारी से कदम उठाने का दिन है। फालतू के खर्चों में कटौती करने और बचत बढ़ाने के नए तरीके मिल सकते हैं।

**मिथुन**
आज आपकी कमाई ठीक बनी रहेगी, हालांकि घर की जरूरतों या निजी चीजों पर खर्च थोड़ा बढ़ सकता है। भावुक होकर पैसों से जुड़ा कोई भी फैसला लेने से बचें।

**कर्क**
आज स्पष्ट प्राथमिकताओं से नेतृत्व और समृद्धि और आप अपनी जरूरतों को और बेहतर ढंग से समझ पाएंगे। भविष्य की बचत या सुरक्षा योजनाओं पर ध्यान देना आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

**सिंह**
आज धैर्यपूर्वक योजनाएं और सुरक्षित कोष में थोड़ा संभलकर चलना ही सही रहेगा। अचानक कुछ खर्च आ सकते हैं, लेकिन इनसे आपका मुख्य बजट प्रभावित नहीं होगा।

**कन्या**
आज पैसों का सही हिसाब रखना बहुत जरूरी है। दूसरों की देखा-देखी अपने खर्च बिल्कुल न बढ़ाएं। सही बजट बनाकर चलेंगे तो धीरे-धीरे आपकी आर्थिक स्थिति काफी मजबूत होगी।

**तुला**
आज आपकी मेहनत से पैसों की स्थिति धीरे-धीरे बेहतर होगी। सिर्फ दूसरों पर प्रभाव डालने के लिए फालतू खर्च न करें। कोई बड़ी चीज खरीदने की सोच रहे हैं तो दो-तीन जगह से जानकारी जुटाकर ही फैसला लें।

**वृश्चिक**
आज पैसों की योजना बनाने के लिए दिन अच्छा है। बचत या टैक्स से जुड़ी कोई काम की सलाह मिल सकती है। पैसों के मामले में किसी के साथ जल्दबाजी में नई साझेदारी न करें।

**धनु**
आज घर-परिवार के खर्चों या साझी जरूरतों पर ध्यान देना पड़ सकता है। जब तक बहुत जरूरी न हो, कर्ज लेने से बचें। अपनी पुरानी योजनाओं को दोबारा देखकर सही कदम उठाना ही समझदारी होगी।

**मकर**
आज साझेदारी के काम में पूरी ईमानदारी रखें। किसी भी बड़े फैसले से पहले आपस में बैठकर खुलकर बात कर लें। भावुक होकर खर्च करने से बचें।

**कुंभ**
आज रोजमर्रा की कमाई ठीक बनी रहेगी, हालांकि छोटे-छोटे खर्चे बढ़ सकते हैं। बिना जरूरत की चीजों पर रोक लगाएं और अपने बजट का पूरा ध्यान रखें।

**मीन**
आज जल्दबाजी के रास्तों से बचने की सीख दे रहे हैं। जोखिम भरे कामों से दूर रहें और सुरक्षित जगह ही पैसा लगाएं। रुका हुआ पैसा या अटका हुआ भुगतान वापस मिलने की उम्मीद है।

## संक्षिप्त समाचार

### निर्माणाधीन राजेंद्र सेतु पर काम कर रहा सुपरवाइजर गंगा में डूबा, तलाश जारी

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हाथीदह में निर्माणाधीन राजेंद्र सेतु पुल पर कार्यरत एक कर्मी के गंगा नदी में डूबने की सूचना मिली है। डूबने वाले कर्मी की पहचान रविनेश तिवारी सुपरवाइजर, गोरखपुर उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, देर शाम काम के दौरान वह गंगा में डूब गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई।हाथीदह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया घटना के संबंध में अंचलाधिकारी, मोकामा को गोताखोर की व्यवस्था के लिए सूचना दी गई। अंचलाधिकारी द्वारा बताया गया कि रात होने के कारण कोई भी गोताखोर नदी में जाने के लिए तैयार नहीं है। गोताखोरों की टीम सुबह तलाशी अभियान शुरू करेगी।वहीं, डूबे हुए कर्मी के परिजनों को कॉल के माध्यम से घटना की सूचना दे दी गई है।

### धनरूआ के ओरियारा में खूटें से बंधी दो भैंस चोरी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के ओरियारा गांव में अज्ञात चोरों ने घर के ओसारे में बंधी दो भैंस चोरी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ओरियारा गांव निवासी सुरेंद्र यादव उम्र 63 वर्ष पिता स्व. यमुना यादव ने पुलिस को बताया कि रात 8 बजे वह अपनी दोनों भैंस को घर के ओसारे में बांधकर उसी जगह चौकी पर सो गए थे। 10 अगस्त की रात करीब 2 बजे जब वह उठे तो देखा कि ओसारे में बंधी दोनों भैंस गायब हैं। काफी खोजबीन की लेकिन भैंसों का कोई पता नहीं चला।पीड़ित ने बताया कि एक भैंस दूसरे बियान की काले रंग की है। उसके दोनों सींग छोटे और घुमावदार हैं। भैंस रोजाना 6 लीटर दूध देती थी। दूसरी भैंस पहले बियान की और 9 महीने की गाभिन है। यह भी काले रंग की है और इसके दोनों सींग बड़े हैं। सुरेंद्र यादव ने शक जताया है कि अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर या खूंटा खोलकर दोनों भैंसों को चोरी कर ले गए हैं।थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। आसपास के इलाकों में चोरों की पहचान के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

### रेड क्रॉस ने की पेयजल की व्यवस्था

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली गई तिरंगा यात्रा में शामिल देशभक्तों के लिए भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी मसौढ़ी शाखा की ओर से पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई। संस्था के प्रभारी विश्वरंजन अपने दर्जनों रेड वॉलंटियर्स के साथ मसौढ़ी रेलवे गुमटी के पास मौजूद रहे और यात्रा में शामिल लोगों को ठंडा पेयजल उपलब्ध कराया। गर्मी को देखते हुए जगह-जगह पानी के स्टॉल लगाए गए थे।



इस अवसर पर रेड क्रॉस के अजीत कुमार सिंह, उमेश कुमार, देवेन्द्र केशरी, ईश्वरदयाल, धनराज कुमार, धीरज कुमार, विकास कुमार, आर्यन कुमार, आकाश कुमार, पवन कुमार, ऋषभ विश्वकर्मा, अमन कुमार सहित कई वॉलंटियर मौजूद थे। विश्वरंजन ने बताया कि देशभक्ति के इस कार्यक्रम में भाग लेने आए लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए रेड क्रॉस की टीम पूरे समय तैनात रही। संस्था आगे भी ऐसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों में सहयोग करती रहेगी।

### पत्रकार मुन्ना शर्मा के पिता ठाकुर बाबू का निधन

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार को वरिष्ठ पत्रकार मुन्ना शर्मा के 90 वर्षीय पिता विद्यासागर सिंह उर्फ ठाकुर बाबू का उनके निजी आवास पर निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।मिली जानकारी के अनुसार, पेशे से किसान रहे ठाकुर बाबू अत्यंत धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे। वे बेहद सरल, सहज और शांत स्वभाव के धनी थे। बताया जाता है कि उन्होंने अपने पूरे जीवन में कभी किसी से ऊँची आवाज में बात तक नहीं की। सादगी ही उनकी पहचान थी और उसी सादगी के साथ उन्होंने इस संसार से अंतिम विदा ली।वे सरकवार टोला के सबसे वयोवृद्ध लोगों में से एक थे। उनका जाना केवल एक परिवार की क्षति नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। ग्रामीणों का कहना है कि उनके निधन के साथ एक पीढ़ी, एक संस्कार और एक युग का अंत हो गया।उनकी सहजता, विनम्रता और सादगी हमेशा लोगों की स्मृतियों में जीवित रहेगी। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिवार को यह दुःख सहने की शक्ति दें।

### खेत में गिरे बिजली के तार की चपेट में आने से युवक की मौत

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पियरपुरा थाना क्षेत्र के रूपापुर गांव के बाहर खेत में भैंस चराने गए एक युवक की बिजली प्रवाहित तार की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान रूपापुर गांव निवासी मेघनाथ पासवान के 24 वर्षीय पुत्र प्रेमचंद कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, प्रेमचंद कुमार अपनी भैंस को गांव से बाहर खेत में भैंस चराने गया था। इसी दौरान खेत में गिरे बिजली के प्रवाहित तार की चपेट में आ गया। करंट लगने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे।युवक का शव देखकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। वहीं, सूचना मिलने पर पियरपुरा थाने की पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दहेज की मांग पूरी नहीं करने पर विवाहिता की हत्या

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दहेज में 2 लाख रुपये की मांग पूरी नहीं करने पर ससुराल वालों द्वारा विवाहिता की गला दबाकर हत्या कर देने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर मृतका के पिता ने धनरूआ थाने में पति समेत 8 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। दरअसल छितरौली गांव निवासी सुरेंद्र पासवान उम्र 45 वर्ष ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि उनकी पुत्री अंजली कुमारी की शादी करीब दो वर्ष पूर्व धनौल गांव निवासी अरुण पासवान पिता स्व गजेन्द्र पासवान के साथ हुई थी।



शादी के कुछ महीने बाद से ही ससुराल वाले दहेज में दो लाख रुपये की मांग करने लगे। मांग पूरी नहीं होने पर अंजली के साथ मारपीट और गाली गलौज की जाती थी। आवेदन में कहा गया है कि 09 अगस्त 2026 को साजिश रचकर पति अरुण पासवान और अन्य ससुराल वालों ने अंजली की गला दबाकर हत्या कर दी।पुलिस को दिए आवेदन में श्रवण पासवान उम्र 30 वर्ष, करण कुमार उम्र 19 वर्ष, मिलनी देवी उम्र 28 वर्ष, सत्येंद्र पासवान उम्र 50 वर्ष, संजय पासवान उम्र 45 वर्ष, महेश पासवान उम्र 25 वर्ष, विकास पासवान उम्र 22 वर्ष और मालती देवी उम्र 28 वर्ष को नामजद किया गया है। सभी आरोपी धनौल गांव थाना धनरूआ के रहने वाले हैं।थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### ताला तोड़कर लाखों की चोरी, थाने में मामला दर्ज


**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के मोरियावां पंचायत के चकराढा गांव में चोरों ने बंद घर का ताला तोड़कर लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित के आवेदन पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।घटना की जानकारी देते हुए चकराढा गांव निवासी विद्यानंद बिंद उम्र 28 वर्ष पिता जोगिंदर बिंद ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ यूपी के गोण्डा जिले के मनकापुर में रहकर काम करते हैं।



करीब 8 दिन पहले वह परिवार के साथ घर आए थे। दो दिन घर पर रहने के बाद घर में ताला लगाकर वापस मनकापुर चले गए थे। घर की चाबी उन्होंने अपनी मां लालमुनिया देवी को दे दी थी।10 अगस्त 2026 की शाम 4 बजे उनकी मां घर में सफाई करने गई तो देखा कि एक कमरे का दरवाजा टूटा हुआ है और अंदर रखे दो बड़े और एक छोटे बक्से का ताला टूटा हुआ है। सामान बिखरा पड़ा था। इसकी सूचना उन्होंने फोन पर बेटे को दी। 11 अगस्त को विद्यानंद बिंद परिवार के साथ घर पहुंचे तो देखा कि बक्से में रखे सोने के जेवर जिसमें झुमका, कान की बाली, 3 अंगूठी, मंगलसूत्र, 3 फूल, 2 नथुनी, चांदी की 3 जोड़ी पायल, 1 चूड़ी और 1 लाख रुपये नकद गायब हैं। इसके साथ ही 2 बोरे में रखा पीतल का बर्तन भी चोर ले गए हैं।

# ब्रिटिश शासन के खिलाफ माली के वेश में सचिवालय पर फहराया था तिरंगा

## मोकामा के सपूत रामकृष्ण सिंह की कहानी आज भी प्रेरणादायक





**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 11 अगस्त 1942 का दिन बिहार के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। इसी दिन भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान पटना जिले के मोकामा नगर परिषद क्षेत्र के सकरवार टोला के निवासी स्वतंत्रता सेनानी रामकृष्ण सिंह ने अंग्रेजी हुकूमत की छाती पर मूंग दलते हुए पटना सचिवालय पर तिरंगा फहराया था।उनके 68 वर्षीय पुत्र नवेंदु शर्मा बताते हैं कि 11 अगस्त 1942 को सचिवालय पर झंडा फहराने के मकसद से युवाओं की एक विशाल रैली निकली थी। अंग्रेजों की चाक-चौबंद सुरक्षा के कारण आम लोगों का अंदर घुसना नामुमकिन था। ऐसे में रामकृष्ण सिंह ने माली का वेश धारण किया और सबकी आंखों में धूल झोंककर सचिवालय परिसर में दाखिल हो गए। रास्ता तलाशते हुए वे किसी तरह छत पर पहुंचे और शाम 4:30 बजे ब्रिटिश हुकूमत के भवन पर शान से तिरंगा लहरा दिया।इसी बीच वहां फायरिंग शुरू हो गई जिसमें कई युवा शहीद हो गए। तिरंगा फहराने के बाद दरबान पलटू राम ने उन्हें पकड़ लिया। रामकृष्ण सिंह को बांकीपुर जेल भेज दिया गया। कुछ समय बाद जब उन्हें फुलवारीशरीफ ले जाया जा रहा था, तब भीड़ ने उन्हें छुड़ा लिया। हालांकि, फिर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और उन्होंने 13 महीने जेल में कठोर यातनाएं सहीं। 1947 में बिहार सिविल सर्विस ज्वाइन की और एडीएम रैंक के अफसर बने।रामकृष्ण सिंह सिर्फ एक क्रांतिकारी ही नहीं, बल्कि एक मेधावी छात्र और कर्मठ अधिकारी भी थे। वे पटना विश्वविद्यालय में हिंदी के टॉपर रहे। आजादी के बाद वर्ष 1947 में उन्होंने बिहार सिविल सर्विस (बाद में बीपीएससी) ज्वाइन की और एडीएम रैंक के अफसर बने। अपने सेवाकाल में राज्य के 13 जिलों में उन्होंने सेवाएं दीं। वे अपने काम के प्रति इतने समर्पित थे कि दफ्तर का पेंडिंग काम घर लाकर निपटाते थे। वर्ष 1983 में वे अपनी शानदार सेवाओं के बाद सेवानिवृत्त हुए। नौकरी पूरी करने और आजादी दिलाने के बाद उन्होंने पटना विश्वविद्यालय से परास्नातक की डिग्री हासिल की।नवेंदु शर्मा के अनुसार, उनके पिता आजीवन सामाजिक मूल्यों की शिक्षा देते रहे। महात्मा गांधी के आह्वान पर उन्होंने जो खादी पहनना शुरू किया, उसे जीवन पर्यंत नहीं छोड़ा। उनके घर में 1970 तक नियमित रूप से चरखा चलता था। नियति का खेल देखिए कि जिस देश के लिए उन्होंने अपना सर्वस्व अर्पण कर दिया, उसी के गणतंत्र दिवस के दिन यानी 26 जनवरी 1984 को 61 वर्ष की आयु में उन्हें दिल का दौरा पड़ा और निधन हो गया। उनके परिवार में तीन बेटे और तीन बेटियां थीं। वर्तमान में बड़े और छोटे भाई का निधन हो चुका है, जबकि तीनों बहनें जीवित हैं। उनके निधन के बाद उनका परिवार पटना में स्थायी रूप से बस गया है।मोकामा के युवाओं के लिए उनकी कहानी प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है। बिहार विधानसभा के बाहर स्थापित शहीदों की प्रतिमा उनके जैसे ही बलिदानियों की याद दिलाती है।

# सीएम के ध्वजारोहण को लेकर डीएम-एसएसपी एवं विधायक अरुण मांझी ने किया स्थल निरीक्षण

## मुख्यमंत्री महादलित ध्वजारोहण कार्यक्रम को लेकर तैयारी हुई तेज

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वतंत्रता दिवस को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इस बार मुख्यमंत्री का ध्वजारोहण कार्यक्रम मसौढ़ी विधानसभा के धनरूआ प्रखंड अंतर्गत नदवां के महादलित टोले में संभावित है। इसी को लेकर बुधवार को



विधानसभा के मुख्य सचेतक सह विधायक अरुण मांझी, पटना जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं एसपी कार्तिकेय कुमार ने नदवां पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।इस दौरान विधायक के साथ अनुमंडल पदाधिकारी धनराज कुमार डीएसपी कन्हैया कुमार, बीडीओ अलीशा कुमारी, सीओ, थानाध्यक्ष,नदवां मुखिया शंकर कुमार सिंह सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। सबों ने माध्यमिक विद्यालय नदवां का भी भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।मीडिया से बात करते हुए विधायक अरुण मांझी ने बताया कि हर साल 15 अगस्त और 26 जनवरी को मुख्यमंत्री महादलित टोली में जाकर झंडा फहराते हैं। इस बार भी मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का कार्यक्रम नदवां के महादलित टोले में संभावित है। इसकी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में कई मंत्री भी शामिल होंगे। कोई जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने बताया कि ध्वजारोहण गांव के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति द्वारा कराया जाएगा जो मांझी टोला के निवासी हैं। इससे महादलित समुदाय को सम्मान देने का संदेश जाएगा,डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्थल की साफ-सफाई, सुरक्षा, बैठने की व्यवस्था और सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी समय से पूरी कर ली जाए। प्रशासन ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी विभागों को अलर्ट कर दिया है। स्थानीय लोगों में मुख्यमंत्री के संभावित आगमन को लेकर उत्साह है।

# देशभक्ति के रंग में सराबोर हुआ मसौढ़ी, तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, गूंजे भारत माता की जय के नारे






**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बुधवार को मसौढ़ी शहर देशभक्ति के रंग में रंग गया। तिरंगे की आन-बान-शान और राष्ट्र के सम्मान में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में शामिल लोगों के नारों से पूरा शहर गूंज उठा। तिरंगा यात्रा की शुरूआत मसौढ़ी अनुमंडल चौराहे से हुई। जहां एसडीएम धनराज कुमार ने हरी झंडी दिखाकर यह यात्रा की शुरूआत की, मौके पर प्रखंड स्तर के सभी पदाधिकारी शामिल रहे। वहां से काफिला ब्लॉक रोड होते हुए स्टेशन रोड, मेन रोड से होते हुए कर्पूरी चौक पहुंचा। जगह-जगह मसौढ़ी वासियों ने यात्रा में शामिल लोगों का फूल-माला और तिरंगे लहराकर स्वागत किया। कर्पूरी चौक से यात्रा वापस लौटकर नगर परिषद

## तिरंगे के सम्मान में एकजुट हुआ मसौढी, एसडीएम में दिखाई हरी झंडी

कार्यालय तक पहुंची। पूरे मार्ग में भारत माता की जय और महात्मा गांधी की जय के नारे गूंजते रहे।यात्रा में अनुमंडल पदाधिकारी धनराज कुमार, मसौढ़ी बीडीओ प्रभाकर कुमार, अंचल अधिकारी ऋषिकेश, जीविका दीदियों, विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं और सैकड़ों समाजसेवियों ने हाथों में तिरंगा लेकर भाग लिया। स्कूली बच्चों और जीविका दीदियों ने तिरंगा हाथ में लेकर नारी सशक्तिकरण का भी संदेश दिया। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी धनराज कुमार ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा तिरंगे के मान-सम्मान, सुरक्षा और राष्ट्र के गौरव को बढ़ाने के लिए निकाली गई है। यह यात्रा पूरे देश को समर्पित है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें देश के शहीदों के बलिदान को याद करने और देशभक्ति की भावना को मजबूत करने का अवसर देता है। कार्यक्रम के दौरान पूरा शहर तिरंगे की छटा से सजा हुआ नजर आया। दुकानों, घरों और सरकारी कार्यालयों पर तिरंगे लहराते देखे गए। प्रशासन ने यात्रा के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे।समापन पर नगर परिषद कार्यालय के समक्ष राष्ट्रगान गाया गया और देश की एकता-अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में विभिन्न समाजसेवियों में विजय यादव, सुनील कुमार वर्मा, आशीष देव, राकेश कुमार, डॉ मंगल, सुनील गावस्कर, लालमोहन, अरुण प्रसाद, अजीत पांडे, अश्विनी गोल्डी नवल भारती समेत सैकड़ो लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

# मोकामा रेफरल अस्पताल की बदहाली पर फूटा प्रशासन का गुस्सा

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा रेफरल अस्पताल और ट्रॉमा सेंटर में लगातार मिल रही शिकायतों और कुव्यवस्था की खबरों के बीच बुधवार को बाढ़ एसडीएम गरिमा लोहिया ने अस्पताल का औचक निरीक्षण किया।

## बाढ़ एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण



निरीक्षण के दौरान अस्पताल की व्यवस्था देखकर एसडीएम भी हैरान रह गईं।ड्यूटी रोस्टर में नाम होने के बावजूद महिला चिकित्सक ड्यूटी से गायब मिलीं। उनके साथ ही जीएनएम और एएनएम भी अनुपस्थित पाई गईं। इमरजेंसी वार्ड और ट्रॉमा सेंटर में एक भी चिकित्सक तैनात नहीं था।एसडीएम ने एक-एक वार्ड का निरीक्षण किया, मरीजों से बात कर मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। मरीजों के बेड पर चादर तक नहीं थी। अस्पताल परिसर, बाथरूम और डस्टबीन में फैली गंदगी देखकर एसडीएम ने नाराजगी जताई और सभी संबंधित कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया।अस्पताल के जर्जर भवन की हालत देखकर एसडीएम ने इसे बगल के किसी दूसरे सरकारी भवन में शिफ्ट करने की बात कही। साथ ही अस्पताल में सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा शुरू करवाने के लिए सिविल सर्जन को पत्र लिखने का निर्देश दिया। गौरतलब है कि सोमवार को एक व्यक्ति के डूबने के बाद उसे इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया था, जहां एक घंटे तक उसका कोई इलाज नहीं हो पाया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था।मामले को गंभीरता से लेते हुए मंगलवार को सिविल सर्जन, पटना द्वारा रेफरल अस्पताल के प्रभारी डॉ. बैद्यनाथ कुमार को भी शो-कॉज नोटिस जारी किया गया था।लगातार दो दिनों से हो रही कार्रवाई के बाद अब उम्मीद जताई जा रही है कि अस्पताल की व्यवस्था में सुधार होगा।मौके पर मोकामा प्रखंड विकास पदाधिकारी रवि कुमार भी मौजूद रहे।

# 24 घंटे बाद भी गंगा में डूबा सुपरवाइजर लापता

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हाथीदह थाना क्षेत्र अंतर्गत निर्माणाधीन नए राजेंद्र सेतु के पॉल संख्या 4 के पास गंगा नदी में डूबने से एक निजी कंपनी के सुपरवाइजर के लापता होने से हड़कंप मच गया है। लापता कर्मी की पहचान रविनेश तिवारी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रविनेश तिवारी मूल रूप से उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के बड़हलगंज थाना क्षेत्र के बनजरहा गांव के रहने वाले थे। वे राजेंद्र सेतु निर्माण कार्य में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत थे। सूचना मिलते ही मोकामा अंचल प्रशासन को गोताखोरों की टीम भेजने के लिए संपर्क किया गया, लेकिन रात होने के कारण गोताखोरों ने नदी में उतरने से असमर्थता जताई।बुधवार सुबह से एसडीआरएफ की टीम द्वारा गंगा नदी में खोज एवं बचाव अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन खबर लिखे जाने तक कोई सफलता नहीं मिली है। घटना को करीब 24 घंटे बीत चुके हैं।

# हिलसा में अब कम खर्च में बेहतर डेंटल सुविधा: क्राउन डेंटल क्लिनिक बना ग्रामीण मरीजों का सहारा

## डॉ. आशीष रंजन RCT और डेंटल पिन लगाने के विशेषज्ञ

**दनियावां/हिलसा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महंगाई के दौर में जहां इलाज महंगा होता जा रहा है, वहीं अनुमंडल मुख्यालय हिलसा में क्राउन डेंटल केयर मरीजों के लिए राहत बनकर उभरा है। यहां कम खर्च में आधुनिक दंत चिकित्सा की सभी सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं। कौन हैं डॉ. आशीष रंजन क्लिनिक के प्रमुख डॉ. आशीष रंजन B.D.S, M.D.S (ENDO) हैं। ये छत्तीसगढ़ के Pt. DDUMHS से पढ़े हुए हैं और कटक के SCBDC में Ex-Dental Surgeon भी रह चुके हैं। रजिस्ट्रेशन संख्या 1097/A है। डॉ. आशीष का पैतृक गांव वाजितपुर, हिलसा है। गांव से गहरा लगाव होने के कारण वे हिलसा के ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को दांतों की स्वच्छता और बीमारियों के निदान के बारे में विशेष रूप से जागरूक करते हैं। मृदुल स्वभाव के कारण मरीज उनसे खुलकर अपनी समस्या साझा करते हैं। क्या-क्या सुविधाएं हैं क्राउन डेंटल में क्राउन डेंटल केयर - A Multispeciality Oral Health Care & Implant Centre 2023 में स्थापित हुआ था। क्लिनिक का पता है: 1st Floor, डाकबंगला मार्केट, रश्मि इलेक्ट्रॉनिक्स के ऊपर, काली स्थान के पास, मेन रोड, हिलसा है।जहां एक चिल्ड वातावरण रहता है।



उपलब्ध सुविधाएं: - RCT - रूट कैनाल ट्रीटमेंट, - डेंटल पिन और क्राउन, - इम्प्लांट और फुल माउथ इम्प्लांट, - स्केलिंग, फिलिंग, एक्सट्रैक्शन, सर्जिकल एक्सट्रैक्शन, - ब्रिज, डेंचर, RPD, कॉस्मेटिक फिलिंग - X-RAY की सुविधा। डॉ. आशीष RCT और डेंटल पिन के विशेषज्ञ माने जाते हैं। उनके साथ डॉ. भूमि कश्यप B.D.S, M.D.S (OMR) भी सेवाएं देती हैं जो जयपुर के NIMS में Ex-Senior Resident रह चुकी हैं।

### ग्रामीण मरीजों के लिए वरदान

डॉ. आशीष कहते हैं लोग दांत दर्द को मामूली समझकर टाल देते हैं। समय पर इलाज न होने से बड़ी समस्या हो जाती है। हमारा प्रयास है कि हिलसा और आसपास के गांव के लोगों को शहर जाए बिना ही सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दंत चिकित्सा मिले। ग्रामीण मरीजों का कहना है कि यहां डॉक्टर मरीजों को दांतों की सफाई, ब्रश करने का सही तरीका और खान-पान के बारे में भी विस्तार से समझाते हैं।

# नाबालिक लापता छात्रा को पटना पुलिस ने किया सकुशल बरामद

**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्कूल जाने के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई 10वीं कक्षा की छात्रा को खगौल पुलिस ने 36 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस टीम ने छात्रा का पीछा आसनसोल (पश्चिम बंगाल) से करते हुए बुधवार को पटना जंक्शन से उसे बरामद किया। मामले में आसनसोल निवासी विशाल कुमार की संलिप्तता सामने आयी है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।



छात्रा के लापता होने के बाद परिजनों ने 10 अगस्त को खगौल थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। इसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए दानापुर एसडीपीओ-1 अजीत कुमार के नेतृत्व में एसआइटी गठित की गयी। टीम ने तकनीकी और मानवीय अनुसंधान के आधार पर छात्रा की तलाश शुरू की। इससे पहले दानापुर रेलवे यार्ड के पास छात्रा की स्कूल ड्रेस और बैग मिलने से परिजनों में चिंता बढ़ गयी थी।

# डुमरी में गुमटी से हो रही थी गांजे की बिक्री, 350 ग्राम गांजे के साथ सप्लायर गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की है। डुमरी में एक गुमटी में गांजा बेच रहे एक सप्लायर को 350 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया है।



मसौढ़ी थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया की शाम गुप्त सूचना मिली थी कि डुमरी में एक गुमटी में रखकर गांजे की बिक्री की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस की टीम गठित कर छापेमारी की गई।छापेमारी के दौरान डुमरी स्थित शंकर शाह की गुमटी की तलाशी ली गई। तलाशी में दुकान से 350 ग्राम गांजा बरामद किया गया। मौके से शंकर शाह, पिता स्व. अशोक शाह को गिरफ्तार कर लिया गया,थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है। गांजा कहां से लाया गया था और इसका नेटवर्क कहां-कहां तक फैला है, इसकी जांच की जा रही है। बरामद गांजे को जब्त कर ठउद्धर एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में नशे के कारोबार पर लगाम लगाने के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जाएगा।

# दहेज हत्या मामले में फरार आरोपी पति गिरफ्तार

**धनरूआ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के बहरामपुर ओपी अंतर्गत ओलिपुर गांव में दहेज को लेकर एक विवाहिता की पीट-पीटकर हत्या कर देने के मामले में फरार आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि महिला की हत्या के बाद शव को फांसी पर लटकाकर घटना को आत्महत्या का रूप देने का भी प्रयास किया गया। बहरहाल इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी पति मुन्ना कुमार, पिता देवलाल प्रसाद, निवासी ओलिपुर को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि 8 अगस्त 2026 को ओलिपुर गांव में संजू देवी उम्र 30 वर्ष की संदिग्ध मौत की सूचना मिली थी। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो पता चला कि संजू देवी की शादी करीब 10 साल पहले मुन्ना प्रसाद से हुई थी। दंपति के दो बच्चे भी हैं।

# 'भारतीय ज्ञान परंपरा से ही बनेगा विकसित भारत' एस.यू. कॉलेज में संगोष्ठी

## प्राचार्य डॉ. शिवचंद्र सिंह बोले - नालंदा की विरासत को फिर से जीवित करना है

**दनियावां/हिलसा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय के सभागार में मंगलवार को NEP इकाई और IQAC के संयुक्त तत्वावधान में 'भारतीय ज्ञान परंपरा' पर एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. शिवचंद्र सिंह ने की। कार्यक्रम में NEP समन्वयक डॉ. सम्राट सरकार, डॉ. अभिषेक कुमार, डॉ. प्रकाश चंद्र चौरसिया, डॉ. प्रभात कुमार, डॉ. राजीव नयन सिंह और डॉ. पंकज कुमार सिंह ने वक्तव्य दिए। डॉ. शिवचंद्र सिंह ने कहा कि भारतीय दर्शन की विशेषता 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' है। नालंदा इसी ज्ञान परंपरा का उदाहरण था, जिसे फिर से स्थापित करना है। डॉ. सम्राट सरकार ने PPT के जरिए बताया कि NEP-2020 में IKS को मुख्यधारा से जोड़ने पर बल है। डॉ. प्रकाश चंद्र चौरसिया ने कहा



कि जब तक आम जनता को शुद्ध पानी और शिक्षकों को समय पर वेतन नहीं मिलेगा, तब तक विश्व गुरु बनने का सपना अधूरा है। डॉ. अभिषेक कुमार ने चाणक्य नीति, डॉ. प्रभात कुमार ने ऋषि परंपरा, डॉ. राजीव नयन सिंह ने बुद्ध दर्शन, आर्यभट्ट व टैगोर और डॉ. पंकज कुमार सिंह ने राजनीति विज्ञान व राधाकृष्णन के विचारों पर चर्चा की। कार्यक्रम में डॉ. संदीपा इंद्रा, डॉ. पिंकी कुमारी, डॉ. रवींद्र साह, डॉ. शिव प्रसाद ठाकुर, डॉ. कुमारी लूसी, डॉ. मनोज कुमार, मीडिया कर्मी धनपत कुमार, संतोष कुमार, छात्राएं दिव्या भारती, अनुपम भारती, राजा, मधुसूदन कुमार, गुड्डू कुमार सहित सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे। छात्र वाद-विवाद भी हुआ। डॉ. सरकार व डॉ. शिवचंद्र सिंह ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। समापन राष्ट्रगान से हुआ। 'भारतीय ज्ञान परंपरा सिर्फ अतीत नहीं, भविष्य की राह है' - डॉ. शिवचंद्र सिंह ने जैसा नवबिहार टाइम्स को बताया।

## संक्षिप्त समाचार

### रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यालय, हाजीपुर में 03 रेलकर्मियों एवं उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।



### ई-निविदा के माध्यम से रेलवे को प्राप्त होगा अतिरिक्त राजस्व

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोनपुर मंडल द्वारा रेलवे परिसंपत्तियों के बेहतर व्यावसायिक उपयोग में वृद्धि के लिए किए जा रहे सतत प्रयास लगातार सफल साबित हो रहे हैं। मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन के कुशल नेतृत्व एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक धीरज कुमार के मार्गदर्शन में आज दिनांक 11 अगस्त 2026 को आयोजित ई-निविदा के माध्यम से विभिन्न वाणिज्यिक परिसंपत्तियों का सफल आवंटन किया गया, जिससे रेलवे को आगामी वर्षों में उल्लेखनीय अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा। ई-निविदा के अंतर्गत उजियारपुर एवं देसरी स्टेशन पर पार्किंग को आवंटित किया गया। रेलवे को दोनों पार्किंग स्टैंड से तीन वर्षों की अवधि में लगभग 8 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त होगा। इसी प्रकार खगड़िया स्टेशन पर सामान्य शौचालय का तथा एक अन्य शौचालय खगड़िया रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 02/03 के मानसी छोर स्थित शौचालय का ROMT आधारित शौचालय का ठेका 10 वर्षों के लिए आवंटित किया गया है जिससे रेलवे को दस वर्षों में लगभग ₹ 87 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त होगा। सोनपुर मंडल द्वारा रेलवे परिसंपत्तियों का पारदर्शी एवं प्रतिस्पर्धी ई-निविदा प्रक्रिया के माध्यम से अधिकतम व्यावसायिक उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। इससे न केवल रेलवे की गैर-किराया आय में निरंतर वृद्धि हो रही है, बल्कि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का मार्ग भी प्रशस्त हो रहा है।

### यूजी द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा दूसरे दिन शांतिपूर्ण सम्पन्न

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुंशी सिंह महाविधालय के परीक्षा केन्द्र पर यूजी द्वितीय सेमेस्टर, सत्र 2025-29 की परीक्षा के दूसरे दिन शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हुई। प्रथम पाली में MJC-2 की परीक्षा टखउ ग्रुप-उ (भौतिकी, राजनीति विज्ञान एवं मनोविज्ञान) के परीक्षार्थियों के लिए आयोजित की गई, जिसमें कुल 1235 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। वहीं, द्वितीय पाली में MJC-2 की परीक्षा MJC ग्रुप-ऊ (अर्थशास्त्र, गृह विज्ञान, वनस्पति विज्ञान एवं दर्शनशास्त्र) के परीक्षार्थियों के लिए हुई, जिसमें कुल 664 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान महाविद्यालय प्रशासन एवं परीक्षा व्यवस्था से जुड़े पदाधिकारियों द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का समुचित प्रबंधन किया गया। परीक्षार्थियों के लिए निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित किया गया तथा पूरे परीक्षा केंद्र पर अनुशासन एवं शांति का वातावरण बना रहा। महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार दोनों पालियों की परीक्षा निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त रही।

### मध्य विद्यालय वलीपुर में उपद्रव

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मध्य विद्यालय वलीपुर में अज्ञात असामाजिक तत्वों के लगातार उपद्रव से विद्यालय का शांतिपूर्ण माहौल प्रभावित हो रहा है। बुधवार सुबह करीब 9:30 बजे पांच-छह अज्ञात युवक विद्यालय परिसर में घुस गए और छात्र-छात्राओं के साथ मारपीट व दुर्व्यवहार करने लगे। अचानक हुए इस घटनाक्रम से विद्यालय में अफरा-तफरी मच गई और बच्चे सहम गए। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक विद्या सागर सिंहा ने बाढ़ थानाध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर अज्ञात उपद्रवियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। विद्यालय प्रशासन के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से मुख्य द्वार के आसपास युवकों का जमावड़ा देखा जा रहा है। बच्चों के साथ विवाद और मारपीट की शिकायतें भी सामने आई हैं। उपद्रवियों पर विद्यालय की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का भी आरोप है। नल, बिजली के तार और अन्य सामान क्षतिग्रस्त किए जाने की शिकायत है। पठन-पाठन के दौरान चहारदीवारी के बाहर से कक्षा-कक्षों की ओर ईंट-पत्थर फेंकने का भी आरोप लगाया गया है। सूचना पर डायल 112 की पुलिस विद्यालय पहुंची, लेकिन पुलिस वाहन देखते ही उपद्रवी भाग निकले। प्रधानाध्यापक ने नियमित पुलिस गश्ती और विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

### मोकामा में निकलेगी भव्य तिरंगा यात्रा

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान को लेकर मोकामा नगर परिषद सभागार में बुधवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि बुधवार सुबह 6 बजे शहीद सुनील स्मारक तेराहा से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा शहर के सभी शहीद स्थलों से होते हुए पूरे नगर का भ्रमण करेगी, जहां सभी शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। नगर परिषद द्वारा सभी नागरिकों से अपने घरों पर तिरंगा लगाने और यात्रा में शामिल होने की अपील की गई है।मौके पर नगर परिषद सभापति नीलेश कुमार, नगर परिषद के ब्रांड एंबेसडर छितेन्द्र कुमार सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल रंजन, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज मोलदियार, वार्ड पार्षद शोएब खान समेत सभी वार्ड पार्षद मौजूद रहे।




### नशामुक्त भारत अभियान को लेकर भगवानपुर में वॉलीबॉल मैत्री मैच का आयोजन

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत युवाओं एवं विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने तथा उन्हें खेलों से जोड़कर स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आज जी.ए. हाई स्कूल, भगवानपुर में वॉलीबॉल मैत्री मैच का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं के बीच नशामुक्ति का संदेश प्रभावी ढंग से प्रसारित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मेरा युवा भारत, वैशाली द्वारा किया गया, जबकि इसके सफल क्रियान्वयन में यंग स्टार युवा विकास समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मैत्री मैच में विभिन्न टीमों के खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बालिका वर्ग में जी.ए. हाई स्कूल की टीम विजेता रही, जबकि बालक वर्ग में नारायणा स्पोर्ट्स क्लब की टीम ने विजेता का स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, खिलाड़ियों एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा नशामुक्ति की शपथ ली गई। सभी ने नशे से स्वयं दूर रहने तथा अपने परिवार, मित्रों और समाज के अन्य युवाओं को भी नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखने का संकल्प लिया।



### 15 दिन से जले ट्रांसफार्मर से परेशानी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ प्रखंड के पथरहट पंचायत अंतर्गत मधुबन गांव में पिछले 15 दिनों से ट्रांसफार्मर जला हुआ है। ट्रांसफार्मर नहीं बनने से गांव में बिजली आपूर्ति ठप है। बिजली के अभाव में पेयजल संकट भी गहरा गया है क्योंकि बोरिंग और चापाकल भी नहीं चल पा रहे हैं।समस्या से त्रस्त होकर बुधवार को मधुबन गांव के दर्जनों महिला-पुरुष बिजली विभाग के अनुमंडल कार्यालय पहुंचे और पदाधिकारियों से मुलाकात कर अपनी समस्या बताई। आक्रोशित ग्रामीणों ने जल्द ट्रांसफार्मर बदलने की मांग को लेकर ज्ञापन भी सौंपा।इस संबंध में बिजली विभाग के एसडीओ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि जल्द ही जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलकर नया ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा और गांव में बिजली आपूर्ति बहाल की जाएगी। पथरहट पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि दीपक कुमार ने बताया कि गांव में ट्रांसफार्मर जलने की सूचना कई बार स्थानीय कर्मचारियों और पदाधिकारियों को दी गई थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।



# जिला पर्यावरण एवं आर्द्रभूमि संरक्षण समिति की बैठक में लिए कई निर्णय

## प्रदूषण नियंत्रण और हरियाली बढ़ाने को लेकर दिए गए अहम निर्देश

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पर्यावरण समिति और जिला आर्द्रभूमि समिति की बैठक में जिले में पर्यावरण की स्थिति, सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक, वायु प्रदूषण नियंत्रण, कचरा प्रबंधन, जैव विविधता पार्क के निर्माण, वन संरक्षण और बड़े पैमाने पर पौधारोपण, साथ ही आर्द्रभूमियों के संरक्षण से जुड़े कामों की प्रगति की समीक्षा जिला पदाधिकारी वैशाली वर्षा सिंह के निर्देश पर उप विकास आयुक्त वैशाली कुंदन कुमार द्वारा की गई। बैठक में पर्यावरण नियमों को ठीक से लागू करने और रुके हुए कामों को तेजी से पूरा करने पर खास जोर दिया गया। सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध की समीक्षा के दौरान नगर परिषदों और नगर पंचायतों द्वारा चल रही छापेमारी और जब्ती की जानकारी ली गई। नगर पंचायत गोरौल, जंदाहा और पातेपुर में कम कार्रवाई पर नाराजगी जताई गई और इसे तेज करने के निर्देश दिए गए। सभी संबंधित अधिकारियों को कहा गया कि ज्यादा से ज्यादा दुकानों और प्रतिष्ठानों की जांच की जाए और



प्रतिबंधित प्लास्टिक के इस्तेमाल, उत्पादन और सप्लाई पर नियमों के अनुसार सख्त कार्रवाई हो। साथ ही लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक करने के लिए प्रचार-प्रसार बढ़ाने को भी कहा गया। वायु प्रदूषण रोकने के लिए लागू GRAP के तहत विभागों की कार्रवाई की समीक्षा की गई। जुलाई 2026 में वैशाली जिले का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (अदक) 60, यानी Satisfactory श्रेणी में पाया गया। GRAP के तहत सभी विभागों से मिली मासिक रिपोर्ट की समीक्षा की गई। कुछ विभागों की रिपोर्ट नहीं मिलने पर उन्हें समय पर रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए गए, ताकि पूरी रिपोर्ट बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद को समय से भेजी जा सके। कचरा प्रबंधन की समीक्षा में सभी नगर निकायों को साफ निर्देश दिया गया कि खुले में कचरा फेंकने और जलाने पर पूरी तरह रोक लगाई जाए। गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग इकट्ठा करने और उसके सही निपटान पर जोर दिया गया। लोगों को खुले में कचरा जलाने से होने वाले प्रदूषण और स्वास्थ्य नुकसान के बारे में जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाने को भी कहा गया। हाजीपुर औद्योगिक क्षेत्र में लगे अदक मापक उपकरण को दूसरे स्थान पर शिफ्ट करने के लिए बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के साथ समन्वय कर कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल हर जिले में एक अदक उपकरण लगाने की प्रक्रिया चल रही है। इसके बाद वैशाली जिले के दूसरे क्षेत्र में भी अतिरिक्त उपकरण लगाया जाएगा। जैव विविधता पार्क बनाने के लिए सरकारी जमीन की उपलब्धता की समीक्षा की गई। हरिवंशपुर में उपलब्ध सरकारी जमीन में से करीब 12 एकड़ में पार्क बनाने के लिए स्थल चयन की प्रक्रिया की गई है। बाकी जरूरी जमीन के लिए संबंधित अधिकारियों को सरकारी भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव देने को कहा गया। महुआ मेडिकल कॉलेज के पास उपलब्ध जमीन पर भी पार्क बनाने की संभावना पर चर्चा की गई। इसके लिए जरूरी अनापत्ति प्रमाण पत्र और भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया के लिए संबंधित विभागों से समन्वय करने के निर्देश दिए गए। वन संरक्षण अधिनियम के तहत वन भूमि के अपयोजन प्रस्तावों के ससमय क्रियान्वयन के लिए गैर-वन भूमि बैंक स्थापित करने की दिशा में कार्रवाई की जा रही है। वनरोपण के लिए उपयुक्त गैर-वन सरकारी भूमि को चिन्हित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया।

## जिले में मत्स्य उत्पादन एवं मत्स्यपालकों की आय बढ़ाने पर जोर

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा देने, मत्स्यपालकों की आय में वृद्धि करने तथा रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से राज्य एवं केन्द्र प्रायोजित विभिन्न योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। योजनाओं के माध्यम से मत्स्यपालकों को तकनीकी प्रशिक्षण, आधारभूत संरचना, उपकरण एवं बाजार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मुख्यमंत्री मात्स्यिकी विकास योजना के तहत वर्ष 2025-26 में 330 मत्स्यपालकों को तकनीकी रूप से प्रशिक्षित किया गया है। योजना के अंतर्गत उन्नत मत्स्य बीज उत्पादन की 23 इकाइयां, 20 ट्यूबवेल पंप सेट, 3 यांत्रिक एरेटर, 2 कार्प हैचरी में इनपुट सहायता तथा 1 कार्प हैचरी के जीर्णोद्धार की उपलब्धि हासिल की गई है। सात निश्चय-2 के अंतर्गत मुख्यमंत्री समेकित चौर विकास योजना के तहत 24 हेक्टेयर क्षेत्र में तालाब विकसित किए गए हैं। मत्स्यपालकों एवं मत्स्य विक्रेताओं को स्वरोजगार के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में 120 मत्स्य विक्रेताओं को मत्स्य विपणन किट, 8 फिशिंग बोट, 20 कॉस्ट नेट (फेंका जाल) तथा 16 तीन पहिया वाहनों को रेफ्रिजरेटेड बॉक्स के साथ उपलब्ध कराया गया है। इससे मछलियों को कम समय में उपयुक्त बाजार तक पहुंचाने तथा रोजगार के अवसर बढ़ाने में सहायता मिल रही है। जिले का कुल मत्स्य उत्पादन 31.02 हजार मीट्रिक टन है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत भी मत्स्य क्षेत्र में आधारभूत संरचना को मजबूत किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत 16 बायोफ्लॉक तालाब, 8 आइस प्लांट-सह-कोल्ड स्टोरेज, 4 लघु फीड मिल, 1 वृहद फीड मिल, 2 अलंकारी मछली संवर्धन इकाई तथा 2 आरएएस तकनीक आधारित मत्स्य पालन इकाइयां विकसित की गई हैं। इसके अतिरिक्त 2 रेफ्रिजरेटेड वाहन, 32 साइकिल-सह-आइस बॉक्स, 13 मोटरसाइकिल-सह-आइस बॉक्स तथा 5 तीन पहिया वाहन आइस बॉक्स सहित उपलब्ध कराए गए हैं। इन सुविधाओं से मत्स्य विक्रेताओं को कम समय में अधिक दूरी तक मछली पहुंचाने एवं विपणन करने में सुविधा मिल रही है। आम लोगों को स्वच्छ एवं जीवित मछली सहज रूप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में 10 जीवित मछली बिक्री केन्द्र स्थापित किए गए हैं।

## डीएम ने लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत द्वितीय अपील मामलों की सुनवाई की

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी, वैशाली वर्षा सिंह द्वारा समाहरणालय, हाजीपुर स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त द्वितीय अपील मामलों की सुनवाई की गई। सुनवाई के क्रम में कुल 08 द्वितीय अपील मामलों पर विचार किया गया। इनमें से 01 मामले में सभी पक्षों की सुनवाई एवं उपलब्ध अभिलेखों के परीक्षण के उपरांत अंतिम आदेश पारित किया गया। यह मामला बिदुपुर अंचल से संबंधित था। वहीं, शेष 07 मामलों में आवश्यक अभिलेखों एवं अन्य बिंदुओं पर विचारार्थ अंतरिम आदेश पारित करते हुए अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित की गई। सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि पारित अंतिम आदेशों का समयबद्ध एवं प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि शिकायतकर्ताओं को नियमानुसार निर्धारित अवधि में अपेक्षित राहत प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मामले में पारित आदेशों का अनुपालन गंभीरता एवं उत्तरदायित्व के साथ सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोक शिकायतों के निष्पादन में संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता बनाए रखते हुए प्रत्येक मामले का विधिसम्मत, गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित करें। साथ ही, लंबित मामलों के निष्पादन में अनावश्यक विलंब से बचते हुए शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन, वैशाली आमजन की शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निवारण के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा जनहित से जुड़े सभी मामलों का निष्पादन सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जा रहा है।

# वंदे मातरम घोष के साथ निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा

## तिरंगा यात्रा में समाज के सभी वर्ग के लोगों ने पूरे जोश के साथ शिरकत कर आजादी के संघर्षों की याद ताजा कराई

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार और कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार से प्राप्त पत्र के आलोक में हर घर तिरंगा अभियान 2026 अंतर्गत आज जिला प्रशासन के सौजन्य से समाज के सभी वर्ग के लोगों के साथ भव्य तिरंगा यात्रा निकली गई। तिरंगा यात्रा में सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, विभिन्न संघ के प्रतिनिधि, चिकित्सक, संस्कृति कर्मी,व्यवसाई, शिक्षाकर्मी, खिलाड़ी, समाहरणालय कर्मी एवं बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे शामिल हुए। तिरंगा यात्रा का प्रारंभ समाहरणालय परिसर से हुआ जहां पहले राष्ट्र गीत वंदे मातरम और उसके पश्चात राष्ट्रगान जन गण मन का गायन किया गया। समाहरणालय परिसर में वंदे मातरम की परिकल्पना आधारित भव्य रंगोली भी बनाई गई थी जो आकर्षण का केंद्र बनी। तिरंगा यात्रा के प्रारंभ के समय जिलाधिकारी ने अपार जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगा यात्रा का आयोजन आज किया जा रहा है, वह वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में किया जा रहा है। आप सभी जानते हैं कि वंदे मातरम को भारत सरकार ने राष्ट्रगीत के रूप में स्वीकृत की है। वंदे मातरम की रचना महान कवि और रचनाकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के द्वारा 1875 में की गई थी। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के द्वारा वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर देशभक्ति और राष्ट्र गौरव की भावना को प्रबल करने के उद्देश्य से देश के सभी जिलों में तिरंगा यात्रा का आयोजन कराया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला प्रशासन पूर्वी चंपारण के द्वारा इस यात्रा को आयोजित किया गया है जिसमें समाज के सभी वर्गों का संपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ है। इस यात्रा का उद्देश्य राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्रवाद की भावना से ओत-पोत व्यापक जन सहभागिता सुनिश्चित करनी भी है। तिरंगा यात्रा समाहरणालय से निकलकर मुख्य पथ होते हुए कचहरी चौक, राजा बाजार, बलुआ ओवरफ्लाई से होते हुए सदर अस्पताल,रेड क्रॉस, टाउन थाना से होते हुए गांधी संग्रहालय तक गई जहां यात्रा का समापन हुआ। यात्रा के समापन से पूर्व यात्रा में भाग लेने वाले सभी गणमान्य लोगों ने महात्मा गांधी की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की।ज्ञातब्य है कि सभी अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर पर भी तिरंगा यात्रा का आयोजन जिले भर में किया गया है।



**तिरंगा यात्रा राष्ट्रवाद की भावना को जागृत करेगी : जिलाधिकारी**

## गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग के शोधार्थियों का विभिन्न विश्वविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक पद पर चयन

मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय बिहार के गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग के लिए यह अत्यंत गौरव और हर्ष का विषय है कि विभाग के छः शोधार्थियों ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त करते हुए देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों तथा बिहार के राज्य विश्वविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक पद पर चयन हासिल किया है। यह सफलता न केवल संबंधित शोधार्थियों की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि विभाग की शैक्षणिक उत्कृष्टता, गुणवत्तापूर्ण शोध संस्कृति तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का भी प्रमाण है। विभाग के शोधार्थी कुशांक कुमार का चयन आईआईएमटी विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा कैंपस में सहायक प्राध्यापक पद पर हुआ है। इसी प्रकार गुलशन कुमार का चयन मैट्स विश्वविद्यालय, रायपुर में सहायक प्राध्यापक पद पर हुआ है। बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग द्वारा आयोजित भर्ती प्रक्रिया में विभाग के शोधार्थी नवीन कुमार, आशुतोष, सुश्री सुधा कुमारी एवं सुश्री जुगनू आरा का चयन बिहार के विभिन्न विश्वविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक पद पर हुआ है। इन सभी शोधार्थियों की सफलता ने विभाग को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई है। इन सफल शोधार्थियों की उपलब्धियों के पीछे विभाग की मजबूत शैक्षणिक परंपरा, शिक्षकों का सतत मार्गदर्शन तथा शोध के प्रति अनुकूल वातावरण महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विभाग में विद्यार्थियों को विषयगत ज्ञान के साथ-साथ शोध पद्धति, अकादमिक लेखन, प्रस्तुतीकरण कौशल, आलोचनात्मक चिंतन और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है। विभाग के शिक्षक विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्तर पर मार्गदर्शन प्रदान करते हैं, जिससे वे अपने अकादमिक और व्यावसायिक लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें। विशेष रूप से गांधी एवं शांति अध्ययन जैसे अंतः विषय विषय में विद्यार्थियों को राजनीति विज्ञान, इतिहास, दर्शन, मानवाधिकार, संघर्ष प्रबंधन, शांति निर्माण और सतत विकास जैसे विविध क्षेत्रों का समन्वित अध्ययन कराया जाता है। यह बहुआयामी दृष्टिकोण विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा और शोध के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी बनाता है। विभाग द्वारा समय-समय पर आयोजित राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों, विशेषज्ञ व्याख्यानों और अकादमिक चचाओं से विद्यार्थियों को देश - विदेश के विद्वानों के साथ संवाद का अवसर प्राप्त होता है। विभागाध्यक्ष प्रो. सुनील महावर ने इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विभाग के शोधार्थियों की यह सफलता उनकी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विभाग का प्रयास सदैव विद्यार्थियों को ऐसा अकादमिक वातावरण उपलब्ध कराना रहा है जहाँ वे स्वतंत्र चिंतन, शोध उत्कृष्टता और सामाजिक उत्तरदायित्व के मूल्यों को आत्मसात कर सकें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि चयनित शोधार्थी अपने-अपने संस्थानों में उत्कृष्ट शिक्षण एवं शोध कार्य के माध्यम से समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने भी सभी चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की उपलब्धियां किसी भी विश्वविद्यालय की वास्तविक पहचान होती हैं। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध और नवाचार के माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। शोधार्थियों की यह सफलता विश्वविद्यालय की अकादमिक गुणवत्ता और उत्कृष्टता की पुष्टि करती है। विभाग के शिक्षकों डॉ. जुगल किशोर दधीच, डॉ, अंबिकेश त्रिपाठी, डॉ. अभय विक्रम सिंह, तथा अन्य विभागों के शिक्षकों डॉ. नरेंद्र सिंह, डॉ. अनुपम कुमार वर्मा, डॉ. कैलाश प्रधान डॉ. नरेंद्र कुमार आर्य एवं शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने भी चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनकी उपलब्धि को विभाग के लिए प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि इन सफलताओं से विभाग के वर्तमान विद्यार्थियों और शोधार्थियों को नई ऊर्जा और प्रेरणा मिलेगी तथा वे भी उच्च शिक्षा और शोध के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करने के लिए प्रेरित होंगे।

## बेलसर में एंबुलेंस रोककर 65 हजार लूटे

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेलसर थाना क्षेत्र के बेलसर गांव में देर रात हथियार के बल पर लूट की वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई। तीन बाइक पर सवार छह अपराधियों ने बेलसर पंचायत के मुखिया मुकेश गुप्ता के पुत्र प्रणव कुमार को रास्ते में घेरकर लूटपाट की। घटना के बाद पीड़ित परिवार में दहशत का माहौल है। बताया गया कि प्रणव कुमार अपनी दुकान बंद करने के बाद एंबुलेंस से घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में तीन बाइक पर सवार छह अपराधियों ने उनकी एंबुलेंस को घेर लिया। आरोप है कि अपराधियों ने गाली-गलौज करते हुए एंबुलेंस का शीशा तोड़ दिया और हथियार दिखाकर प्रणव कुमार को डराया-धमकाया। इसके बाद अपराधियों ने प्रणव कुमार से 65 हजार रुपये नकद लूट लिए। अचानक हुई वारदात से वह सहम गए। किसी तरह मौके से निकलकर उन्होंने अपनी जान बचाई। आरोप है कि अपराधियों ने इसके बाद भी उनका पीछा किया और उनके घर तक पहुंचने की कोशिश की। इस घटना से परिवार के लोग काफी भयभीत हैं। लूट की घटना के बाद बेलसर इलाके में पुलिस की रात्रि गश्ती और कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अपराधियों के बढ़ते हौसले से आम लोगों में भय का माहौल है। लोगों ने पुलिस से रात में गश्ती बढ़ाने और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित की ओर से घटना की सूचना बेलसर पुलिस को दी गई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



# 15 अगस्त को ऐतिहासिक गांधी मैदान में शान से लहराएगा तिरंगा, प्रभारी मंत्री करेंगे झंडोत्तोलन

## कार्यक्रम की सफलता को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वतंत्रता दिवस के सफल आयोजन को लेकर जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव के द्वारा समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में जिला स्तरीय पदाधिकारीगण के साथ बैठक कर अब तक की तैयारियों की जानकारी प्राप्त की गई एवं सभी कार्यों को समय से पूर्ण करा लेने का निर्देश दिया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को सुबह 9:00 बजे मोतिहारी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में जिला प्रभारी मंत्री - सह - मंत्री ग्रामीण विकास विभाग और सूचना एवं जन संपर्क विभाग बिहार सरकार के कर कमलों द्वारा झंडोत्तोलन किया जाएगा। इस अवसर पर मंत्री के द्वारा पूर्वी चंपारण जिला में विकास और प्रगति के कार्य सहित बड़े प्रोजेक्ट्स पर चल रहे कार्यों को रेखांकित करते हुए गांधी मैदान में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित किया जाएगा। मंत्री के द्वारा मुख्य मंच पर जिला में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न क्षेत्र के लोगों को भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। जिलाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया कि मुख्य समारोह स्थल गांधी मैदान मैं झंडोत्तोलन को लेकर चल रही तैयारी को समय से पूर्ण कर लिया जाए। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, पदाधिकारीगण एवं आम लोगों के बैठने की बेहतर व्यवस्था की जाए। महिलाओं के लिए अलग दीर्घा तथा पत्रकारगण को बैठने एवं संपूर्ण कार्यक्रम को कवरेज करने के लिए के लिए अलग व्यवस्था कराने का निर्देश दिया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मोतिहारी नगर निगम क्षेत्र स्थित सभी महापुरुषों की प्रतिमा पर जिला स्तरीय पदाधिकारीगण द्वारा माल्यार्पण किया जाएगा। इस संबंध में नगर आयुक्त नगर निगम मोतिहारी को निर्देश दिया गया कि महापुरुषों की प्रतिमा की साफ-सफाई एवं रंग रोगन सहित सभी जरूरी कार्यों को समय से पूर्ण करा लें। जिला स्तर पर झंडोत्तोलन के कार्यक्रम को निम्न रूप से निर्धारित किया गया है:- गांधी मैदान में सुबह 9:00 बजे, समाहरणालय परिसर मोतिहारी में 9:45 बजे, अनुमंडल कार्यालय सदर के परिसर में 9:50 बजे, नगर निगम कार्यालय 10:05 बजे, गांधी संग्रहालय 10:15 बजे, जिला परिषद कार्यालय 10:25 बजे, पुलिस अधीक्षक कार्यालय 10:35 बजे, पुलिस केंद्र मोतिहारी 10:40 बजे एवं उसके पश्चात 11:05 पूर्वाह्न से महादलित टोलों में पदाधिकारी गण की उपस्थिति में उस टोला के बुजुर्ग महादलित व्यक्ति के द्वारा झंडोत्तोलन किया जाएगा। इस बार महादलित टोलों में झंडोत्तोलन का कार्य महिलाओं के द्वारा कराए जाने का निर्देश प्राप्त है। जिलाधिकारी के द्वारा सभी तैयारी पूर्ण कर लेने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया।जिलाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया कि 13 अगस्त को स्वतन्त्रता दिवस परेड का फुल ड्रेस रिहर्सल पूर्वाह्न 9:00 बजे किया जाएगा जिसमें सभी टुकड़ियां भाग लेंगी और सभी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। बरसात के मौसम को देखते हुए गांधी मैदान में परेड वाले ट्रैक को ठीक करा देने का निर्देश कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल मोतिहारी को दिया गया। गांधी मैदान की साफ सफाई सहित कलेक्ट्रेट परिसर एवं सभी महत्वपूर्ण पथों की साफ सफाई का निर्देश नगर निगम को दिया गया। मुख्य समारोह स्थल गांधी मैदान में मंच निर्माण, रंग रोगन एवं बैरिकेडिंग के विषय में कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल से जरूरी जानकारी प्राप्त की गई। उनके द्वारा बताया गया कि सभी कार्यों को समय से पहले पूर्ण कर लिया जाएगा।स्वतंत्रता दिवस समारोह का लाइव प्रदर्शन/प्रसारण जिला के सोशल मीडिया,फेसबुक पेज , वेव कास्ट के माध्यम से कराने का निर्देश गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को दिन के 2:00 बजे से गांधी मैदान में क्रिकेट मैच का आयोजन किया जाएगा जिसमें जिला प्रशासन और मीडिया की टीम आमने-सामने होगी। इस संबंध में जिला खेल पदाधिकारी एवं उप समाहर्ता जिला नजारत को जरूरी निर्देश दिए गए। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को संध्या 5:00 बजे से महात्मा गांधी प्रेक्षा गृह में आयोजित होने वाली सांस्कृतिक संध्या के विषय में जिला शिक्षा पदाधिकारी से जरूरी जानकारी प्राप्त की गई। जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा बताया गया की सरकारी एवं निजी विद्यालयों के साथ - साथ कस्तूरबा गांधी विद्यालय को भी इसमें शामिल किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्क्रीनिंग में कुल 26 टीमों ने भाग लिया जिसमें 19 टीम का चयन किया गया है, जिनके द्वारा सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति दी जाएगी। सांस्कृतिक संध्या में भाग लेने वाले सभी विद्यालयों के को इसकी सूचना दे दी गई है।



CMYK

## एक नजर

### नालंदा में तिरंगा यात्रा से गूंजा देशभक्ति का संदेश

**बिहारशरीफ।** हर घर तिरंगा 2026 अभियान के तहत बुधवार को नालंदा में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। कड़ी धूप और उमस भरी गर्मी के बावजूद स्कूली बच्चों और युवाओं का उत्साह देखते ही बना। हाथों में तिरंगा लेकर निकले छात्र-छात्राओं ने पूरे शहर को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। यात्रा का नेतृत्व जिलाधिकारी उदिता सिंह और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने किया।कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तिरंगा यात्रा नालंदा समाहरणालय से शुरू होकर श्रम कल्याण केंद्र मैदान पहुंची। इसमें बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी, स्कूली बच्चे और युवा शामिल हुए।डीएम उदिता सिंह ने बताया कि जिले में 9 से 17 अगस्त तक विशेष सप्ताह मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य लोगों के मन में राष्ट्रप्रेम और देश के प्रति गर्व की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत राजगीर में ट्रैकिंग कार्यक्रम के साथ दीवारों पर तिरंगा और देशभक्ति की थीम पर चित्रकारी भी कराई जा रही है।एसपी भारत सोनी ने युवाओं की भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि नई पीढ़ी में राष्ट्रभक्ति की भावना मजबूत होना जरूरी है। युवाओं को स्वयं देशभक्ति से जुड़ने के साथ इसे आगे भी प्रचारित-प्रसारित करना चाहिए।तेज धूप में भी तिरंगा लेकर पूरे जोश से आगे बढ़ते बच्चों ने कार्यक्रम को खास बना दिया। सड़कों पर लहराते तिरंगे और बच्चों के उत्साह ने नालंदा में राष्ट्रभक्ति का माहौल और मजबूत कर दिया।

### उच्च शिक्षा विधेयक के विरोध में शिक्षक-कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**हिलसा।** प्रखंड के श्री चंद्र उदासीन कॉलेज में बुधवार को प्रस्तावित बिहार उच्च शिक्षा विधेयक एवं विश्वविद्यालय अधिनियम-2026 के विरोध में शिक्षक एवं कर्मचारियों ने आधे घंटे तक नारेबाजी और प्रदर्शन किया। दोपहर एक बजे से 30 मिनट तक चले प्रदर्शन में शिक्षक-कर्मचारियों ने विधेयक वापस लेने की मांग की।आंदोलन का नेतृत्व शिक्षक-कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के तहत प्राध्यापक संघ की अध्यक्ष पिंकी कुमारी और कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार नयन ने किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. शिवचंद सिंह ने भी आंदोलन का समर्थन किया।प्रदर्शन के दौरान शिक्षक-कर्मचारियों ने विद्यालय किसी की जागीर नहीं है और विधेयक वापस लो जैसे नारे लगाए। राज्य अध्यक्ष बैंक्विट कुमार ने कहा कि प्रस्तावित विधेयक वापस लिए जाने तक संघर्ष जारी रहेगा।इस मौके पर डॉ. संजीत मिश्रा, डॉ. सम्राट सरकार, डॉ. अभिषेक कुमार, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. शैलेश कुमार, डॉ. प्रभात कुमार, डॉ. सुभद्रा सिन्हा, रंजीत कुमार, प्रदीप कुमार समेत बड़ी संख्या में शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### तेज रफ्तार बुलेट ने ऑटो में मारी टक्कर, दो गंभीर


**हरनौत।** थाना क्षेत्र के हरनौत बाजार स्थित सरकारी अस्पताल के समीप एनएच-20 की सर्विस लेन पर बुधवार दोपहर करीब 2रू45 बजे तेज रफ्तार बुलेट बाइक ने सीएनजी ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो सवार एक महिला और एक पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर के बाद बुलेट सवार मौके से फरार हो गया।घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को कल्याण बिगहा अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए दोनों को सदर अस्पताल, बिहारशरीफ रेफर कर दिया। पुलिस के अनुसार, घायलों की पहचान बख्तियारपुर निवासी एवं वर्तमान में सिलाव थाना क्षेत्र के कराह गांव में रह रहे मोहम्मद हसीब तथा सोहसराय थाना क्षेत्र के छोटी पहाड़ी निवासी प्रमोद कुमार की पत्नी रेखा देवी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि हादसे में मोहम्मद हसीब का एक पैर पूरी तरह कट गया है।स्थानीय लोगों के मुताबिक, ऑटो हरनौत से बख्तियारपुर की ओर जा रहा था, तभी विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बुलेट ने टक्कर मार दी। पुलिस ने क्षतिग्रस्त ऑटो जब्त कर लिया है और फरार बाइक सवार की तलाश शुरू कर दी है।

### जीविका नगरनौसा प्रखंड कार्यालय में एसआईएस सुरक्षा कर्मी भर्ती शिविर संपन्न

**नगरनौसा।** बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन परियोजना (जीविका) के प्रखंड कार्यालय नगरनौसा में सुरक्षा सेवा प्रदान करने वाली देश की प्रतिष्ठित कंपनी एसआईएस लिमिटेड के सौजन्य से एक दिवसीय रोजगार-सह-भर्ती शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।रोजगार शिविर के दौरान प्रखंड के विभिन्न गांवों से आए कुल 83 योग्य अभ्यर्थियों का प्रारंभिक पंजीकरण किया गया। एसआईएस के भर्ती अधिकारियों द्वारा उपस्थित युवाओं की शारीरिक दक्षता, उम्र, लंबाई और शैक्षणिक योग्यताओं की बारीकी से जांच की गई।जीविका के प्रखंड परियोजना प्रबंधक अजय कुमार ने बताया कि ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया गया था। जीविका लगातार युवाओं के कौशल विकास और नियोजन के लिए इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करती आ रही है। प्रारंभिक रूप से पंजीकृत और चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी के निर्धारित नियमों के तहत आगे की प्रक्रिया के लिए भेजा जाएगा। इसके बाद उन्हें ट्रेनिंग सेंटर में सुरक्षा गार्ड और सुपरवाइजर के पदों के लिए कड़ा प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद सभी सफल उम्मीदवारों को विभिन्न सरकारी व गैर-सरकारी संस्थानों में स्थायी रोजगार दिया जाएगा। इस अवसर पर जीविका के प्रखंड स्तरीय कर्मी, एसआईएस कंपनी के भर्ती अधिकारी और भारी संख्या में स्थानीय युवा उपस्थित थे।

### 600 लीटर शराब के साथ ट्रक जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

**थानाध्यक्ष ने बताया - तस्करी में नालंदा के माफियाओं की संलिप्तता**



**रजौली।** रजौली थाना पुलिस ने बुधवार की अहले सुबह लगभग 4 बजे कोयला लदे ट्रक से हो रही शराब तस्करी का भंडाफोड़ किया है। टोल प्लाजा के समीप से कोयले के डस्ट और तहखाने में छिपाकर ले जाई जा रही करीब 600 लीटर विदेशी शराब के साथ ट्रक को जब्त किया गया है। जब्त शराब का बाजार मूल्य 10 लाख रुपए आंकी जा रही है। साथ ही शराब तस्करी में शामिल ट्रक चालक और खलासी को भी गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि कोयला लदे ट्रक से शराब की बड़ी खेप बिहार लाई जा रही है। सूचना के आधार पर रात्रि गश्त पर तैनात एएसआई बीरेन्द्र पासवान और पुलिस बलों ने करिगांव स्थित टोल प्लाजा के पास वाहन चेकिंग शुरू की। इसी दौरान ट्रक को रोका गया। पुलिस ने जब ट्रक की गहन जांच की तो कोयले के डस्ट के नीचे और ट्रक के केबिन के पीछे बने विशेष तहखाने से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद हुई। कुल मिलाकर लगभग 600 लीटर शराब जब्त की गई है। शराब को प्लास्टिक के कार्टूनों में पैक कर कोयले के बीच छिपाया गया था। इस मामले में पुलिस ने ट्रक चालक और खलासी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चालक की पहचान नालंदा जिले के रहुई थाना क्षेत्र के जगतनंदनपुर गांव निवासी पप्पू यादव के पुत्र कुंदन कुमार और खलासी अकौना गांव निवासी रौशन कुमार के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने बताया कि शराब की यह खेप बंगाल के आसनसोल से बिहार लाई जा रही थी। थानाध्यक्ष ने कहा कि गिरफ्तार तस्करों के बयान के आधार पर नालंदा जिले के शराब माफियाओं की इस तस्करी में संलिप्तता सामने आई है। शराब और कोयला लदे ट्रक को थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार दोनों तस्करों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

# हसपुरा सीएचसी की बदहाली पर विधायक सख्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हसपुरा/औरंगाबाद।** हसपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को गोह विधानसभा क्षेत्र के विधायक अमरेंद्र कुशवाहा के औचक निरीक्षण से अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था की कई खामियां सामने आईं। अस्पताल परिसर में गंदगी और जलजमाव से लेकर चिकित्सकों व कर्मियों की अनुपस्थिति तथा मरीजों को पर्याप्त सुविधाएं नहीं मिलने की शिकायत पर विधायक ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को व्यवस्था में तत्काल सुधार लाने का निर्देश देते हुए लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। निरीक्षण के दौरान विधायक ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों, परिसर, शौचालय, लेबर रूम समेत अन्य स्थानों का जायजा लिया। जनरल वार्ड के सामने गंदगी का अंबार और परिसर में कई जगह पानी जमा मिला। जलजमाव के कारण दुर्गंध की स्थिति बनी हुई थी। इसे देखकर विधायक ने अस्पताल प्रबंधन से नाराजगी जताई और नियमित साफ-सफाई तथा जलनिकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मरीजों ने भी विधायक के समक्ष अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर अपनी समस्याएं रखीं। मरीजों और उनके परिजनों ने शौचालयों की खराब स्थिति, साफ-सफाई में कमी और वार्ड में नियमित चिकित्सकीय जांच नहीं होने की शिकायत की। बेड पर गंदी चादरें मिलने पर विधायक ने संबंधित कर्मियों को फटकार लगाते हुए मरीजों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान अस्पताल में चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति को लेकर भी सवाल उठे। जनरल वार्ड में भर्ती मरीजों के परिजनों ने विधायक को बताया कि कई बार डॉक्टर मरीजों को देखने नहीं आते और एएनएम व ममता कार्यकर्ताओं के माध्यम से ही मरीजों की देखभाल होती है। विधायक ने इस व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए मरीजों की नियमित चिकित्सकीय जांच सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण में क्लर्क अहमद अंसारी भी अपने कार्यालय में अनुपस्थित मिले। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कुणाल कामाख्या नारायण प्रशिक्षण के लिए औरंगाबाद गए हुए थे, जबकि अस्पताल प्रबंधक हेमंत राजन के सिविल सर्जन के आदेश पर औरंगाबाद जाने की जानकारी दी गई। अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध होने के बावजूद चिकित्सक या तकनीशियन की कमी के कारण मरीजों को इसका लाभ नहीं मिलने की जानकारी विधायक को दी गई। वहीं लेबर रूम में डाटा एंट्री ऑपरेटर की कमी के कारण एएनएम से ही डाटा एंट्री का काम कराया जा रहा है। विधायक ने इन समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक पहल करने का निर्देश दिया।

# सामूहिक प्रयास से सफल होगी लोक अदालत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** 12 सितंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल, प्रभावी एवं अधिक से अधिक मामले निपटारे के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बीमा कंपनियों एवं उनके अधिवक्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्राधिकरण की सचिव तान्या पटेल ने की। बैठक में विशेष रूप से मोटर दुर्घटना दावा वाद सहित बीमा कंपनियों से संबंधित लंबित मामलों के आपसी सहमति एवं सौहार्दपूर्ण समाधान के माध्यम से शीघ्र निस्तारण पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में नेशनल इंश्योरेंस कंपनी के ज्ञानेन्द्र कुमार के साथ रजनी वल्लभ प्रसाद सिन्हा, अरुण तिवारी, धनंजय कुमार, अरबिंद सिंह सहित विभिन्न बीमा कंपनियों के प्रतिनिधि एवं उनके अधिवक्तागण उपस्थित रहे। सचिव तान्या पटेल ने कहा कि लोक अदालत का उद्देश्य केवल लंबित मामलों की संख्या कम करना नहीं, बल्कि विवादित पक्षकारों को आपसी सहमति के आधार पर त्वरित, सस्ता, सरल एवं प्रभावी न्याय उपलब्ध कराना है।उन्होंने बीमा कंपनियों एवं उनके अधिवक्ताओं से अपील की कि लोक अदालत में अधिक से अधिक ऐसे मामलों को चिन्हित कर प्रस्तुत किया जाए, जिनमें समझौते की पर्याप्त संभावना है। उन्होंने कहा कि समय पर सकारात्मक पहल होने से दुर्घटना पीड़ितों एवं उनके आश्रितों को मुआवजा प्राप्त करने में अनावश्यक विलंब से बचाया जा सकता है। बैठक के दौरान मोटर दुर्घटना दावा मामलों में लंबित मुआवजा दावों, पक्षकारों के साथ समझौते की संभावनाओं, बीमा कंपनियों के प्रस्ताव, अधिकृत प्रतिनिधियों की उपलब्धता तथा लोक अदालत के दिन मामलों के त्वरित निस्तारण को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

# सरोज यादव के निधन से राजद को अपूरणीय क्षति : सांसद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के कुटुंबा प्रखंड महासचिव दिवंगत सरोज यादव की स्मृति में बुधवार को प्रखंड कार्यालय में शोकसभा आयोजित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। शोकसभा की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा ने की। पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने दिवंगत कार्यकर्ता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। औरंगाबाद सांसद अभय कुमार कुशवाहा और बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सुरेश पासवान ने कहा कि सरोज यादव राजद के समर्पित, कर्मठ और लोकप्रिय कार्यकर्ता थे। उनके असमय निधन से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। लंबे समय से बीमार चल रहे सरोज यादव का दिल्ली में इलाज के दौरान सोमवार सुबह निधन हो गया था। उनके निधन की खबर से राजद कार्यकर्ताओं में शोक की लहर है। शोक सभा में पूर्व प्रमुख मनोज कुमार यादव, मुखिया प्रतिनिधि पुटुस यादव, मुखिया रविन्द्र यादव, मुखिया मंजित यादव, मुखिया श्याम बिहारी राय, मुखिया सिकन्दर यादव, पप्पू यादव, संजय यादव, विजय यादव, दीपक यादव, नितिन यादव, डॉ. रविकांत वर्मा, डॉ. जयकांत वर्मा, जितेन्द्र यादव, हरेन्द्र कुमार वर्मा, बीरबल मेहता, कुन्दन कुमार, चन्दन कुमार, राहुल कुमार, मनीष कुमार, प्रसिद्ध यादव, मुकेश वर्मा, प्रिकेश मेहता, अभिषेक यादव, मनोज यादव, नंदकुमार यादव और शिवम कुमार समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर फहराएं तिरंगा , जिले भर में हर घर तिरंगा' अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद।** जिले में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन उत्साहपूर्वक किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य आमजनों, विद्यार्थियों एवं युवाओं में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान, देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना है। इसी क्रम में दाउदनगर अनुमंडल अंतर्गत अनुमंडल पदाधिकारी दाउदनगर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दाउदनगर एवं अन्य पदाधिकारी द्वारा भी 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जवानों द्वारा तिरंगे के प्रति सम्मान एवं राष्ट्रभक्ति का संदेश देते हुए आमजनों को अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों में भी 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं जिनमें प्रभात फेरी भी निकाली गई। बच्चों एवं छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय ध्वज के महत्व, उसके सम्मान तथा स्वतंत्रता दिवस के महत्व के संबंध में जानकारी दी जा रही है। विद्यालयों में तिरंगा आधारित गतिविधियां, रंगोली, देशभक्ति गीत एवं अन्य रचनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा जिलेवासियों से अपील की गई है कि 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराएं तथा इस राष्ट्रीय अभियान में उत्साहपूर्वक भागीदारी करें। अभियान के अंतर्गत आयोजित गतिविधियों की तस्वीरें एवं सेल्फी harghartiranga.com पर अपलोड कर अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में सहयोग करें। इसी क्रम में जिला मुख्यालय में 14 अगस्त 2026 को अनुग्रह इंटर विद्यालय (गेट स्कूल) से अनुग्रह नारायण सिंह नगर भवन तक तिरंगा यात्रा आयोजित की जाएगी। साथ ही सभी प्रखंडों में 12 अगस्त को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा बताया गया कि 9 अगस्त से 17 अगस्त तक चलने वाले 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत जिले के सभी प्रखंडों एवं पंचायतों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान को सफल बनाने हेतु सभी संबंधित विभागों एवं संस्थानों को सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

# हर घर तिरंगा अभियान में राष्ट्रभक्ति से सराबोर हुए अनुग्रह स्कूल के बच्चे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित अनुग्रह मध्य विद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के अध्यक्ष सह वार्ड पार्षद अशोक कुमार सिंह के आमंत्रण पर जिला रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह, नगर परिषद उपाध्यक्ष एहसान अहमद, जदयू पदाधिकारी प्रभात रंजन उर्फ दीपक, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि मरगूब आलम एवं सोनू कुमार विद्यालय पहुंचे और बच्चों के तिरंगा मार्च को रवाना किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देश के आलोक में 9 अगस्त से विद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान उत्साहपूर्वक चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बच्चों में राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय एकता की भावना विकसित करने के उद्देश्य से तिरंगा मार्च निकाला गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लेकर ओल्ड जीटी रोड पर मार्च किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान नई पीढ़ी में राष्ट्र के प्रति सद्भावना और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में देशभक्ति के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का बोध होता है। जिला रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह ने प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने के साथ उन्हें राष्ट्र और समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनाना भी जरूरी है। विद्यालय द्वारा इस दिशा में किया जा रहा प्रयास प्रशंसनीय है। नगर परिषद उपाध्यक्ष एहसान अहमद, प्रभात रंजन उर्फ दीपक, मरगूब आलम सहित अन्य अतिथियों ने भी बच्चों को संबोधित किया और उनमें राष्ट्रीय भावना का संचार किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने बच्चों के साथ तिरंगा लहराकर किया।

# लालच से मुक्त दूसरों के हितैषी बने रहे रामशरण यादव

**डॉ. उपेंद्र कश्यप**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**





**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** जिले के गोह विधानसभा क्षेत्र से पांच बार विधायक रहे रामशरण यादव को आज पूरा क्षेत्र याद कर रहा है। उन्होंने अपने राजनीतिक, सामाजिक जीवन में जो मील का पत्थर खड़ा किया है, उस तक पहुंचने तक की संभावना दूसरे नेताओं में नहीं दिखती। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से पहली बार वे 1977 में विधायक बने। इसके बाद 1980, 1990, 1993 (उपचुनाव) और 1995 में जीत कर विधायक बने। लालू प्रसाद यादव ने उन्हें गोह में चुनाव के वक्त कहा था कि रामशरण भाई को लाल बत्ती लगाने का ऑफर दे रहे लेकिन वह सुन नहीं रहे। दरअसल लालू प्रसाद जब अपने चरम पर थे तो वह उनको मंत्रिमंडल में शामिल करना चाहते थे। लेकिन रामशरण यादव ने दल नहीं बदला, दिल भी नहीं बदला। नतीजा वे मंत्री बनने से चूक गए। जबकि आज थोड़े से लाभ के लिए नेता दल और दिल दोनों बदल देते हैं। तनिक भी उनको इस बात का इल्म नहीं होता कि लोग क्या कहेंगे। आज एक मुखिया भी चुनाव जीतते बड़े और लग्जरी चार पहिया वाहन पर चलना शुरू कर देता है, जबकि रामशरण यादव मोटरसाइकिल पर अपने एक अंगरक्षक के साथ चलते थे। कहा यह भी जाता है कि उनका विधायक आवास हमेशा जनता के लिए खुला रहा। कई बार कई लोग यह देखने का दावा कर चुके हैं कि वे लोगों को अपने ही बिस्तर पर सुला देते थे, और स्वयं फर्श पर कंबल बिछाकर सो जाते थे। उनका जन्म हसपुरा प्रखंड के टनकुप्पी गांव में आठ जनवरी 1943 को हुआ था। जबकि 13 अगस्त 2005 को उनका निधन हुआ था। क्षेत्र उनकी 21 में पुण्यतिथि आज मना रहा है। राम शरण यादव के रिश्तेदार मखरा निवासी सुरेंद्र यादव बताते हैं कि जब उनको बड़े वाहन पर चलने की सलाह दी गयी तो जवाब दिया था कि हम गांव और ग्रामीणों के नेता हैं। मोटरसाइकिल से जाते हैं तो सिर्फ अंगरक्षक रहता है और किसी के घर रुक कर खाकर ठहर सकते हैं। लेकिन जब बड़ी गाड़ी से चलेंगे तो कई लोग साथ होंगे। ऐसी स्थिति में जिसके यहां जाएंगे उसको खिलाने में और रखने में परेशानी होगी।

# हर घर तिरंगा अभियान में गूंजा वंदे मातरम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को अनुमंडल मुख्यालय में तिरंगा यात्रा निकाली गयी। बच्चों से लेकर अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों तक ने तिरंगे के साथ राष्ट्रवादी नारे लगाए। वंदे मातरम की गूंज गली गली सुनाई पड़ी। सरकारी विद्यालय भी इसमें शामिल हुए। प्रखंड कार्यालय परिसर से तिरंगा यात्रा प्रारंभ हुई। एसडीओ अमित राजन, एसडीपीओ अशोक कुमार दास, प्रखंड प्रमुख विपुल कुमार, बीडीओ मो. जफर इमाम, राजस्व अधिकारी रोहित कुमार, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष दीपक पटेल, प्रखंड 20 सूत्री उपाध्यक्ष श्याम पाठक, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विकास कुमार, बीपीआरओ ऋषु राज, सीडीपीओ पवन कुमार एवं जीविका बीपीएम अरुण कुमार, भाजपा शमशेरनगर मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, राकेश पांडेय एवं आलोक टंडन, सूर्येन्द्र कुमार भारतीय समेत अन्य प्रखंड सह अंचल कर्मी शामिल हुए। हाथों में तिरंगा लेकर लोग देशभक्ति के नारों के साथ ब्लॉक रोड, मौलाबाग रोड होते हुए भखरुआं मोड़ तक पहुंचे। इसके बाद यात्रा पुनः मौलाबाग रोड और ब्लॉक रोड से होते हुए प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंच संपन्न हुई।

# 67.5 किलो भार वर्ग में 222.5 किलो वेटलिफ्ट कर सूरज ने जीता गोल्ड, अब थाईलैंड में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिले के पवई गांव निवासी बिहार के युवा पावरलिफ्टर सूरज कुमार ने महाराष्ट्र के उल्हासनगर-बोरीवली में आयोजित रॉ पावरलिफ्टिंग फेडरेशन, महाराष्ट्र चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया। प्रतियोगिता में उन्होंने अपनी ताकत का शानदार प्रदर्शन करते हुए 67.5 किलोग्राम बॉडीवेट वर्ग में 222.5 किलोग्राम डेडलिफ्ट उठाया।

सूरज कुमार की यह उपलब्धि इसलिए भी खास रही कि प्रतियोगिता में शामिल सभी एथलीटों के बीच उन्होंने सबसे अधिक वजन उठाकर अपनी अलग पहचान बनाई। उनके इस दमदार प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन आगामी एशिया पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप, थाईलैंड के लिए भारतीय टीम में हुआ है। यह प्रतियोगिता 8 अक्टूबर 2026 को थाईलैंड में आयोजित होने वाली है।

प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने के साथ सूरज कुमार को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'स्ट्रॉन्ग मैन 2026' के सम्मान से भी सम्मानित किया गया। एक ही प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल, एशियन चैंपियनशिप के लिए चयन और स्ट्रॉन्ग मैन का सम्मान मिलना उनके लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

सूरज ने 67.5 किलो के अपने बॉडीवेट की तुलना में 222.5 किलो का डेडलिफ्ट उठाकर अपनी असाधारण शक्ति का प्रदर्शन किया। उनके इस प्रदर्शन ने प्रतियोगिता में मौजूद खिलाड़ियों और आयोजकों का ध्यान आकर्षित किया।

# देशभक्ति के रंग में रंगा हसपुरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को हसपुरा प्रखंड मुख्यालय से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। हाथों में तिरंगा लेकर निकले अधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षक, कर्मी और विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने पूरे क्षेत्र में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व बीडीओ पंकज कुमार, सीओ सुनील कुमार, थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, बीईओ रंजीत कुमार, पीओ राजेश चौधरी एवं एमओ अभिनित कुमार ने किया। प्रखंड कार्यालय परिसर से शुरू हुई यात्रा में प्रमुख श्रीनिवास सिंह, उपप्रमुख सतेन्द्र चौधरी, 20 सूत्री अध्यक्ष चंद्रकांत मुन्ना, एसआई रविरंजन कुमार सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग शामिल हुए। तिरंगा यात्रा बस स्टैंड मोड़, हाईस्कूल मोड़, पटेल चौक और मुख्य बाजार होते हुए पुरानी दुर्गा मंदिर पहुंची।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

खुली ई-निविदा सूचना सं.-टीआरडी-ओ०टी०-14-पीएसआई-मेंट-26-27

नीचे दिये कार्य के लिए प्रमाणित अनुभवी वैद्युतिक लाईसेंस रखने वाले और वैध दस्तावेज द्वारा समर्थित सुदृढ़ वित्तीय क्षमता रखने वाले ख्यातिलब्ध ठेकेदार से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है :- **क्रम सं० 1 कार्य का नाम और स्थान :** डीडीयू डिविजन में इलेक्ट्रीफाईड सेक्शन के लिए पीएसआई मेंटेनेंस गतिविधियों का आउटसोर्सिंग का एक वर्ष के लिए कार्य।, **क्रम सं. 2 अनुमानित रकम :** रु. 1,26,70,184.67, **क्रम सं. 3 बयाना राशि :** रु. 253400.00, **क्रम सं. 4 निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय :** दिनांक 03.09.2026 को 15:00 बजे तक। **क्रम सं. 5 वेबसाईट का विवरण जहां ई-निविदा की पूर्ण जानकारी उपलब्ध है : www.ireps.gov.in**

वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/क.वि.,
पूर्व मध्य रेल, पं.दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/0722/डीडीयू/वि./टी/26-27/28

**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

**सं. डी.एन.आर./एस. एण्ड टी./सिंग/2026/11 दानापुर, दि. 07.08.2026** भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूर संचार) पूर्व मध्य रेल, दानापुर मंडल, निम्नलिखित कार्य हेतु रेलवे के वेबसाइट पर निविदाएं आमंत्रित करते हैं :- **1. कार्य का नाम एवं स्थान :** दानापुर डिवीज़न के JAJ-DDU सेक्शन में ट्रैक मशीन स्टेबलिंग लाइनें बनाने, यार्ड को अपग्रेड और बेहतर करने, और ट्रैक को बदलने से जुड़े सिग्नलिंग का काम **2. अनुमानित लागतः** रूपये 34087669.93 **3. बयाना राशिः** 681800.00, **4. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय :** दिनांक 31.08.2026 को 15:00 बजे तक। **5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :** दिनांक 31.08.2026 को 15:30 बजे। **6. वेबसाइट विवरणः** www.ireps.gov.in, **7. कार्यालय का पता जहाँ से निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है :** वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता कार्यालय, दानापुर। **नोटः** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। यदि जरूरत हुई तो शुद्धि पत्र उपरोक्त वेब साईट पर 14 दिन पहले अपलोड कर दिया जाएगा।

मं० सं० एवं दूर सं० अभि० /दानापुर
पीआर/709/डीएनआर/एस एण्ड टी/टी/26-27/32

# मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में संस्कृति, भक्ति और राष्ट्रभक्ति का भव्य संगम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, न्यू एरिया के बहुद्देश्यीय सभागार में श्रावण मास, रक्षाबंधन एवं स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर दो सत्रों में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के बाल कलाकारों ने नृत्य, संगीत एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना, भाईचारे और राष्ट्रप्रेम की मनमोहक झलक प्रस्तुत की।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक डॉ. अनुज कुमार ने मंगलदीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्राचार्य गोपाल चरण दास एवं उप-प्राचार्य सुजय कुमार उपस्थित रहे। निदेशक डॉ. अनुज कुमार ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों में देशप्रेम, सृजनशीलता, आध्यात्मिक चेतना एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम हैं। प्राचार्य गोपाल चरण दास ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं राष्ट्रीय मूल्यों से जोड़ने के साथ उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उप-प्राचार्य सुजय कुमार ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि उनकी प्रस्तुतियों में भारतीय संस्कृति, संस्कार, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम का सुंदर समन्वय देखने को मिला।

# 15 अगस्त से पहले भूमि जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश

## उपायुक्त की अध्यक्षता में राजस्व एवं विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** उपायुक्त हेमन्त सती की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभाकक्ष में राजस्व विभाग, भू-अर्जन, एनटीपीसी, एनएच सहित विभिन्न परियोजनाओं एवं आधारभूत संरचनाओं से संबंधित कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में एनटीपीसी की पकरी बरवाडीह, केरेडारी एवं चट्टी बरियातू कोल परियोजनाओं से संबंधित भूमि अधिग्रहण, मुआवजा भुगतान, पंचायत भवन डिमोलिशन की स्वीकृति, म्यूटेशन, जांच प्रतिवेदन एवं मेजरमेंट सहित विभिन्न मामलों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को लंबित मामलों का नियमानुसार शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।



बैठक में विभिन्न परियोजनाओं एवं आधारभूत संरचनाओं से संबंधित भूमि जांच प्रतिवेदन, एफआरए, वंशावली, वैल्युएशन, स्कूल शिफ्टिंग तथा नर्सिंग कॉलेज निर्माण के लिए भूमि चिह्नित कर भूमि हस्तांतरण सहित अन्य समस्याओं को परियोजना प्रतिनिधियों द्वारा उपायुक्त के समक्ष रखा गया। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को 15 अगस्त से पूर्व क्षेत्र भ्रमण कर भूमि से संबंधित जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

**राजस्व विभाग के कार्यों की भी हुई समीक्षा**

बैठक में राजस्व विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की गई। इस दौरान पीजी पोर्टल, भू-मापी, म्यूटेशन, दाखिल-खारिज, सो-मोटो म्यूटेशन, ई-रिवेन्यू कोर्ट, आरसीएमएस ऑनलाइन रिपोर्ट, ऑनलाइन लगान, परिशोधन पोर्टल सहित अन्य राजस्व संबंधी मामलों की प्रगति की जानकारी ली गई। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को एलपीसी निर्गत करने में विशेष सावधानी बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी अंचलाधिकारी को शीघ्र ही एलपीसी निर्गत करने के लिये नए एलपीसी फॉर्म उपलब्ध कराई जाएगी। फॉर्म में मांगी गई सभी जानकारियां स्पष्ट, तथ्यात्मक एवं निष्पक्ष रूप से दर्ज करेंगे। उपायुक्त ने सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमण के मामलों की समीक्षा करते हुए सरकारी भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराते हुए कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने म्यूटेशन एवं रिजेक्टेड मामलों की भी समीक्षा करते हुए लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। बैठक में उपायुक्त हेमन्त सती के अलावा उप विकास आयुक्त श्रीमती रिया सिंह, अपर समाहर्ता महेंद्र छोटन उरांव, भू-अर्जन पदाधिकारी सह डीसीएलआर राजकिशोर प्रसाद, बरही एसडीओ जोहन टुडू, सभी अंचलाधिकारी, अंचल निरीक्षक, कर्मचारी, विभिन्न परियोजनाओं के प्रतिनिधि एवं संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# गारु करुहा रेलवे ओवरब्रिज पर 15 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार, 350 ग्राम गांजा भी बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पदमा (हजारीबाग)।** हजारीबाग जिले के पदमा ओपी क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थों की अवैध खरीद-बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 15 ग्राम ब्राउन शुगर और 350 ग्राम गांजा बरामद किया है। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई की जा रही है। वहीं, ब्राउन शुगर की आपूर्ति करने वाले एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

पुलिस के अनुसार, 11 अगस्त 2026 की शाम करीब 6:30 बजे पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग को गुप्त सूचना मिली थी कि गारु करुहा रेलवे ओवरब्रिज पर कुछ लोगों द्वारा अवैध ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन एवं कार्रवाई के लिए बरही एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर के नेतृत्व में छापामारी दल गठित किया गया। दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गारु करुहा रेलवे ओवरब्रिज से लखिन्द्र कुमार डांगी (30 वर्ष), पिता जागेश्वर डांगी, ग्राम ढोढ़ी, थाना मयुरहण्ड, जिला चतरा को 15 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ पकड़ा। वहीं विशाल कुमार यादव (21 वर्ष), पिता लक्ष्मी यादव, ग्राम मेलकाना, थाना चौपारण, जिला हजारीबाग को 350 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में ब्राउन शुगर के साथ पकड़े गए लखिन्द्र कुमार डांगी ने पुलिस को बताया कि उसने उक्त ब्राउन शुगर सुरेन्द्र डांगी, पिता श्यामलाल डांगी, ग्राम ढोढ़ी, थाना मयुरहण्ड, जिला चतरा से खरीदा था। इसके बाद पुलिस ने सुरेन्द्र डांगी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।

इस मामले में बरही (पदमा) थाना कांड संख्या 279/2026, दिनांक 12 अगस्त 2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 15 ग्राम ब्राउन शुगर, 350 ग्राम गांजा, हीरो ग्लैमर मोटरसाइकिल और हौंडा सिटी कार बरामद की है। छापामारी दल में बरही एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर, बरही अंचल के पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार, पदमा ओपी प्रभारी श्रवण कुमार, एसआई संदीप कुमार, राजेश कुमार हाजरा, बिपिन बिहारी सिंह, आलोक कुमार सोरेन सहित पदमा ओपी के रिजर्व गार्ड शामिल थे।

# जेन जेड एवं भारतीय राजनीतिक व्यवस्था पर व्याख्यान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिलाय विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विभाग में बुधवार को जेन जेड एवं भारतीय राजनीतिक व्यवस्था विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन कौटिल्य कक्ष में किया गया। कार्यक्रम में विभाग के प्राध्यापकों, शोधार्थियों एवं छात्र-छात्राओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. मनोज कुमार के स्वागत वक्तव्य से हुआ। उन्होंने आधुनिक लोकतांत्रिक व्यवस्था में युवाओं, विशेषकर जेन जेड, की बदलती भूमिका तथा समकालीन राजनीति में उनकी बढ़ती भागीदारी की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। प्रो. मुनेश्वर यादव ने राजनीतिक विचारों एवं समकालीन राजनीतिक संकटों के वैज्ञानिक और तुलनात्मक अध्ययन की आवश्यकता पर बल दिया।



मुख्य वक्ता के रूप में राजनीति विज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं पूर्व संकायाध्यक्ष प्रो. जितेन्द्र नारायण ने भारतीय राजनीतिक दर्शन तथा आचार्य चाणक्य के विचारों का उल्लेख करते हुए राज्य की आवश्यकता और भूमिका पर विस्तार से विचार व्यक्त किए। डॉ. बी. आर. अंबेडकर के विचारों का संदर्भ देते हुए प्रो. नारायण ने कहा कि लोकतंत्र में सरकार की नीतियों और कार्यप्रणाली के प्रति असहमति व्यक्त करना नागरिकों का लोकतांत्रिक अधिकार है। हालांकि, असहमति का स्वरूप संवैधानिक और लोकतांत्रिक होना चाहिए। उन्होंने जेन जेड के युवाओं से अपील की कि वे किसी के बहकावे में आकर अराजकता या हिंसक गतिविधियों का मार्ग न अपनाएं, बल्कि संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों के दायरे में रहकर देश के निर्माण में रचनात्मक भूमिका निभाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार ने जेपी आंदोलन और अन्ना आंदोलन का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय राजनीति में युवाओं की सक्रिय भागीदारी का एक लंबा इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में राजनीतिक संचार के माध्यम भले ही बदल गए हों, लेकिन युवाओं को सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त सूचनाओं के प्रति सतर्क रहना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से तथ्यों की जांच कर निष्पक्ष, तार्किक और विवेकपूर्ण दृष्टिकोण विकसित करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. रघुवीर रंजन ने मुख्य वक्ता, विभागाध्यक्ष, सभी प्राध्यापकों, शोधार्थियों एवं छात्र-छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। समग्र रूप से कार्यक्रम में जेन जेड की राजनीतिक भूमिका, लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक व्यवस्था तथा समकालीन भारतीय राजनीति में युवाओं की जिम्मेदारी पर सार्थक चर्चा हुई।

# स्कूल, आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य केंद्रों में पेयजल सुविधा का होगा सत्यापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में बुधवार को समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जल जीवन मिशन जेजेएम एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फ़ेज-II के तहत संचालित योजनाओं की प्रखंडवार एवं योजनावार प्रगति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योजना का निर्माण पूरा होना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि उसके बाद नियमित संचालन और रख रखाव भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। अधिकारियों एवं अभियंताओं को क्षेत्र भ्रमण कर योजनाओं की वास्तविक स्थिति की



निगरानी करने तथा तकनीकी या संचालन संबंधी समस्याओं का तत्काल समाधान करने को कहा गया स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल व्यवस्था की होगी जांच। उपायुक्त ने जिले के विद्यालयों आंगनबाड़ी केंद्रों एवं स्वास्थ्य संस्थानों में पेयजल सुविधा की उपलब्धता और कार्यशीलता का सर्वे व सत्यापन कराने का निर्देश दिया उन्होंने कहा कि जहां पेयजल की सुविधा उपलब्ध नहीं है अथवा व्यवस्था खराब है वहां तत्काल आवश्यक कार्रवाई कर पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए कनीय अभियंताओं प्रखंड समन्वयकों एवं जल गुणवत्ता से जुड़े कर्मियों को संस्थानवार सर्वे कर वास्तविक स्थिति की रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया। बैठक में पेयजल की गुणवत्ता को लेकर भी विशेष निर्देश दिए गए उपायुक्त ने जल स्रोतों और आपूर्ति किए जा रहे पानी की नियमित जांच कराने तथा गुणवत्ता संबंधी समस्या मिलने पर तत्काल कार्रवाई करने को कहा उन्होंने अधिकारियों को जल जीवन मिशन के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए बेहतर समन्वय के साथ काम करने और योजनाओं की नियमित समीक्षा करने का निर्देश दिया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए नियमित निगरानी जनभागीदारी और जागरूकता गतिविधियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया कहा कि पेयजल और स्वच्छता एक दूसरे के पूरक है इसलिए दोनों क्षेत्रों में समन्वित तरीके से काम करने की आवश्यकता है। बैठक में उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी सहायक समाहर्ता यश कुमार पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या-2 के कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार सहित कनीय अभियंता प्रखंड समन्वयक एवं संबंधित कर्मी मौजूद थे।

# डीएम ने पीएम सूर्य घर योजना के लाभुकों से किया संवाद



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** डीएम भोजपुर तनय सुल्तानिया द्वारा अखियारपुर, बामपाली में पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत स्थापित सोलर रूफटॉप पैनल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा लाभुकों के आवास पर स्थापित सोलर रूफटॉप पैनल का जायजा लिया गया तथा इसके माध्यम से हो रहे विद्युत उत्पादन एवं योजना से प्राप्त हो रहे लाभ की जानकारी ली गई। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने योजना की लाभुक शकुंतला देवी एवं अमीर चंद्र राम से संवाद किया तथा सोलर पैनल स्थापित होने के बाद उन्हें मिल रहे लाभ के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने लाभुकों से पूछा कि सोलर पैनल लगने के बाद विद्युत बिल में किस प्रकार की कमी आई है तथा सौर ऊर्जा से उन्हें क्या-क्या लाभ प्राप्त हो रहा है। लाभुकों द्वारा बताया गया कि सोलर रूफटॉप पैनल के माध्यम से घर की विद्युत आवश्यकता को सौर ऊर्जा से पूरा करने में मदद मिल रही है तथा इससे विद्युत बिल में कमी लाने में लाभ हो रहा है। जिला पदाधिकारी ने बताया कि पीएम सूर्य घर योजना के माध्यम से आमजन को स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा अपनाने का अवसर मिल रहा है। रूफटॉप सोलर के उपयोग से घरेलू विद्युत खर्च को कम करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। जिला पदाधिकारी ने जिले में पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत 9,000 से अधिक सोलर रूफटॉप पैनल स्थापित किए जाने के निर्धारित लक्ष्य की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को लक्ष्य की प्राप्ति हेतु कार्य में और तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने पात्र परिवारों तक योजना की जानकारी पहुंचाने, आमजन को जागरूक करने तथा अधिक से अधिक पात्र लाभुकों को योजना से जोड़ने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, भोजपुर, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर आरा, सहायक समाहर्ता, निदेशक, डीआरडीए, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, विद्युत तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं अभियंता उपस्थित थे।

# बघउतपुर से धरहरा एवं चंदवा से बघउतपुर पथ की प्रगति का डीएम ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया द्वारा बघउतपुर से धरहरा एवं चंदवा से बघउतपुर पथ के प्रगति कार्य का स्थल निरीक्षण किया गया। दोनों पथों की कुल लंबाई 7.5 किमी है। पथ के प्रगति कार्य का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डीएम द्वारा पथ निर्माण कार्य की वर्तमान प्रगति, गुणवत्ता एवं कार्य की समयबद्धता की जानकारी संबंधित पदाधिकारियों से ली गई। उन्होंने पथ के आसपास किए गए अतिक्रमण को भी चिन्हित करते हुए अतिक्रमणमुक्त कराने का निर्देश दिया, ताकि पथ का सुचारू



एवं सुरक्षित उपयोग सुनिश्चित हो सके। डीएम ने निर्देश दिया कि अतिक्रमणमुक्त कराई गई भूमि का समुचित उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने वन एवं पर्यावरण विभाग के माध्यम से उक्त भूमि पर वृक्षारोपण कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। इसके अतिरिक्त उन्होंने नगर निगम को आवश्यकतानुसार वेंडिंग जोन विकसित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि व्यवस्थित वेंडिंग जोन के निर्माण से एक ओर सड़क पर लगने वाले जाम की समस्या के समाधान में मदद मिलेगी, वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए पथ निर्माण एवं उससे संबंधित सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने का निर्देश दिया। अवसर पर सदर एसडीओ, सहायक समाहर्ता, निदेशक डीआरडीए, परियोजना निदेशक बुडको, कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण, शाहाबाद प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, आरा, डीपीआरओ, सीओ आरा सदर सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं अभियंता उपस्थित थे।

# ताजपुर-बख्तियारपुर परियोजना व गंगा कटाव प्रभावित क्षेत्रों का डीएम ने किया निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने बुधवार को ताजपुर-बख्तियारपुर परियोजना के विभिन्न कार्यस्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति, भूमि संबंधी मामलों और परियोजना के क्रियान्वयन की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं अभियंताओं से कार्यों में आ रही समस्याओं और लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए आपसी समन्वय के साथ आवश्यक कार्रवाई करने तथा परियोजना के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। इसके बाद जिलाधिकारी ने गंगा नदी के कटाव से प्रभावित क्षेत्रों का भी जायजा लिया। उन्होंने संवेदनशील स्थलों पर कटाव की स्थिति तथा वहां चल रहे कटाव निरोधक एवं सुरक्षात्मक कार्यों का निरीक्षण किया। मौके पर मौजूद अभियंताओं से नदी के जलस्तर, कटाव की वर्तमान स्थिति और किए जा रहे कार्यों की तकनीकी जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कटाव प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखी जाए और संवेदनशील स्थानों पर आवश्यकता के अनुसार सुरक्षात्मक एवं कटाव निरोधक कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जाएं। उन्होंने अभियंताओं को नियमित रूप से स्थल का तकनीकी आकलन करने तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति में तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि कटाव प्रभावित इलाकों में रहने वाले लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए संबंधित विभाग के अधिकारी और अभियंता क्षेत्र में लगातार निगरानी बनाए रखें। निरीक्षण के दौरान जिला भू-अर्जन पदाधिकारी प्रवीण कुमार, सदर एसडीओ राकेश कुमार, पटोरी एसडीओ विकास कुमार पांडेय सहित संबंधित परियोजनाओं के अभियंता एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# युवा शक्ति ही किसी राष्ट्र की असली ताकत : लावण्य कीर्ति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** युवा दिवस 2026 के अवसर पर ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के संगीत एवं नाट्य विभाग के तृतीय सेमेस्टर के छात्रों ने विभागीय परिसर में 'जन गीत कार्यक्रम' प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का केंद्रीय विषय 'विभिन्न संघर्ष, समान आकांक्षा' था, जिसमें विविध पृष्ठभूमि के युवाओं की चुनौतियों, आशाओं और एकता को सांस्कृतिक एवं संगीतात्मक रूप में व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष लावण्य कीर्ति सिंह काव्या के उद्घाटन संबोधन से हुआ। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, 'युवा शक्ति ही किसी भी राष्ट्र और हमारे




संस्थान की असली ताकत है।' विभागाध्यक्ष ने आगे छात्रों की सकारात्मक ऊर्जा, रचनात्मकता और समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी पर बल दिया तथा कहा कि हमारा विभाग इन्हीं युवा प्रतिभाओं को मंच देने तथा उनके सकारात्मक एवं कलात्मक विकास के लिए निरन्तर प्रयासरत रहेगा। प्रस्तुति की मुख्य विशेषताएं : तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार और प्रस्तुत कई प्रासंगिक जन गीत, जिनमें विभिन्न स्थानीय व सामाजिक मुद्दों पर संवेदनशीलता दिखाई गई। संगीत, नृत्य और रंगमंच के संयोजन से बनाई गई बहुआयामी प्रस्तुति, जो श्रोताओं के साथ भावनात्मक जुड़ाव स्थापित करने में सफल रही।युवा प्रतिभाओं के सृजनात्मक पाठ्यक्रम और सामूहिकता की प्रभावशाली झलक देखने को मिली।

कार्यक्रम में विभागीय सभी सदस्य, छात्रगण तथा विश्वविद्यालय के अन्य विभागों के छात्र भी उपस्थित थे। आयोजन के बाद छात्रों और दर्शकों के बीच सक्रिय संवाद और प्रतिक्रिया सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें युवा प्रतिभियों को उनके अनुभव साझा करने का अवसर मिला।

# अनियंत्रित होकर पलटा लोडेड ट्रैक्टर, चालक की मौत

## उदवंतनगर थाना क्षेत्र के कोहड़ा मोड़ के समीप बुधवार की सुबह घटी घटना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा/उदवन्तनगर।** आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के कोहड़ा मोड़ स्थित पेट्रोल पंप के समीप बुधवार की सुबह लोडेड ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में ट्रैक्टर के नीचे दबने से चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना को लेकर आसपास की इलाके में अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक आयर थाना क्षेत्र से आयर गांव निवासी बंधु मुसहर का 21 वर्षीय पुत्र रंजीत मुसहर है। वह पेशे से चालक था। हालांकि वह बचपन से ही मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हसनपुरा गांव स्थित ननिहाल में अपने मामा योगेंद्र मुसहर के घर रहता था। इधर, मृतक की पत्नी दुर्गावती देवी ने बताया कि वह बुधवार की सुबह हसनपुरा गांव स्थित चिमनी भट्ठा से ट्रैक्टर पर राबीश लोड कर कोहड़ा गांव जा रहा था। इस बीच कोहड़ा मोड़ स्थित पेट्रोल पंप के समीप उसका ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्रैक्टर की ट्राली के नीचे दबने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उदवंतनगर पुलिस द्वारा सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने चार भाइयों में बड़ा था। उसके परिवार में मां विजयन्ती देवी, पत्नी दुर्गावती देवी एवं एक पुत्री नंदिनी है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया। परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# विधायक नरेंद्र सिंह को कोर्ट ने किया रिहा

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के एमपीएमएलए न्यायालय के विशेष न्यायाधीश ब्रजेश कुमार सिंह ने मुफस्सिल थाना काण्ड संख्या 98/2014 के आरोपी मटिहानी के वर्तमान विधायक नरेंद्र सिंह उर्फ बोगो सिंह को साक्ष्य के अभाव में रिहा करने का आदेश दिया। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक राम प्रकाश यादव ने न्यायालय में छह साक्षियों का साक्ष्य करवाया। न्यायालय में काण्ड के सूचक तत्कालीन अंचल अधिकारी निरंजन कुमार, सिंह, सिंघौल थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार, अनुसन्धानकर्ता ललित कुमार, डॉक्टर गोपाल मिश्रा, होमगार्ड सिपाही अनिरुद्ध यादव, चौकीदार जवाहर पासवान का साक्ष्य अभियोजन की ओर से करवाया गयी। विधायक नरेंद्र सिंह उर्फ बोगो सिंह पर आरोप था कि दिनांक 19 मार्च 2014 को सिंघोल थाना क्षेत्र के एन.एच. 31 के बगल में तौजी नंबर 2802, खाता नंबर 164 की विवादित जमीन की अपने समर्थकों के साथ जबरदस्ती चाहरदिवारी करवा रहे थे जिसका विरोध कांग्रेस यादव अपने समर्थकों के साथ कर रहा था दोनों पक्षों में निर्माण को लेकर मारपीट की घटना होने लगी जिसकी सूचना पर पुलिस प्रशासन के द्वारा दोनों पक्षों को समझाने बुझाने का प्रयास किया जाने लगा। परन्तु दोनों पक्ष के द्वारा सिंघोल थानाध्यक्ष एवं पुलिस बल पर हिंसक आक्रमण कर दिया गया जिसमें सिपाही अनिरुद्ध यादव गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

# मतदाताओं की सुविधा हेतु राज्य में 311 अतिरिक्त सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी नियुक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के दावा एवं आपत्ति चरण में नोटिस, सुनवाई तथा संबंधित मामलों का 5 अगस्त से 3 अक्टूबर 2026 तक समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों से अतिरिक्त सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों की नियुक्ति हेतु प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। जिलों से प्राप्त प्रस्तावों को भारत निर्वाचन आयोग के अनुमोदन हेतु भेजा गया था, जिसे आयोग द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। श्री रवि ने कहा मतदाताओं को इन पदाधिकारियों की नियुक्ति से दावा एवं आपत्ति अवधि में प्राप्त आवेदनों, नो-मैप मतदाताओं, तार्किक विसंगतियों तथा अन्य संबंधित मामलों में नोटिस निर्गत करने, सुनवाई करने, दस्तावेजों का सत्यापन करने और मामलों के पारदर्शी एवं समयबद्ध निष्पादन में सुविधा एवं तेजी लाई जा सकेगी। मतदाता सूची में विसंगतियों, नो-मैप एवं अन्य त्रुटियों को सुधारने हेतु 24 अगस्त से सुनवाई की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। उन्होंने बताया कि उक्त नियुक्तियां विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 की प्रक्रिया पूरी होने तक प्रभावी रहेंगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि उक्त अतिरिक्त सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एसआईआर के क्रम में अपने संबंधित मतदान केंद्र के एक परिवार के मतदाताओं का एक साथ एक मतदान केंद्र पर रखना, घर घर होम टू रोल, एक भी पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची से छूटे नहीं एवं एक भी विदेशी नागरिक मतदाता सूची में नहीं जुड़े इस हेतु भी कार्य करेंगे।

# देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता के संदेश से गूंजा शहर

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकली भव्य तिरंगा यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**भागलपुर।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति, राष्ट्रीय गौरव एवं एकता की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत आज यहां भव्य तिरंगा रैली निकाली गयी। राज्य सरकार के कला एवं संस्कृति विभाग, एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस रैली में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र- छात्राओं, युवकों कलाकारों, शिक्षकों, जिला प्रशासन के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला समाहरणालय से बुधवार को सुबह आठ बजे जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय के हाथों शुभारंभ इस तिरंगा रैली में शामिल सभी लोग अपने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में तिलकामांझी चौक स्थित तिलकामांझी की प्रतिमा के पास पहुंचे। इसके बाद रैली पुनः समाहरणालय परिसर में लौटकर समाप्त हुई। रैली में विभिन्न सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ स्थानीय आम्रपाली कला प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षक एवं कलाकार, किलकारी बिहार बाल भवन के कलाकार एवं विद्यार्थी तथा विभिन्न कला एवं शैक्षणिक संस्थानों से जुड़े कलाकार एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिला प्रशासन के अनेक कर्मियों एवं वरीय पदाधिकारियों की सहभागिता ने भी कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की। इधर जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि हर घर तिरंगा केवल एक अभियान नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति सम्मान, गौरव और जिम्मेदारी की सामूहिक अभिव्यक्ति है। तिरंगा रैली के माध्यम से विशेष रूप से युवा पीढ़ी को राष्ट्रध्वज के सम्मान, स्वतंत्रता संग्राम के मूल्यों तथा राष्ट्रीय एकता के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करने का संदेश दिया गया है। रैली में अपर समाहर्ता (राजस्व) दिनेश राम, उप विकास आयुक्त रवि राकेश, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुधीर कुमार, निदेशक अभय मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण शामिल थे। तिरंगा रैली के साथ-साथ जिला समाहरणालय के डीआरडीए सभागार में स्कूली बच्चों के लिए हर घर तिरंगा एवं स्वतंत्रता दिवस विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा के माध्यम से राष्ट्रप्रेम, स्वतंत्रता संग्राम, राष्ट्रीय एकता एवं तिरंगे के गौरव को चित्रों के माध्यम से अभिव्यक्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में शामिल सभी बच्चों को उनके उत्साह एवं प्रतिभागिता के लिए 15 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों में रचनात्मकता के साथ-साथ राष्ट्रप्रेम एवं स्वतंत्रता दिवस के ऐतिहासिक महत्व के प्रति जागरूकता विकसित करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के माध्यम से जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से हर घर तिरंगा अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लेने तथा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर राष्ट्र के प्रति सम्मान एवं गौरव की भावना व्यक्त करने की अपील की।

# हर घर तिरंगा को लेकर निकली जागरूकता रैली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** स्वतंत्रता दिवस के पूर्व हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत बुधवार को उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रजाकपुर के छात्र-छात्राओं ने पोषक क्षेत्र रजाकपुर में जागरूकता रैली निकाली। रैली का नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार ने किया।रैली में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लेकर पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति के नारे लगाते हुए लोगों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया। रैली के माध्यम से लोगों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना जागृत करने का संदेश दिया गया। विद्यालय परिसर से निकली रैली पोषक क्षेत्र के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए वापस विद्यालय पहुंची। इस दौरान विद्यार्थियों में स्वतंत्रता दिवस को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। प्रधानाध्यापक अरुण कुमार ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य लोगों में देशभक्ति की भावना को मजबूत करना और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान बढ़ाना है। उन्होंने सभी लोगों से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। रैली में विद्यालय के शिक्षिकाओं मे प्रेमलता कुमारी, ज्योति कुमारी, श्यामा कुमारी, अफसाना परवीन एवं शिक्षकों में पृथ्वीराज, राजकुमार झा, राजन, गौतम, प्रदीप रंजन, रमन, कृष्ण मोहन, महेश, आशुतोष, राधा कृष्ण, संदीप, निखिल आनंद आदि के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

# पंचायत स्तर पर निकली तिरंगा यात्रा

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत मेरा भारत, मेरा संकल्प–विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने तथा बच्चों में राष्ट्रीय भावना, देशभक्ति और राष्ट्र के प्रति गौरव की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बुधवार को प्रखंडाधीन सभी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने पंचायत स्तर पर तिरंगा यात्रा निकाली। विभागीय पत्रादेश के आलोक में प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के बच्चों ने अपने-अपने पोषक क्षेत्रों में तिरंगा यात्रा निकालकर लोगों को हर घर तिरंगा अभियान के प्रति जागरूक किया। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर उत्साहपूर्वक निकले छात्र-छात्राओं ने भारत माता की जय, वंदे मातरम और देशभक्ति के नारों से पूरे क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया। तिरंगा यात्रा के दौरान बच्चों में देशप्रेम और राष्ट्रीय एकता की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली। विद्यालयों के शिक्षक एवं प्रधानाध्यापक भी बच्चों के साथ यात्रा में शामिल हुए और ग्रामीणों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया।

# जिलास्तरीय प्रतियोगिता के लिए पांच प्रतिभागियों का चयन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत मेरा भारत, मेरा संकल्प-विकसित भारत 2047 थीम पर बुधवार को सरस्वती विद्या निकेतन (एपीएस प्लस-2) मॉडल विद्यालय, नावकोठी में प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में संकुल स्तर पर कक्षा 6 से 8 तथा कक्षा 9 से 12 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों के लिए निबंध लेखन एवं पेंटिंग तथा कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के लिए हिंदी एवं अंग्रेजी भाषण, निबंध लेखन और पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। निबंध प्रतियोगिता में 17, पेंटिंग में 18 तथा हिंदी भाषण में आठ प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। निबंध लेखन कक्षा 6-8 में उत्क्रमित मध्य विद्यालय चक्का के छात्र हिमांशु कुमार भारती, कक्षा 9-12 में उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सैदपुर विष्णुपुर की छात्रा ज्योति कुमारी, पेंटिंग कक्षा 6-8 में उत्क्रमित मध्य विद्यालय चक्का की छात्रा सोनम कुमारी, पेंटिंग कक्षा 9-12 में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय समसा की छात्रा प्रियंका कुमारी तथा हिंदी भाषण में उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेरिऔना की छात्रा अंजली कुमारी का चयन किया गया। प्रखंड स्तर पर चयनित सभी प्रतिभागी अब जिलास्तरीय प्रतियोगिता में नावकोठी प्रखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। बीईओ मेघा वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में देशभक्ति, रचनात्मकता और विकसित भारत के संकल्प के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। मौके पर सभी विधाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक अरुण कुमार मालाकार, अमित कुमार, निर्णायक मंडल के सदस्य कुमुद रंजन, खुशबू कुमारी, विकास कुमार, अंजली कुमारी, रिया वैश्य, अभिमन्यु पासवान, एचएम शंभु महतो, शुभम कुमार, डाटा ऑपरेटर नवनीत कुमार सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर बुधवार को प्रखंड के पंचायत स्तर पर हर घर तिरंगा' अभियान के तहत भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। प्रातः 9:30 बजे सभी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने उत्साह के साथ यात्रा में भाग लिया। प्रखंड के यूएमएस महेशपुर कन्या, मवि पालीडीह, उमवि चकदुल्लम, नप्रावि बनवारीपुर, म0वि मल्हीपुर, उमवि अतरुआ और उमवि चुरामनचक सहित पंचायत के सभी विद्यालयों से तिरंगा यात्रा निकाली गई।विद्यालय परिसर से शुरू हुई यात्रा में विद्यार्थियों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' के नारों के साथ अपने-अपने पोषक क्षेत्रों में मार्च किया। पूरे क्षेत्र में देशभक्ति के नारों से माहौल देशमय हो उठा। राष्ट्रीय एकता का दिया संदेशयात्रा के दौरान विद्यार्थियों में राष्ट्र के प्रति सम्मान, गौरव और एकता की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली। शिक्षकों ने बताया कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों में देशभक्ति और राष्ट्रीय भावना को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

यूएमएस महेशपुर कन्या की यात्रा का नेतृत्व प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार साह ने किया। इस अवसर पर शिक्षक यूसूफ आजाद, विजय शंकर प्रसाद राय, सतीश कुमार, बिनोद कुमार, प्रदीप कुमार, फैसल अली, अनिल कुमार, गोविंद कुमार, स्वाति सिंह, अभिलाषा कुमारी और धीरज कुमार* की सक्रिय भागीदारी रही।वहीं म0वि0 पालीडीह में प्रधानाध्यापक अवधेश कुमार, उमवि अतरुआ में विश्वनाथ साह, उमवि चुरामनचक में गोपाल राय, उ0म0वि चकदुल्लम में विवेक कुमार, नप्रावि बनवारीपुर में चंदन कुमार और मवि मल्हीपुर में प्रकाश रंजन राय ने यात्रा का नेतृत्व किया। सभी विद्यालयों के सहायक शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने पूरे जोश के साथ तिरंगा यात्रा में हिस्सा लिया।

# राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस पर सम्मान समारोह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस के अवसर पर जिले के सभी पुस्तकालयाध्यक्षों का सम्मान समारोह स्वर्ण जयंती केंद्रीय पुस्तकालय के सभागार में गरिमापूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पुस्तकालय संघ के सचिव अरविंद कुँवर ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम की प्रस्तुति से की गई। पुस्तकालय विज्ञान के जनक डॉ. शियाली रामामृत रंगनाथन एवं महान स्वतंत्रता सेनानी सरयू प्रसाद सिंह को माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। जिला शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार एवं बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ, पटना के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ सुरेश प्रसाद राय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में संबोधन करते हुए डॉ राय ने उपस्थित सभी पुस्तकालयाध्यक्षों सहित संपूर्ण प्रदेश के पुस्तकालयाध्यक्षों को राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय ज्ञान, संस्कार और समाज निर्माण का आधार है। पुस्तकालयाध्यक्षों का सम्मान एवं उनके अधिकारों की रक्षा, सशक्त शिक्षा व्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी बेगूसराय धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होंने पुस्तकालयों की उपयोगिता को रेखांकित करते हुए पुस्तकालयाध्यक्षों के कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों की चर्चा की। साथ ही उन्होंने आश्वस्त किया कि नवोदय एवं केंद्रीय विद्यालयों की तर्ज पर सभी पुस्तकालयाध्यक्षों को शिक्षक का दर्ज़ा दिलाने के लिए वे पूरी मजबूती से प्रयास करते रहेंगे। डॉ राय ने शिक्षा मंत्री से मांग की कि पुस्तकालयाध्यक्षों के रिक्त पदों पर अविलंब नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। नियुक्त पुस्तकालयाध्यक्षों को ई-शिक्षा कोष से जोड़ते हुए निरंतरता, पदोन्नति एवं स्थानांतरण की सुविधा, विशिष्ट अध्यापकों की तर्ज पर आवश्यक अधिकार एवं सुविधाएं तथा सेवाकालीन प्रशिक्षण का प्रावधान किया जाए। डॉ राय ने यह भी कहा कि डिजिटाइजेशन के इस दौर में ई-लाइब्रेरी को प्रोत्साहित करना वक्त की मांग है। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार ने पुस्तकालयाध्यक्षों को पुस्तकालय दिवस की बधाई देते हुए कहा कि पुस्तकालयाध्यक्षों की सभी समस्याओं के समाधान के लिए वे तत्पर हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पुस्तकालय की उपयोगिता पहले भी थी, आज भी है और भविष्य में भी रहेगी। मंच संचालन करते हुए उच्च विद्यालय सिहमा के पुस्तकालयाध्यक्ष संजय कुमार ने एस आर रंगनाथन के जीवन पर विस्तृत रूप से चर्चा की। स्वागत भाषण एवं सम्मान स्वर्ण जयंती केंद्रीय पुस्तकालय के पुस्तकालयाध्यक्ष प्रेम कुमार एवं जितेंद्र प्रसाद सिंह उच्च विद्यालय खम्हार के पुस्तकालयाध्यक्ष द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन उच्च विद्यालय रामदीरी की पुस्तकालयाध्यक्ष सप्रियंका कुमारी ने किया। कार्यक्रम में इंद्र कुमार, पोद्दार, अविनाश कुमार, प्रियंका कुमारी, अनुपमा कुमारी की भूमिका महत्वपूर्ण रही। अंत में राष्ट्रीय गान के साथ समारोह का गरिमापूर्ण समापन हुआ। कार्यक्रम में जिले के सभी पुस्तकालयाध्यक्ष उपस्थित थे।

# हथियार के साथ दो गिरफ्तार

**भागलपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शिवनारायणपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने आज किसी बड़े अपराध की योजना बना रहे दो लोगों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। कहलगांव के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (दो) स्नेह सेतु ने बुधवार को यहां बताया कि इस क्षेत्र के वेवफा गांव स्थित एक चाय दुकान के पास कुछ अपराधी अवैध आग्नेयास्त्र के साथ किसी बड़े अपराध को अंजाम देने की सूचना पर वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक की निगरानी में उनके और स्थानीय थानाध्यक्ष के नेतृत्व में गठित एक टीम ने उक्त चाय दुकान के पास सघन वाहन तलाशी अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि इस दौरान एक मोटरसाइकिल से पहुंचे दो लोग पुलिस को देखकर विपरीत दिशा की ओर भागने लगे। लेकिन पुलिस ने खदेड़कर दोनों को दबोच लिया और तलाशी के क्रम में धर्मेन्द्र कुमार के पास एक देशी कट्टा एवं 28 जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। जबकि दूसरे अपराधी राकेश कुमार उर्फ राजेश मंडल के पास से दो जिंदा गोली और एक मोटरसाइकिल जब्त की गई है। श्री सेतु ने बताया कि पकड़ा गया दोनों अपराधी कटिहार जिले के बरारी थाना क्षेत्र के बकिया दियारा का रहने वाला है।

# बीपीएससी शिक्षिका लापता, मोबाइल भी बंद

**भगवानपुर (नबिटा संवाददाता)।** मध्य विद्यालय प्रखंड कॉलोनी में पदस्थापित बीपीएससी शिक्षिका के अचानक लापता होने से हड़कंप मच गया है। बीपीएससी से नियुक्त शिक्षिका अदिति 30 मई से विद्यालय नहीं आ रही हैं। न मोबाइल चालू है और न ही परिजनों को उनकी कोई खबर है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद रईस उद्दीन ने बताया कि शिक्षिका अदिति 30 मई से लगातार अनुपस्थित हैं। प्रखंड प्रभारी शिक्षा पदाधिकारी अमित अक्षय मिश्रा ने बताया कि उक्त मामला संज्ञान में है बीपीएससी शिक्षिका अदिति पीछले 30 मई से बिना कोई सूचना के विद्यालय नहीं आ रही है। उक्त मामले की जानकारी वरीय अधिकारियों को दे दी गई है। जब वह लगातार 90 दिन विद्यालय से अनुपस्थित रहेगी तो स्वतः कार्यमुक्त हो जायेगी।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा संख्याः एमसी–38–एलएनईएन–सीआरटीएनडब्ल्यूएसएच – एचडब्ल्यूएच – 26, दिनांक 10.08.2026,** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (समन्वय), पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा, पश्चिम बंगाल–711101 द्वारा **निविदा संख्याः एमसी–38–एलएनईएन–सीआरटीएनडब्ल्यूएसएच एचडब्ल्यूएच–26** के तहत निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा सूचना आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नामः** हावड़ा मंडल के टीकेपीआर और एसवाईएई कोचिंग डिपो की मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के एसी कोचों के लिए 03 वर्ष की अवधि हेतु बेडरोल लिनन, पर्दों की यंत्रचालित धुलाई, पेपर पैकेट की आपूर्ति एवं लिनन की पैकेजिंग। **निविदा मूल्य :** रु. 59,51,31,685.54, **अनुबंध की अवधि :** कार्य शुरू होने की तिथि से 36 माह। **बयाना राशि जमा की जाएगी :** रु.31,25,700/–, **निविदा ऑनलाइन जमा करने के लिए वेबसाइट का विवरण :** www.ireps.gov.in, **बोली की अंतिम तिथि और समयः** 31.08.2026 को 14.00 बजे तक।

HWH-265/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter


# गंगा ग्लोबल में नवागंतुक विद्यार्थियों के लिए इंट्रोडक्शन प्रोग्राम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**बेगूसराय।** गंगा ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में सत्र के एमसीए बीसीए एमसीए एवं बीबीए के नवागंतुक विद्यार्थियों के स्वागत एवं मार्गदर्शन के लिए भव्य इंट्रोडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को संस्थान की शैक्षणिक व्यवस्था, करियर अवसरों, व्यक्तित्व विकास एवं उद्यमिता की दिशा से परिचित कराना रहा।कार्यक्रम में संस्थान के फाउंडिंग मेंबर एवं चीफ गेस्ट सर्वेश कुमार, गवर्निंग बॉडी की सम्मानित सदस्य एवं एसके महिला कॉलेज की पूर्व प्राचार्या स्वप्ना चौधरी, बीएड कॉलेज के प्राचार्य एवं संस्थान के फाउंडिंग मेम्बर नीरज कुमार सहित संस्थान की प्राचार्या प्रो डॉ सुधा कुमारी झा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में प्रो अभिजीत कुमार, प्रो राजीव, प्रो मुरारी, प्रो राहुल, प्रो ऋषभ, प्रो स्वतंत्रता, प्रो विक्रमादित्य, प्रो काजल भटनागर सहित अन्य शिक्षकगण एवं वरिष्ठ विद्यार्थी उपस्थित रहे। वरिष्ठ विद्यार्थियों ने नवागंतुकों से संवाद कर उन्हें कॉलेज जीवन, पढ़ाई, करियर एवं विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सर्वेश कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कॉलेज जीवन केवल डिग्री प्राप्त करने का समय नहीं, बल्कि अपने व्यक्तित्व, सोच और भविष्य को आकार देने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में विनम्रता, अनुशासन और नियमित अभ्यास की आदत विकसित करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बदलती दुनिया के साथ इनोवेशन एवम टेक्नोलॉजी के प्रति सकारात्मक झुकाव रखना चाहिए तथा हर परिस्थिति में जीवन के सकारात्मक पक्ष को देखने की आदत विकसित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास के साथ सीखने की इच्छा और निरंतर प्रयास ही विद्यार्थियों को भविष्य में एक सफल प्रोफ़ेशनल एवं उद्यमी बना सकता है।श्रीमती चौधरी ने नवागंतुक विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता के लिए कॉन्फिडेंस बहुत जरूरी है।लेकिन कॉन्फिडेंस को ओवर कॉन्फिडेंस में नहीं बदलना चाहिए। विद्यार्थियों को अपनी क्षमता पहचानकर लगातार सीखते रहना चाहिए और अपने करियर के प्रति स्पष्ट लक्ष्य बनाना चाहिए। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उनके नए करियर की शुरुआत के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेहनत, सकारात्मक सोच, अनुशासन और सही मार्गदर्शन के साथ हर विद्यार्थी अपने लिए एक सफल और सम्मानजनक भविष्य का निर्माण कर सकता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और संस्थान के शिक्षकों एवं वरिष्ठ विद्यार्थियों के साथ संवाद किया। कार्यक्रम ने नए विद्यार्थियों के लिए उनके कॉलेज जीवन की एक सकारात्मक, प्रेरणादायी और उत्साहपूर्ण शुरुआत का संदेश दिया।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई–केबल–एएसटीई–केडब्ल्यूएई–आरई, दिनांकः 07.08.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा, पूर्व रेलवे, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा, पश्चिम बंगाल–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए **निविदा सं.: एसडीएसटीई–केबल–एएसटीई–केडब्ल्यूएई–आरई** के तहत ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नामः** हावड़ा मंडल के एएसटीई–कटवा खंड में उम्र सह स्थिति के आधार पर सिग्नलिंग केबल का प्रतिस्थापन। **निविदा की किस्मः** खुली। **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** 01.09.2026, 15.00 बजे। **विज्ञापित मूल्यः** रु. 8,90,68,004.33, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूतिः** रु. 17,81,400/–, **निविदा कागजात का मूल्यः** रु.0.00, **बोली प्रारंभ होने की तिथिः** 18.08.2026, **बोली प्रणालीः** एकल पैकेट। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **समापन अवधिः** 12 माह। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समयः** 07.08.2026, 19.09 बजे। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।

HWH-260/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter


## पृष्ठ 1 का शेष

### अब निजी बीएड कॉलेजों ...

करने का निर्णय लिया गया है। इस योजना के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में कुल अनुमानित राशि 430 करोड़ रुपये की स्वीकृति भी प्रदान की गई है। इसके अलावा राज्य के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के नामांकन प्रक्रिया में संशोधन करने और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में कुल स्वीकृत सीटों के 50 प्रतिशत सीटों पर नामांकन बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद के माध्यम से करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि संचार मंत्रालय के माध्यम से स्थापित भारतनेट के संदर्भ में राज्य सरकार के स्तर से राईट ऑफ वे प्रदान किए जाने एवं इससे संबंधित त्रिपक्षीय समझौता एकरारनामा को हस्ताक्षरित किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसके अतिरिक्त पीएमसीएच समेत अन्य स्थानों पर बने बिजली उप-केंद्र का संचालन करने के लिए 221 पदों के सृजन की मंजूरी दी गई है। इसमें कार्यपालक अभियंता, सहायक कार्यपालक अभियंता (जीटीओ), कनीय विद्युत अभियंता समेत अन्य पद शामिल हैं। सचिव ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत आवासीय उपभोक्ताओं को केंद्रांश के अतिरिक्त राज्य सरकार के स्तर से अतिरिक्त सहायता के रूप में 10 हजार रुपये प्रति किलोवाट एवं अधिकतम 20 हजार रुपये प्रति उपभोक्ता डीबीटी के माध्यम से दिया जाएगा। इसके तहत 1 वर्ष के लिए 1 हजार करोड़ रुपये अनुमानित व्यय की स्वीकृति प्रदान की गई है। राज्य सरकार ने अपने स्तर से यह सुविधा प्रदान की है। वहीं, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना 2026-2031 योजना के सुदृढ़ीकरण एवं अगले पांच वर्षों के लिए 950 करोड़ रुपये व्यय का प्रावधान किया गया है। ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप क्षेत्रों में भूमि के क्रय-विक्रय या हस्तांतरण की स्वीकृति संबंधित आदेश पर मंजूरी दी गई है। इसके अतिरिक्त बिहार नगर विकास प्राधिकरण के पास विकास योजना के प्रारूप प्रकाशन के बाद क्रय-विक्रय या हस्तांतरण पर लगी रोक हटाने का अधिकार होगा। भूमि विकास तथा भवन निर्माण उक्त प्राधिकरण के स्तर से विकास योजना एवं संबद्ध विकास नियंत्रण विनियम के अधीन नियंत्रित किया जाएगा।

# आठ प्राध्यापकों ने दिया योगदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** राजकीय डिग्री कॉलेज नावकोठी, अध्ययन केंद्र अकहा ररिऔना में विभिन्न विषयों के आठ प्राध्यापकों ने योगदान किया है। लंबे समय से शिक्षकों की कमी के बीच नए प्राध्यापकों के योगदान से कॉलेज की शैक्षणिक व्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद है। प्राध्यापकों के पदस्थापन से विद्यार्थियों को नियमित रूप से कक्षाएं संचालित होने का लाभ मिलेगा तथा पठन-पाठन में आ रही परेशानियां दूर होंगी। कॉलेज के प्राचार्य डॉ अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि विभिन्न विषयों में शिक्षकों के योगदान से महाविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने में काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि पर्याप्त संख्या में प्राध्यापकों की उपलब्धता से विद्यार्थियों को विषयवार नियमित कक्षाएं मिल सकेंगी। साथ ही कॉलेज में शैक्षणिक माहौल और बेहतर बनाने में भी मदद मिलेगी। प्राचार्य के अनुसार, हिंदी विषय में डॉ. शिवम तिवारी एवं डॉ प्रियांशु कुमार, राजनीति विज्ञान में डॉ ज्योति कुमारी, इतिहास में डॉ. नंदिता, समाजशास्त्र में डॉ भारती कुमारी एवं डॉ स्नेह कुमार मेश्रान, जबकि अर्थशास्त्र में डॉ. भावना कुमारी एवं डॉ अमितेश प्रकाश ने योगदान किया है। नए प्राध्यापकों के योगदान से कॉलेज के विद्यार्थियों में भी उत्साह है। विद्यार्थियों का कहना है कि विभिन्न विषयों के शिक्षकों की उपलब्धता से नियमित पढ़ाई के साथ-साथ विषय संबंधी शंकाओं का समाधान भी कक्षा में आसानी से हो सकेगा। इससे परीक्षा की तैयारी और शैक्षणिक प्रदर्शन में भी सुधार आने की उम्मीद है। प्राचार्य ने बताया कि कॉलेज में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए शैक्षणिक गतिविधियों को व्यवस्थित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नए शिक्षकों के योगदान से विद्यार्थियों को नियमित कक्षा, मार्गदर्शन और बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी प्राध्यापक, डाटा ऑपरेटर गिरीश कश्यप, ग्रामीण समाजसेवी सुनील रजक आदि अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए कॉलेज के शैक्षणिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# ट्रेन परिचालन को सुदृढ़ करने को लेकर पूर्व रेलवे ने आयोजित की इंटरैक्टिव सुरक्षा संगोष्ठी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**भागलपुर।** ट्रेन परिचालन में सुरक्षा एवं कार्यकुशलता को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत पूर्व रेलवे द्वारा महाप्रबंधक गीतिक पांडेय की अध्यक्षता में एक विशेष इंटरैक्टिव सुरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह अपनी तरह की एक अनूठी पहल थी, जिसमें अग्रिम पंक्ति में कार्यरत फील्ड कर्मचारियों को वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सीधे संवाद एवं विचार-विमर्श का अवसर प्रदान किया गया। संगोष्ठी का उद्देश्य दैनिक ट्रेन परिचालन, क्रू बुकिंग प्रबंधन तथा फील्ड स्तर पर कार्य के दौरान सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों पर खुलकर चर्चा करना और उनके व्यावहारिक एवं प्रभावी समाधान तलाशना था।

इस पहल के माध्यम से फील्ड स्तर के अनुभवों एवं सुझावों को प्रशासनिक स्तर पर साझा करने के लिए एक प्रभावी मंच उपलब्ध कराया गया। संगोष्ठी में प्रणालीगत सुधारों तथा सभी मंडलों में निर्धारित सुरक्षा नियमों एवं प्रोटोकॉल के कड़ाई से अनुपालन पर विशेष जोर दिया गया। लोको निरीक्षकों, क्रू लॉबी प्रभारियों तथा ट्रैक्शन लोको नियंत्रकों सहित अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों ने अपने दैनिक कार्यों से जुड़े व्यावहारिक अनुभव, सुझाव एवं चुनौतियां साझा कीं। वरिष्ठ अधिकारियों ने परिचालन व्यवस्था को और अधिक सुव्यवस्थित, प्रभावी एवं सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक प्रणालीगत उपायों पर विचार-विमर्श किया। पूर्व रेलवे के प्रधान मुख्य बिजली इंजीनियर देवेंद्र कुमार के साथ मुख्य विधुत इंजीनियर (परिचालन) तथा सभी मंडलों के वरिष्ठ मंडल विधुत इंजीनियर (परिचालन) अपने-अपने परिचालन दलों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संगोष्ठी में शामिल हुए। इस संवादात्मक एवं सहभागी पहल के माध्यम से पूर्व रेलवे ने एक बार फिर सुरक्षित ट्रेन परिचालन के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया है ।फील्ड स्तर के व्यावहारिक अनुभवों को प्रशासनिक दिशा-निर्देशों एवं प्रणालीगत सुधारों के साथ समन्वित कर पूर्व रेलवे निरंतर सुरक्षित, सुचारु एवं दक्ष ट्रेन परिचालन सुनिश्चित करने की दिशा में कार्यरत है।


**पूर्व रेलवे**

**सं. डीटीई–जेएमपी–08/26–27, दिनांक 07.08.2026,** सहायक नगर अभियंता, पूर्व रेलवे लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर, जिला–मुंगेर, बिहार–811214 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम–:** "एटीई/जमालपुर के अंतर्गत वर्कशॉप के अंदर साउथ टैंक ड्रेन से जुड़ी विभिन्न शॉप में ड्रेनेज सिस्टम में सुधार"। **विज्ञापित निविदा मूल्य :** रु.3,36,09,696/–, **बयाना राशिः** रु. 6,72,200/–, **खुलने की तिथिः** दिनांक 03.09.2026, **कार्य की समापन अवधिः** 12 (बारह) माह। MISC-140/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# औरंगाबाद के हर घर तक तिरंगा पहुंचाने के लिए काम कर रहा डाक विभाग

**पहले दो दिनों में 2,000 तिरंगों की बिक्री**



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाने के लिए डाक विभाग, औरंगाबाद डाक प्रमंडल द्वारा की गई पहल को आमजन का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। औरंगाबाद डाक प्रमंडल के औरंगाबाद प्रधान डाकघर सहित सभी 33 उपडाकघरों एवं 369 शाखा डाकघरों के माध्यम से तिरंगे झंडों की बिक्री प्रारंभ की गई है। अभियान के प्रति लोगों के उत्साह का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बिक्री प्रारंभ होने के महज प्रथम दो दिनों में ही लगभग 2,000 तिरंगे झंडों की बिक्री हो चुकी है। डाक विभाग द्वारा कुल लगभग 5,000 तिरंगे झंडे उपलब्ध कराए गए हैं। कपड़े का यह तिरंगा आमजन को मात्र 25 रुपये की किफायती दर पर उपलब्ध कराया जा रहा है। डाक विभाग ने नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तिरंगा प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई है। नागरिक "ई पोस्ट ऑफिस पोर्टल" के माध्यम से ऑनलाइन तिरंगे की बुकिंग कर सकते हैं और घर बैठे तिरंगा प्राप्त कर सकते हैं। ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा से उन नागरिकों को भी विशेष लाभ मिलेगा जो अपने नजदीकी डाकघर तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। इस पहल के माध्यम से डाक विभाग का प्रयास है कि हर घर तक तिरंगा पहुंचे और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रत्येक परिवार राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ अपने घर पर तिरंगा फहराए। औरंगाबाद डाक प्रमंडल के अधीक्षक डाकघर प्रिय रंजन ने आमजन से अपील की है कि वे 'हर घर तिरंगा' अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लें, अपने घरों पर तिरंगा फहराएं और इस राष्ट्रीय अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पहले दो दिनों में लगभग 2,000 तिरंगों की बिक्री यह दर्शाती है कि औरंगाबाद एवं अरवल जिले के लोगों में राष्ट्रध्वज के प्रति गहरा सम्मान और 'हर घर तिरंगा' अभियान के प्रति अभूतपूर्व उत्साह है। वहीं सावन के पवित्र महीने को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए डाक विभाग द्वारा सभी प्रमुख डाकघरों में गंगोत्री का गंगाजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया गया है। विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष स्टॉल भी लगाए जा रहे हैं। 250 मिलीलीटर गंगोत्री गंगाजल की बोतल मात्र 30 रुपये में उपलब्ध है, जिसका उपयोग श्रद्धालु जलाभिषेक एवं धार्मिक अनुष्ठानों के लिए कर सकते हैं। रक्षाबंधन के अवसर पर भाई-बहन के स्नेह के संदेश को देश के किसी भी कोने तक पहुंचाने के लिए डाक विभाग द्वारा राखी भेजने के डाक शुल्क में 10 प्रतिशत की छूट का प्रावधान किया गया है।

## विवेकानंद पब्लिक स्कूल में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** स्थानीय विवेकानंद पब्लिक स्कूल में बुधवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, अंबा शाखा के सौजन्य से नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए स्वस्थ और अनुशासित जीवन अपनाने का संदेश दिया गया। मुख्य वक्ता बेबी बहन और बबली बहन ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। बबली बहन ने कहा कि नशीले पदार्थों का सेवन व्यक्ति के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने के साथ परिवार और समाज पर भी गंभीर असर डालता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से पूरी तरह दूर रहने और अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने की अपील की। विद्यालय संचालक अशोक कुमार ने कहा कि युवा पीढ़ी देश का भविष्य है। विद्यार्थियों को व्यसन से दूर रहकर अपनी ऊर्जा शिक्षा और सकारात्मक कार्यों में लगानी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं ने जीवन में कभी नशा नहीं करने की शपथ ली।

# 300 दिनों से लंबित मामलों के निष्पादन पर पुलिस अधीक्षक का विशेष जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा की अध्यक्षता में जुलाई माह की मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में सदर एसडीपीओ सुशील कुमार, दाउदनगर एसडीपीओ अशोक दास, मदनपुर एसडीपीओ आदित्य राज, सीआई एवं विभिन्न थानों के थानाध्यक्ष मौजद रहे। इस दौरान गोष्ठी और विभिन्न बैठकों के निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई जिसमें 300 दिनों से लंबित कांडों, हत्या, पुलिस पर हमला, आर्म्स एक्ट, पॉक्सो, मॉब लिचिंग, एससी-एसटी जैसी गंभीर घटनाओं, स्पीडी ट्रायल, थानावार गिरफ्तारियों, सम्मन-वारंट के निष्पादन, उत्पाद अधिनियम के मामलों सहित मालखानों के भौतिक सत्यापन और एफएसएल भेजे जाने वाले लंबित नमूनों की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की गई।



पुलिस अधीक्षक ने जिले की कानून-व्यवस्था की व्यापक समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कई सख्त दिशा-निर्देश दिए गए। आगामी स्वतंत्रता दिवस को लेकर सभी थाना और ओपी प्रभारियों को असामाजिक तत्वों और संवेदनशील स्थलों पर निरंतर निगरानी करें। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों से गंभीर मामलों में त्वरित कार्रवाई, लंबित कांडों के निष्पादन और न्यायिक प्रक्रिया को गति देने के साथ अपराध नियंत्रण के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अपराध की स्थिति पर लगातार नजर रखने और मामलों के अनुसंधान में गुणवत्ता बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने पुलिसिंग से संबंधित सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने और अपराध नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कहीं। वहीं अवैध मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए लगातार छापेमारी अभियान जारी रखने के निर्देश दिए गए।

# किसानों को उर्वरकों की उपलब्धता पर प्रशासन गंभीर

**गड़बड़ी पाए जाने पर दो उर्वरक प्रतिष्ठानों का लाइसेंस रद्द**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में कृषि विभाग की समीक्षा बैठक की गई। जिलाधिकारी द्वारा जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज से उर्वरक के संबंध में पृच्छा किया गया। पृच्छा के क्रम में जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि खरीफ मौसम में यूरिया 40000 मीट्रिक टन के विरूद्ध 33146 मीट्रिक टन (82%), डीएपी 10000 मीट्रिक टन के विरूद्ध 6432 मीट्रिक टन (64%), एनपीके 10000 मे0टन के विरूद्ध 9202 मीट्रिक टन (92%), एसएसपी 3700 के विरूद्ध 10671 मीट्रिक टन (288%), एम0ओ0पी0 3000 मे0टन0 के विरूद्ध 1006 मीट्रिक टन (33%), उर्वरक प्राप्त हुआ है। किसानों को उचित मूल्य पर सुगमता पूर्वक उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु जिला के उर्वरक विक्रेताओं द्वारा उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी, तस्करी, मुनाफाखोरी को रोकने एवं उर्वरकों के मूल्य नियंत्रण हेतु उर्वरक प्रष्ठिनों पर नियमित छापामारी करने हेतु जिला कृषि कार्यालय, औरंगाबाद द्वारा सभी प्रखंडों में छापामार दलों का गठन किया गया है। साथ ही सभी उर्वरक विक्री प्रतिष्ठान पर क्षेत्रीय कर्मियों कि प्रतिनियुक्ति करते हुए अपनी देख-रेख में उर्वरक बिक्री करवाने हेतु निदेष दिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा उर्वरक बिक्रेताओं को मशीन में अंकित विवरण के अलावा भंडार एंव बिक्री पंजी संधारित करने के साथ बिक्री केन्द्रों पर प्रतिष्ठान का बोर्ड एवं भंडार तथा मूल्य तालिका लगाने का निदेष भी दिया गया। छापामार दलों द्वारा उर्वरक बिक्रेताअें को उचित मूल्य पर सुगमतापूर्वक उर्वरक उपलब्ध कराने हेतु सघन जॉच करने का सख्त निर्देष दिया गया। जिले के खुदरा उर्वरक बिक्रेताओं द्वारा उर्वरक बिक्री में गड़बड़ी पाये जाने के कारण दो उर्वरक प्रतिष्ठान पर प्राथमिकि, दो रद्द, 28 निलंबित एवं 54 उर्वरक प्रतिष्ठानों से स्पष्टीकरण की मांग की गई है। बैठक मे उपस्थित कृषि विज्ञान केन्द्र के वरीय वैज्ञानिक द्वारा डीएपी उर्वरक के स्थान पर उपलब्ध फोस्फेटिक उर्वरक यथा सिंगल सुपर फोस्फेट एवं एपीएस मिक्सचर के उपयोग एवं फोस्फेट सॉल्युबलाईजिन बैक्टीरिया के उपयोग कि सलाह दी गई। जिलाधिकारी द्वारा जिला सहकारिता पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि जिला कृषि पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर सभी पैक्सों को उर्वरक एवं बीज प्राधिकार पत्र बनाने हेतु प्रेरित करे।

# लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु प्रभावी कार्रवाई करने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** योजना भवन के सभा कक्ष में कोयला मंत्रालय के संयुक्त सचिव सह केंद्रीय प्रभारी पदाधिकारी मनोज कुमार गंगैया की अध्यक्षता में आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि और आधारभूत संरचना के क्षेत्रों में जिले की प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत 81 और आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत 40 प्रमुख प्रदर्शन सूचकांकों के आधार पर प्रगति की निगरानी की जाती है। स्वास्थ्य एवं पोषण में जिले की उपलब्धि जुलाई 2026 के आंकड़ों के अनुसार, प्रथम त्रैमासिक में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं का एएनसी पंजीकरण 99.34% रहा। 4 या उससे अधिक प्रसवपूर्व जांच की उपलब्धि 85.07% दर्ज की गई। वहीं, 'सम्पूर्णता अभियान-2.0' के तहत नवजात शिशुओं के जन्म के समय वजन लेने और आंगनबाड़ी या शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों द्वारा वीएचएसएनडी/यूएचएसएनडी आयोजन का आंकड़ा 100% रहा। विद्यालयों में क्रियाशील बालिका शौचालय की उपलब्धता भी 100% दर्ज की गई।



समीक्षा करते केन्द्रीय प्रभारी

### चारों आकांक्षी प्रखंडों का प्रदर्शन

बैठक में देव, मदनपुर, कुटुंबा और नवीनगर प्रखंडों के प्रदर्शन की समीक्षा की गईः

**देवः** अनुपूरक पोषण 100%, बच्चों की माप दक्षता 95.47%, क्रियाशील शौचालय 88.71% तथा पेयजल सुविधा 89.74%।

**मदनपुरः** अनुपूरक पोषण 100%, बच्चों की माप दक्षता 89.06%, शौचालय 86.77% तथा पेयजल सुविधा 90%।

**कुटुंबाः** अनुपूरक पोषण 89.45%, बच्चों की माप दक्षता 97.26%, शौचालय 96.13% तथा पेयजल सुविधा 89.96%।

**नवीनगरः** अनुपूरक पोषण 84.22%, बच्चों की माप दक्षता 92.60%, शौचालय 80.85% तथा पेयजल सुविधा 92.40%।

कृषि, शिक्षा और बुनियादी ढांचा पशु टीकाकरण 99.33% रहा, जबकि सभी चारों प्रखंडों में एफपीओ गठन का लक्ष्य 100% पूरा हुआ।

मृदा स्वास्थ्य कार्ड निर्माण में देव (96.42%), मदनपुर (98.15%), कुटुंबा (99.43%) और नवीनगर (99.87%) की प्रगति दर्ज की गई। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ऑल-वेदर सड़क की उपलब्धता 99.92% और पूर्ण कार्य उपलब्धि 98.04% रही। जिले की सभी 200 ग्राम पंचायतों में कॉमन सर्विस सेंटर और आकांक्षी प्रखंडों में भारतनेट का कवरेज 100% दर्ज किया गया। समयबद्ध कार्ययोजना का निर्देश केंद्रीय प्रभारी पदाधिकारी ने कम उपलब्धि वाले सूचकांकों के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्ययोजना बनाने और विभागों के बीच बेहतर समन्वय का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने भी संबंधित अधिकारियों को सूचकांकवार अनुश्रवण सुनिश्चित करने का आदेश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, सिविल सर्जन डॉ. कृष्णा कुमार, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जिले के 31 पंचायतों में धान का आच्छादन 30 प्रतिशत से कम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में धान आच्छादन की स्थिति को लेकर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज सहित कृषि विभाग एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले की 31 पंचायतों में वर्तमान में धान का आच्छादन 30 प्रतिशत से कम है। जिलाधिकारी द्वारा इन पंचायतों में धान आच्छादन की स्थिति की पंचायतवार समीक्षा करते हुए किसानों को आवश्यक सहायता एवं वैकल्पिक फसल के लिए प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया गया। विभागीय एसओपी एवं निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार अगस्त माह के अंत तक यदि धान का आच्छादन 70 प्रतिशत से कम रहता है, तो निर्धारित मानकों के आधार पर संबंधित क्षेत्र को सूखाग्रस्त घोषित किए जाने की स्थिति बनती है। वर्तमान में जिले की उक्त पंचायतों को सूखाग्रस्त नहीं माना जा रहा है। धान आच्छादन की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। बैठक में किसानों को धान के स्थान पर वैकल्पिक फसलों यथा कुर्थी, मरुआ आदि की खेती के लिए प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया गया। कम वर्षा अथवा धान की बुआई में कमी की स्थिति में किसानों को वैकल्पिक फसल अपनाने के लिए कृषि विभाग द्वारा आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कम धान आच्छादन वाले पंचायतों में डीजल अनुदान योजना का लाभ पात्र किसानों तक पहुंचाने के साथ-साथ आकस्मिक फसल योजना के अंतर्गत भी वैकल्पिक फसलों का आच्छादन सुनिश्चित किया जाए। किसानों से निरंतर संपर्क स्थापित कर उन्हें योजनाओं की जानकारी एवं लाभ उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि धान आच्छादन की पंचायतवार स्थिति की नियमित निगरानी करते हुए लक्ष्य के अनुरूप आच्छादन सुनिश्चित करें तथा वैकल्पिक फसलों को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक कार्रवाई समयबद्ध रूप से करें।

# जनता दरबार से स्थानीय लोगों में पुलिस प्रशासन के प्रति बढ़ा विश्वास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा द्वारा आयोजित 'जनता दरबार' में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आम नागरिकों की शिकायतें और समस्याएं सुनी गईं। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक फरियादी की बात को गंभीरता और धैर्यपूर्वक सुना तथा मामलों के त्वरित निष्पादन का आश्वासन दिया। पुलिस अधीक्षक ने संबधित मामलों की जानकारी लेने के बाद पुलिस अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध और निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी मामले में लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी, क्योंकि पुलिस का मुख्य उद्देश्य आमजन को त्वरित न्याय देना और बेहतर पुलिसिंग उपलब्ध कराना है। पुलिस अधीक्षक के समक्ष सीधे अपनी समस्याएं रखने का अवसर मिलने पर फरियादियों ने संतोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को सुनना और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि पुलिस जनता की सेवा के लिए है और प्रत्येक नागरिक को न्याय दिलाना उसकी जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी समस्या की स्थिति में सीधे पुलिस से संपर्क करें और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। पुलिस अधीक्षक ने भरोसा दिलाया कि सभी शिकायतों पर निष्पक्ष और समयबद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# औरंगाबाद में लक्ष्य के मुकाबले 73.61% धान रोपनी, सूखे की आशंका पर आकस्मिक फसल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कृषि विभाग की समीक्षात्मक बैठक में जिले में वर्षापात, धान रोपनी और वैकल्पिक फसलों की तैयारियों की समीक्षा की गई। जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज ने बताया कि खरीफ मौसम 2026 में 1,74,000 हेक्टेयर लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 1,28,083 हेक्टेयर (73.61%) में ही धान रोपनी हो सकी है। कम वर्षा के बावजूद सोन नहर से सिंचाई के कारण बारूण, ओबरा, दाउदनगर, हसपुरा और औरंगाबाद में रोपनी शत-प्रतिशत लक्ष्य के करीब है, जबकि गोह, रफीगंज, मदनपुर, देव, कुटुंबा और नवीनगर में प्रगति धीमी है।

**कम बारिश से प्रभावित पंचायतें**

जून में 136.1 मिमी के विरुद्ध 36 मिमी, जुलाई में 323.4 मिमी के विरुद्ध 231.2 मिमी और 12 अगस्त तक 364.8 मिमी के विरुद्ध महज 116.76 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले की 31 पंचायतों में धान आच्छादन 30% से कम (औसत 18.17%) रहा है। नवीनगर के चंद्रगढ़ (20 हे.), रामनगर (50 हे.), बसडीहा (51 हे.), कुटुंबा के डुमरी (198 हे.), रफीगंज के भदुकी कलां (145 हे.) और देव के एरौरा (124 हे.) सहित कई पंचायतों में स्थिति चिंताजनक है।

रोपनी प्रभावित क्षेत्रों के लिए आकस्मिक फसल योजना के तहत मक्का (2,500 क्विंटल), अरहर (2,000 क्विंटल), तोरिया (580 क्विंटल), सरसों (260 क्विंटल), मटर (230 क्विंटल), उरद (200 क्विंटल), कुल्थी (100 क्विंटल), भिंडी (10 क्विंटल) और मूली (1 क्विंटल) बीज की मांग की गई है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों का निरंतर भ्रमण कर किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन देने, वैकल्पिक बीज वितरण और डीजल अनुदान हेतु स्थलीय सत्यापन में तेजी लाने का निर्देश दिया।

# राजकीय पॉलिटेक्निक औरंगाबाद में वित्तीय साक्षरता एवं सेबी निवेशक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**आइआइएम बोधगया और एएमएफआइ के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों को वित्तीय नियोजन और निवेश के दिए गए टिप्स**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** राजकीय पॉलिटेक्निक औरंगाबाद में भारतीय प्रबंध संस्थान बोधगया एवं एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों के लिए वित्तीय साक्षरता एवं सेबी निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को वित्तीय नियोजन, बचत, निवेश, वित्तीय अनुशासन, म्यूचुअल फंड तथा सही वित्तीय निर्णय लेने से संबंधित व्यावहारिक जानकारी देकर उन्हें जागरूक बनाना था। कार्यक्रम में बोधगया से आए वक्ता अभिनव वर्मा ने विद्यार्थियों को वित्तीय साक्षरता से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। प्रशिक्षण सत्र के दौरान वित्तीय नियोजन की मूल बातें, बचत एवं निवेश का महत्व, म्यूचुअल फंड का परिचय, निवेशक जागरूकता तथा वित्तीय अनुशासन जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। लगभग चार घंटे तक चले संवादात्मक एवं विद्यार्थी-केंद्रित प्रशिक्षण सत्र में विद्यार्थियों ने वित्तीय प्रबंधन से जुड़े सवाल पूछे और विशेषज्ञ से उनके व्यावहारिक समाधान जाने। इसके बाद सेबी इन्वेस्टर अवेयरनेस टेस्ट का आयोजन किया गया। परीक्षा में सफल प्रतिभागियों को सेबी इन्वेस्टर अवेयरनेस सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य डॉ. बी. के. सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ वित्तीय साक्षरता भी बेहद जरूरी है। विद्यार्थियों को अपनी आय, बचत और निवेश के संबंध में जागरूक रहते हुए भविष्य के लिए सोच-समझकर और जिम्मेदारी के साथ वित्तीय निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों को केवल निवेश की जानकारी ही नहीं देते, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से जिम्मेदार और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी प्रेरित करते हैं। प्राचार्य ने उपयोगी कार्यक्रम के आयोजन के लिए आइआइएम बोधगया का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का सफल समन्वय माजिद हुसैन, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट पदाधिकारी, राजकीय पॉलिटेक्निक औरंगाबाद ने आइआइएम बोधगया के सहयोग से किया। आयोजन को सफल बनाने में प्राचार्य डॉ. बी. के. सिंह के मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन के साथ संस्थान के सभी संकाय सदस्यों का सक्रिय सहयोग एवं समर्पित प्रयास रहा।

# नशे के कारोबार पर नकेल, ब्राउन शुगर के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दाउदनगर।** मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत दाउदनगर थाना पुलिस को एक सफलता मिली है। वाहन जांच के क्रम में पुलिस ने 14.79 ग्राम ब्राउण सुगर के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान थाना क्षेत्र के बिरई निवासी छोटु कुमार, नालबंद टोली निवासी चंदन कुमार एवं पिराही बाग निवासी मो. सोहेल अहमद के रूप में की गई है। इसके पास से ब्राउन सुगर के अलावा एक बाइक, 515 रूपया नकद एवं तीन मोबाइल बरामद किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा के निर्देशन में की गई जिसमें दाउदनगर थाना अंतर्गत शहीद प्रमोद सिंह चौक के पास सघन वाहन जांच के क्रम में नासरीगंज की तरफ से एक बाइक पर आ रहे तीन व्यक्तियों को रोककर तलाशी ली गई तो इनके पास से ब्राउण सुगर बरामद किया गया। इसके बाद तीनों को विधिवत गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार आरोपियों ने अपना-अपना अपराध स्वीकार किया। दाउदनगर थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि पुलिस ने तीनों आरोपितों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई के बाद सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। साथ ही तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नशे के कारोबार के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।



# जंगल में छिपाकर रखे थे अवैध हथियार, सर्च ऑपरेशन में खुला बड़ा राज

**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के कंचनपुर थाना क्षेत्र के जंगली एवं पहाड़ी इलाके में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान एसटीएफ गया जी और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षा बलों ने कंचनपुर गांव के बगल बगीचा की तरफ़ जंगल एवं पहाड़ी क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चलाकर छिपाकर रखी गई एक देसी कार्बाइन, एक मैगज़ीन एवं स्लाइड व स्प्रिंग बरामद की है। जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में हथियारों का जखीरा छिपाकर रखे जाने की गुप्त सूचना सुरक्षा बलों को मिली थी। सूचना मिलते ही एसटीएफ गया जी ने कंचनपुर पुलिस के साथ संयुक्त अभियान शुरू किया। जवानों ने संदिग्ध इलाके की घेराबंदी कर जंगल और पहाड़ी क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान जंगल में छिपाकर रखी गई एक देसी कार्बाइन, मैगज़ीन एवं स्लाइड व स्प्रिंग बरामद हुई। हथियार मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने आसपास के इलाकों में भी सर्च अभियान चलाया। हालांकि, इस बीच किसी व्यक्ति के गिरफ्तारी की सूचना नहीं है। बरामद हथियार को जब्त कर पुलिस आगे की जांच में जुट गई है। सुरक्षा बल अब बरामद देसी कार्बाइन के स्रोत और इसे जंगल में छिपाकर रखने वाले लोगों की पहचान करने में जुटे हैं। बताया गया है कि यह संयुक्त कार्रवाई पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा और एसटीएफ गया जी के नेतृत्व में अंजाम दी गई। सुरक्षा बलों की इस कार्रवाई से नक्सल प्रभावित पहाड़ी और जंगली इलाके में सक्रिय संदिग्ध तत्वों के बीच हड़कंप मच गया है।

# 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत निकाली गई तिरंगा यात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत जिले के सभी प्रखंडों में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा में विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं कर्मियों सहित बड़ी संख्या में आमजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर लोगों ने देशभक्ति के नारों एवं 'वंदे मातरम्' के जयघोष के साथ तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा के माध्यम से आमजनों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान, राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं देशभक्ति की भावना के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही, प्रत्येक नागरिक को अपने घर पर तिरंगा फहराने तथा 'हर घर तिरंगा' अभियान में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया गया। जिले के विभिन्न प्रखंड मुख्यालयों एवं प्रमुख क्षेत्रों में निकाली गई तिरंगा यात्रा से पूरे वातावरण में राष्ट्रप्रेम एवं देशभक्ति का संचार हुआ। यात्रा में शामिल लोगों ने राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए स्वतंत्रता दिवस को उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाने तथा 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। जिला प्रशासन द्वारा जिलेवासियों से अपील की गई कि वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों, प्रतिष्ठानों एवं संस्थानों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराकर अभियान में सहभागी बनें और राष्ट्रीय एकता एवं देशभक्ति की भावना को और सुदृढ़ करें।

